Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 15 अंक 66
लखनऊ, सोमवार, 23 दिसम्बर 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ, नगर संस्करण

# पायनियर

Established 1865

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी



# आईओसी ने रिश्वत मामले में शुरू की आंतरिक जांच

**जे गोपीकृष्णन।** नई दिल्ली




**'द पायनियर'** द्वारा अमेरिकी फर्मों द्वारा हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और रेलवे सहित विदेशों में रिश्वतखोरी के लिए 300 प्रतिशत से अधिक का जुर्माना भरने की खबर का खुलासा किए जाने के बाद, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने फाइलिंग में जांच के लिए एक विनियामक समिति की घोषणा की।

तेल रिफाइनरियों के संचालन में उपयोग किए जाने वाले उत्प्रेरकों को विकसित और बेचने वाली वैश्विक विशेष रसायन आपूर्तिकर्ता अल्बेमर्ले कॉर्पोरेशन को अमेरिकी न्याय विभाग ने आईओसी और इंडोनेशिया और वियतनाम की रिफाइनरियों के अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप में पकड़ा था। 28 सितंबर, 2023 को अमेरिकी न्याय विभाग के आदेश के अनुसार, अल्बेमर्ले कॉर्पोरेशन ने भारतीय तेल निगम के व्यवसाय से संबंधित भारत की मध्यस्थ कंपनी को लगभग 1.14 मिलियन (11.4 लाख ) अमेरिकी डॉलर का कमीशन दिया और लगभग 2009 और 2011 के बीच उस व्यवसाय पर लगभग 11.14 मिलियन (111.4 लाख) अमेरिकी डॉलर का लाभ प्राप्त किया।

अल्बेमर्ले को 2017 में अमेरिकी अधिकारियों ने रिश्वतखोरी के लिए पकड़ा था और फिर अभियोजन से बचने के लिए सितंबर 2023 में 198 मिलियन (1980 लाख) अमेरिकी डॉलर से अधिक का भारी जुर्माना देकर मामले का निपटारा कर लिया। 20 दिसंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को दी गई फाइलिंग में, आईओसी ने कहा कि वह अमेरिकी अधिकारियों की कार्यवाही के संबंध में कंपनी के खिलाफ न तो कोई पक्ष है और न ही कोई आरोप है। आईओसी ने कहा, हालांकि, कंपनी ने इस घटना के संबंध में एक आंतरिक तथ्य-खोज समीक्षा शुरू की है, जो कथित तौर पर 2009 में हुई थी ताकि इन आरोपों से जुड़े तथ्यों को अच्छी तरह से समझा जा सके और उठाए जाने वाले उचित कदमों का निर्धारण किया जा सके। राज्य के स्वामित्व वाली फर्म ने कहा कि उसने हमेशा अपने आरोपों को सही ठहराया है और अपने परिचालन के सभी अधिकार क्षेत्र में शासन, पारदर्शिता और नियामक अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध है। भारत की सबसे बड़ी तेल कंपनी ने फाइलिंग में कहा, हम अपने हितधारकों, भागीदारों और कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि हम एक कानून का पालन करने वाली कंपनी हैं, जो सभी कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करती है। द पायनियर ने 16 दिसंबर को बताया था कि अमेरिकी न्याय विभाग के 28 सितंबर, 2023 के आदेश में कहा गया है कि अल्बेमर्ले कॉर्पोरेशन ने भ्रष्ट आचरण और 63.5 मिलियन (635 लाख) डॉलर से अधिक की रिश्वत देकर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और इंडोनेशिया और वियतनाम की कंपनियों में बड़े अनुबंध हासिल किए। अल्बेमर्ले दुनिया भर में 700 से अधिक रिफाइनरियों को रिफाइनिंग सॉल्यूशंस की आपूर्ति कर रहा है और 2009 से 2017 तक इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के साथ काम किया। 46 पेज के आदेश में कहा गया है कि अल्बेमर्ले ने 2009 में इसे हॉलिडे लिस्ट से हटाने के लिए आईओसी अधिकारियों को रिश्वत देना शुरू किया। आदेश में कहा गया है, अल्बेमर्ले ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कारोबार से संबंधित भारत की मध्यस्थ कंपनी को लगभग 1.14 मिलियन (14 लाख) डॉलर का कमीशन दिया और 2009 से 2011 के बीच उस कारोबार से लगभग 11.14 मिलियन (111.4लाख) डॉलर का मुनाफा प्राप्त किया। अल्बेमर्ले को 2017 में अमेरिकी अधिकारियों ने 63.5 मिलियन (635 लाख) डॉलर की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था और फिर अभियोजन से बचने के लिए सितंबर 2023 में 198 मिलियन (1980 लाख) डॉलर से अधिक का भारी जुर्माना भरकर मामला सुलझा लिया था। हालांकि, आदेश में निजी रिफाइनरी का नाम नहीं बताया गया है। द पायनियर ने यह भी जानकारी दी थी कि एक अन्य अमेरिकी फर्म मूग इंक को 2020 में एचएएल और भारतीय रेलवे में रिश्वत देने के लिए अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) द्वारा पकड़ा गया था। 11 अक्टूबर 2024 के आठ पेज के आदेश के अनुसार, मूग इंक ने एचएएल और रेलवे में अनुबंध प्राप्त करने के लिए रिश्वत के रूप में 5,00,000 डॉलर से अधिक का भुगतान किया और अभियोजन से बचने के लिए अमेरिकी ट्रेजरी को 1.68 मिलियन (16.8 लाख) डॉलर का जुर्माना दिया। आईटी दिग्गज ओरेकल ने भी सितंबर 2022 में 23 मिलियन (230 लाख) डॉलर का जुर्माना भरा, जब उसे अनुबंध हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे, यूएई और तुर्की में 6.8 मिलियन डॉलर की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।



# महिला सम्मान व संजीवनी योजना का पंजीकरण आज से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विधानसभा** चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजयोजक अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं और बुजुर्गों को रिझाने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि और 60 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया है। दोनों योजनाएं के लिए पंजीकरण 23 दिसंबर से शुरू होगा। इस योजना के तहत 18 साल से अधिक उम्र की महिलाएं 2100 रुपए प्रतिमाह लेने के लिए मुख्यमंत्री महिला सम्मान राशि और 60 साल से अधिक उम्र के सभी बुजुर्ग संजीवनी योजना के तहत निजी या सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज कराने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। पंजीकरण कराने के लिए किसी को कहीं जाने की जरूरत नहीं है, बल्कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर दोनों योजनाओं के लिए रजिस्ट्रेशन कराएंगे।

इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को दिल्ली का मतदाता होना अनिवार्य है। अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री आतिशी ने इन योजनाओं का उद्घाटन किया है। सोमवार को खुद अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सीएम आतिशी अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरेंगे।

अरविंद केजरीवाल ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह माताएं-बहनें कितनी मेहनत करती हैं। अपना घर संभालती हैं। सुबह 4 बजे से रात को 10-11 बजे तक मेहनत करती हैं। बच्चे जो देश का भविष्य हैं, उनको अच्छे संस्कार देकर पालती हैं। उनमें से कई माताएं-बहने बाहर जाकर नौकरी भी करती हैं। उनकी सुविधा के लिए ऐलान किया था कि हम लोग 2100 रुपए हर महीने उनके खाते में डलवाएंगे। ऐसी कई बेटियां हैं, जिनका 12वीं के बाद कॉलेज छूट जाता है। हमारी सरकार ने 12वीं तक शिक्षा मुफ्त की है लेकिन पैसों की कमी के कारण उनका कॉलेज छूट जाता है। इस 2100 रुपए उनकी पढ़ाई पूरी होने में मदद मिलेगी। उन्हें आगे उच्च शिक्षा में भी मदद मिलेगी। जो गृहणियां हैं, उन्हें 2100 रुपए से अपने घर का खर्चा चलाने में मदद मिलेगी। (शेष पृष्ठ 9)

# अंधेरे में जंगल में फंसे यूपी के 100 से अधिक छात्र

**पायनियर समाचार सेवा।** बहराइच

**उत्तर प्रदेश** के कतर्नियाघाट के घने जंगलों में शैक्षणिक टूर से लौटते समय 100 से अधिक छात्र और उनके साथ गए स्कूल स्टाफ शाम को घंटों तक फंसे रहे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14-18 वर्ष की आयु के इन बच्चों को खुले आसमान के नीचे कड़ाके की ठंड में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्हें न तो भोजन दिया गया, न ही पानी और न ही ठंड के हिसाब से उपयुक्त कपड़े दिए गए। स्कूल प्रशासन ने स्थानीय लोगों के बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की चेतावनी को भी नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने बताया कि कुल 155 लोग थे, जिनमें 130 बच्चे थे। जिला प्रशासन के अनुसार, गोंडा जिले का यह समूह धानेपुर में न्यू स्टैंडर्ड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित शैक्षणिक टूर पर गया था। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता जंग हिंदुस्तानी के अनुसार, समूह ने पहले रुपैडिहा सीमा पार कर नेपाल जाने का प्रयास किया, लेकिन सीमा नियमों के कारण उन्हें रोक दिया गया। नेपाल में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलने के बाद, प्रबंधकों ने बसों को कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य की ओर मोड़ दिया, जो घने जंगलों और तेंदुए, बाघ और हाथियों सहित खतरनाक वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। बसें अभयारण्य के अंदर अंबा गांव पहुंचने से पहले पांच वन चौकियों को पार किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों और अधिकारियों की चेतावनियों के बावजूद, स्कूल के कर्मचारियों ने यात्रा (शेष पृष्ठ 9)

## महाकुंभ की यात्रा



पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा के साधु, प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 से पहले महाकुंभ तक पहुंचने के लिए पेशवाई नामक एक धार्मिक जुलूस में भाग लेते हुए

# तिरुमाला मंदिर में तीर्थ सेवा के लिए लाएंगे एआई

**एजेंसी।** तिरुपति (आंध्र प्रदेश)

**तिरुमाला स्थित** श्री वेंकटेश्वर मंदिर में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल देखने के लिए मिल सकता है। मंदिर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए ऑटोमेशन और एआई चैटबॉट की शुरु करने पर विचार कर रहा है। इसका मकसद तीर्थयात्रियों की सेवाओं में परदर्शियता और दक्षता बढ़ाने में मदद मिलेगी। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने रविवार को बताया कि मौजूदा समय में तीर्थयात्रियों को आवास, दर्शन और अन्य सेवाओं के लिए मैनुअल प्रोसेस का पालन करना पड़ता है, जिसमें काफी समय लगता है। इस समस्या से निपटने के लिए टीटीडी मैन्युअल संचालन के बजाय स्वचालीत तकनीक पर पर विचार कर रहा है। हम तीर्थयात्रियों की सेवाओं के लिए एआई चैटबॉट की शुरुआत करने पर भी विचार कर रहे हैं। टीटीडी का मकसद तकनीक का सही इस्तेमाल करते हुए तीर्थयात्रियों के अनुभव को और बेहतर बनाना है, साथ ही साथ तिरुमाला की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पवित्रता को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना है। राव ने यह भी कहा कि मंदिर प्रशासन मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के पारंपरिक सौंदर्य और मॉडर्न फंक्शन के मिले-जुले नजरिए के तहत तिरुमाला के विकास की दिशा में काम कर रहा है। टीटीडी का 'विजन 2047' के तहत लक्ष्य है कि दुनिया के सबसे अमीर हिंदु मंदिर को दुनिया का सबसे आदर्श तीर्थस्थल बनाया जाए। इसके लिए मंदिर प्रशासन एनवायरेनमेंटल मैनेजमेंट, डेवलपमेंट और हेरिटेज कंजर्वेशन पर विशेष ध्यान देगा। यह कदम तिरुमाला को एक आदर्श तीर्थस्थल बनाने में मदद करेगा, जहां तीर्थयात्रियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी और मंदिर की पवित्रता भी बनी रहेगी।



# गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेगी दिल्ली की झांकी, आप ने की निंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**एक आश्चर्यजनक** बदलाव के साथ गणतंत्र दिवस परेड के लिए दिल्ली की झांकी के प्रस्ताव को विशेषज्ञ समिति ने खारिज कर दिया है। परेड के लिए झांकी चुनने के लिए जिम्मेदार समिति के अनुसार दिल्ली के प्रस्ताव में थीम, अवधारणा, डिजाइन और दृश्य प्रभाव की कमी को कारण बताते हुए इसे खारिज कर दिया। वहीं दिल्ली की झांकी खारिज होने की आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने निंदा की है। सूत्रों के अनुसार, विशेषज्ञ समिति ने परेड के लिए 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चुना था, लेकिन दिल्ली का प्रस्ताव समिति को प्रभावित करने में विफल रहा। अन्य दो केंद्र शासित प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप भी जगह बनाने में विफल रहे।

दूसरी ओर, पिछले साल की परेड से अनुपस्थित रहने वाले पंजाब और पश्चिम बंगाल ने इस साल वापसी की है। आम आदमी पार्टी (आप) ने पिछले साल परेड से पंजाब और दिल्ली के बहिष्कार को बड़ा मुद्दा बनाया था, और यह देखना बाकी है कि पार्टी इस साल दिल्ली के बहिष्कार पर क्या प्रतिक्रिया देती है। हर साल 26 जनवरी को आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है। परेड में विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियां शामिल होती हैं, जो उनकी अनूठी संस्कृति, इतिहास और उपलब्धियों को दर्शाती हैं। इस साल, 15 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश परेड में भाग लेंगे, जिनमें बिहार, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली, गोवा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 9)

# वसुंधरा का काफिला राजस्थान के पाली में दुर्घटनाग्रस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**राजस्थान की** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की वरिष्ठ नेता वसुंधरा राजे के काफिले की पुलिस गाड़ी पलटने से चार पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। राजस्थान के पाली जिले में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के



काफिले में शामिल पुलिस की एक गाड़ी एक बाइक को बचाने के फेर में पलट गई जिससे उसमें सवार तीन पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही राजे को मिली,वह घायलों के पास पहुंची और उन्हें एम्बुलेंस में बिठाकर राजकीय चिकित्सालय, बाली रवाना किया तथा उनके साथ बाली से विधायक पुष्पेंद्र सिंह को भेजा जहां पुलिस कर्मियों को प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे गई। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब राजे पूर्व मंत्री ओटाराम देवासी की मां के निधन पर शोक व्यक्त करने जा रही थीं। पाली के पुलिस अधीक्षक चूना राम जाट ने बताया, (शेष पृष्ठ 9)




# भारतीय महिला टीम ने यू19 टी20 एशिया कप जीता

**एजेंसी।** कुआलालंपुर/वडोदरा

**सलामी बल्लेबाज** जी तृषा के शानदार अर्धशतक तथा आयुषी शुक्ला, सोनम यादव और पुरणिका सिसोदिया की तिकड़ी ने बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने रविवार को यहां बांग्लादेश को 41 रन से हराकर पहले महिला अंडर-19 टी20 एशिया कप का खिताब जीता। तृषा ने 47 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 117 रन बनाए। इसके बाद भारतीय फिरकी गेंदगबाजों ने अपना जादू दिखाया और बांग्लादेश को 18.3 ओवर में 76 रन पर ढेर कर दिया। भारत की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी तृषा और कप्तान निक्की प्रसाद ने चौथे विकेट के लिए 41 रन की निभाई। वहीं भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज फरजाना इस्मिन के सामने संघर्ष करना पड़ा जिन्होंने चार विकेट झटके।

बांग्लादेश के सामने बड़ा लक्ष्य नहीं था और सातवें ओवर में उसका स्कोर दो विकेट पर 44 रन था लेकिन उसने अपने आखिरी आठ विकेट 32 रन के अंदर गंवा दिए। भारत की तरफ से आयुषी ने 17 रन देकर तीन, सोनम ने 13 रन देकर दो और पुरणिका ने 12 रन देकर दो विकेट लिए। भारत ने 20 ओवरों में 117/7 (जी त्रिशा 52; फरजाना इस्मिन 4/32) का कम रन बनाया, जबकि बांग्लादेश 18.3 ओवरों में 76 रन पर ऑल आउट हो गया (जुआरिया फिरदौस 22; आयुषी शुक्ला 3/17, सोनम यादव 2/13, परुनिका सिसोदिया ने 12 रन देकर दो विकेट लिए। उधर वडोदरा में, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना शानदार फॉर्म जारी जारी रखते हुए वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले वनडे में 91 रन बनाए। जिसकी बदोलत भारत ने रविवार को यहां एकदिवसीय मैच में नौ विकेट पर 314 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। शानदार लय में चल रही मंधाना की लगातार पांचवीं अर्धशतकीय पारी (टी20 और एकदिवसीय) है। उन्होंने 102 गेंद की पारी में 13 चौके लगाने के साथ अपना पदार्पण वनडे खेल रही प्रतिका रावल (69 में से 40) के साथ 110 रन की साझेदारी में ज्यादातर रन बनाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। मंधाना की शानदार पारी के बाद हरलीन देयोल (50 गेंद में 44 रन), हरमनप्रीत कौर (23 गेंद में 34 रन), रिचा घोष (12 गेंद में 26 रन) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद में 31 रन) ने तेजी से रन बनाए जिससे भारतीय टीम ने 300 रनों के आंकड़े को पार किया। भारतीय टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करने वाली शेफाली वर्मा के टीम से बाहर होने के बाद भारत ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर मंधाना का साथ देने के लिए कई खिलाड़ियों को आजमाया। इस क्रम में रविवार को दिल्ली की खिलाड़ी प्रतिका को मौका मिला। उन्होंने 57.97 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की।

इस 24 साल की खिलाड़ी को 10वें ओवर में जीवनदान भी मिला। वह उस समय तीन रन पर बल्लेबाजी कर रही थी। उन्होंने अपनी पारी के चारों चौके लेग साइड में जड़े। प्रतिका जहां तेजी से रन बनाने में संघर्ष कर रही थी वहीं दूसरे छोर से मंधाना ने अपने शानदार कवर ड्राइव और पुल शॉट से दर्शकों का मनोरंजन किया। भारतीय पारी ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के क्रीज पर आने के बाद रफ्तार पकड़ी। वह तीन चौके और एक छक्का लगाकर तेजी से रन जुटा रही थी लेकिन रिचा के (शेष पृष्ठ 9)

# लोन घोटाले का सरगना बिलाल लोन दिल्ली से गिरफ्तार

## ● सीआरपीएफ अफसरों को बनाया था निशाना

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**कई सालों** तक धोखे का जाल बुनने वाला और देश की सुरक्षा के लिए समर्पित जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में तैनात अर्धसैनिक बल के जवानों और अधिकारियों को अपनी ठगी का निशाना बनाने वाले 33 वर्षीय बिलाल अहमद लोन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोन ने इन जवानों को आसान बैंक लोन दिलाने का झूठा वादा करके इनका भरोसा जीतने के बाद उन्हे जाली दस्तावेजों और फर्जी सौदों के जरिए उन्हें धोखा देता था। हालांकि, दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को एक गुप्त ऑपरेशन चलाकर उसे जामा मस्जिद की भीड़भाड़ वाली गलियों में ट्रैक किया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) कर्मियों के नाम पर जारी किए गए आईसीआईसीआई बैंक के सात डेबिट कार्ड बरामद किए, साथ ही फर्जी दस्तावेज बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया। लैपटॉप, संचार के लिए इस्तेमाल किया गया मोबाइल, जाली मोहरें, जिनमें कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर बैंक और अन्य आधिकारिक एजेंसियों की मोहरें शामिल हैं और विभिन्न बैंकों के फर्जी दस्तावेज और



चेक बुक बरामद किया। जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग के जिला मजिस्ट्रेट ने 13 दिसंबर को एक आदेश में उसके खिलाफ एक हिरासत आदेश जारी किया था और इसे जम्मू और कश्मीर सरकार (गृह विभाग), नागरिक सचिवालय, जम्मू/श्रीनगर ने भी 17 दिसंबर को मंजूरी दी है। जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा का रहने वाला लोन अपनी योजनाओं के जरिए कई अधिकारियों को ठगता था और पैसे लेकर गायब होने से पहले उनके नाम पर ऋण प्राप्त करने के लिए उनका शोषण करता था। उसने खुद को ऋण सुविधाकर्ता के रूप में पेश किया और अर्ध-सैन्य कर्मियों को शिकार बनाया, जो वाहन खरीदने या व्यक्तिगत ऋण प्राप्त करना चाहते थे। पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने कहा, उसकी धोखाधड़ी की गतिविधियां कई वर्षों से चल रही थी, उसके खिलाफ जम्मू और कश्मीर के विभिन्न पुलिस थानों में उसके खिलाफ धोखाधड़ी के 14 मामले दर्ज हैं। अपराध शाखा को जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग पुलिस से दिल्ली में लोन के संभावित ठिकाने के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी जिसके बाद, 21 दिसंबर को, उपरोक्त टीम ने जामा मस्जिद क्षेत्र में और उसके आसपास एक जाल बिछाया और उसका पता लगाने के लिए एक अभियान शुरू किया। डीसीपी ने कहा, गहन तलाशी के बाद, टीम आखिरकार (शेष पृष्ठ 9)

# प्रत्येक समस्या का कराएंगे प्रभावी निस्तारण: योगी

## ● जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने कहा 'मकान दिलाएंगे, इलाज भी कराएंगे

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक.एक कर उनकी समस्याओं को सुना। ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्धए निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।



जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के मकान की समस्या बताई। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान की सुविधा दी जाएगी। सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति के पास पक्का मकान हो। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैंए प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इस दौरान सीएम ने यह निर्देश भी दिए कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड हैंए उन्हें इलाज में किसी तरह की दिक्कत न होने आए। साथ ही जो पात्र लोग किन्हीं कारणों से वंचित हैंए उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाएं। कुशीनगर की एक महिला ने गंभीर बीमारी के इलाज के लिए मदद का अनुरोध किया तो मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड होने के बाद यदि इलाज में किसी तरह की आर्थिक दिक्कत आएगी तो भी उसकी व्यवस्था करने में मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा यदि कोई दबंगए माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

# प्रदेश में पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का बेहतर ढंग से हो रहा क्रियान्वयन: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अधिक से अधिक इकाइयां लगाने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं और इस क्षेत्र में विभाग द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं।प्रधानमन्त्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन के तहत भारत सरकार द्वारा यूपी हेतु के लिए निर्धारित 14 इन्क्यूबेशन सेन्टरध्कॉमन फैसिलिटी सेन्टर की स्थापना कर दी गयी है जिनकी परियोजना लागत 47ण्00 करोड़ हैए जिसमें प्लाण्ट मशीनरी की आपूर्ति की जा रही हैए इसके माध्यम से लगभग 15000 महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु परोक्ष/अपरोक्ष रूप से लाभान्वित किया जायेगा।



उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 हजार स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं को कार्यशील पूंजी एवं छोटे औजारों की खरीद हेतु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य शहरी आजीविका मिशन को धनराशि रू0 30.00 करोड़ की धनराशि की लिमिट प्रदान की गयी है। योजनान्तर्गत पीएम एफएमई के एमआईएस वेब पोर्टल पर 46897 उद्यमियों का पंजीकरण कराया गया है।

पंजीकरण के सापेक्ष वेब पोर्टल पर अब तक 32176 आवेदन प्राप्त हुए और प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष बैंक द्वारा कुल 13933 परियोजनाओं हेतु ऋण स्वीकृत किया गया है।इस स्वीकृत इकाईयों को रूण् 3.10 लाख तक की अनुदान की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना के तहत लगभग 1500 करोड़ का निवेश हुआ है।और इस योजना के माध्यम से लगभग 01 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।

## आंबेडकर से जुड़ी शाह की टिप्पणी पर कांग्रेस कर रही स्वार्थ की राजनीति: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर रविवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले पर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, अमित शाह द्वारा संसद में परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अनादर किए जाने को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है, लेकिन बाबासाहेब उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूच्य हो कि मेरे आधार कार्ड (नंबर 857943477013) में गलती से मेरा बुलाने वाला नाम सुभाष चंद्र पुत्र कन्हैयालाल दर्ज हो गया है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में सही नाम नानबाबू मिश्रा पुत्र कन्हैयालाल दर्ज है। साथ ही सुभाष चंद्र व नामबाबू मिश्रा एक ही व्यक्ति के नाम हैं। नानबाबू मिश्रा, ग्राम बंजरिया, बिशुनपुर संगम, पोस्ट भटपुरवा, तहसील व जिला गोंडा।

**आवश्यकता है**

**श्री शंकर भगवान लॉ कालेज**
**मऊ-चित्रकूट (उ0प्र0)**
**सम्बद्ध-बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी**

**आवश्यकता है**

स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत स्नातक स्तर विधि संकाय के अन्तर्गत एल. एल. बी. त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य/विभागाध्यक्ष 01 पद एवं सहायक आचार्य विधि संकाय 09 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान-यू0जी0सी0 /विश्वविद्यालय/बार कौंसिल ऑफ इण्डिया के मानकानुसार।**

नोट-इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अन्दर समस्त शैक्षिक अभिलेखों सहित आवेदन करें।

**प्रबन्धक मो. 9455998743**

**सूचना**

**सार्वजनिक सूचना**

सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लि०, लखनऊ (एस०एम०एफ०जी०), के निर्देश के तहत, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनील कुमार पुत्र स्व० लल्लन कुमार, एक किता भवन जो भूखण्ड खसरा संख्या 379अ व 379ब के भाग पर निर्मित है, रकबा 1800 वर्गफीट, स्थित गनेशपुर रहमानपुर, लखनऊ के पूर्णतया स्वामी है जिसे आशीष कुमार बाजपेई से विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है जो दिनांकित 13.01.2023 जो कार्यालय उप निबन्धक तृतीय, लखनऊ में क्रमांक 300, बुक नंबर 1, जिल्द नंबर 15279, पृष्ठ 63 से 76 पर पंजीकृत है। विदित हो कि उपरोक्त सम्पति की हक श्रंखला में एक पूर्व विक्रय विलेख दिनांकित 06.10.2008 क्रमांक सं० 10865 से अवयस्क द्वारा बतौर संरक्षक निष्पादित किया गया था। जैसा कि श्री मनील कुमार उपरोक्त सम्पत्ति के एवज् में सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लि०, लखनऊ से ऋण लेना चाहते है। अतः किसी भी व्यक्ति को इस सम्पत्ति में किसी भी पूर्व अधिकार या ब्याज का दावा करने या किसी भी तरह से दावा करने या किसी व्यक्ति/बैंक/निगम/वित्तीय को उपरोक्त विलेख जमा करके ऋण उठाया है तो सार्वजनिक सूचना की तारीख से 7 दिनों के भीतर लिखित आपत्ति दे सकता है। इस नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी दावे पर विचार नही किया जाएगा और इस तरह के दावे का कानून की नजर में कोई मूल्य नहीं होगा, यह भी माना जाएगा कि सूमिटोमो मितसूई फॉईनेन्सियल ग्रुप, इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लि०, लखनऊ के साथ उपरोक्त सम्पत्ति को गिरवी रखने के लिए किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

विवेक श्रीवास्तव (एडवोकेट)
कार्यालय/निवासी- 3/40, वास्तु खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन: 9839485155

# भाजपा अटल की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष है। इस अवसर पर प्रदेश भर में अनेकों कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने बताया कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर को भाजपा पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर अटल जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करेगी। बूथ स्तर पर पार्टी के पदाधिकारीए कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर अटल की कविताओं का वाचन भी किया जाएगा। साथ ही अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता अटल की जयंती पर सुशासन यात्रा निकालेंगे। यात्रा के बाद चौपाल लगाकर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार और माननीय नरेन्द्र मोदी की सरकार की उपलब्धियों तथा लोककल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की चर्चा करेंगे।

जिला स्तर पर अटल जी के जीवन और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण और योगदान पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों में राज्य सरकार के मंत्रिगण, पार्टी के पदाधिकारी, लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष सदस्य, महापौर, पार्षद, नगर पालिका के अध्यक्ष, नगर पंचायत के अध्यक्षए ब्लॉक प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित अन्य प्रमुख नेता, पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

# मंत्री जयवीर व केपी मलिक ने अरूणाचल के मुख्यमंत्री को महाकुम्भ का दिया न्योता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ 2025 में पधारने के लिए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं वनए पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक ने अरूणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू को कुम्भ में आने का न्योता दिया। इन दोनों मंत्रियों ने शिष्टाचार भेंट में मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का यह विश्व स्तरीय धार्मिक समागम है। देश.दुनिया से लगभग 40 करोड़ लोग आस्था की डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं एवं आगन्तुकों के लिए उच्च स्तरीय व्यवस्था की गई है। उन्होंन यह भी बताया कि प्रयागराज में आयोजित इस महाकुम्भ भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं एकता का संदेश पूरे विश्व में पहुंचेगा। उत्तर प्रदेश अरूणाचल प्रदेशवासियों एवं अन्य महानुभावों का स्वागत करने के लिए तैयार है।

मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बीच पर्यटन और सांस्कृतिक आदान.प्रदान को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। दोनों राज्यों के बीच



टूरकृट्रेवेल आपरेटर्स और सांस्कृतिक कलाकारों के प्रतिनिधिमंडल भेजने पर भी सहमति बनी। उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश श्एक भारत श्रेष्ठ भारतश् अभियान के तहत साझेदार राज्य हैं। इन संबंधों को और प्रगाढ़ करने का संकल्प लिया गया।

इसके पहले प्रेस कांफ्रेंस और रोड शो का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने महाकुंभ के महात्म्य और इसके भव्य और दिव्य आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ष्भारतए वसुधैव कुटुंबकम और सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया के मूलमंत्र को चरितार्थ करता है। महाकुंभ.2025 विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम होने वाला है। 12 वर्ष बाद संगम नगरी प्रयागराज में योग आया हैए जिसका वैज्ञानिक कारण भी है। इस दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ में कई विश्व कीर्तिमान स्थापित होने जा रहे हैं। इस प्रकार देशकृविदेश से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाकर जीवन को धन्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के स्नान, ध्यान, भ्रमण, सुरक्षा और ठहरने की सर्वोत्तम व्यवस्था की जा रही है। कहा जाये तो यह डिजिटल महाकुम्भ है। भारत की सांस्कृति विविधता का संदेश भी है। दोनों मंत्री ने बताया कि बड़े पैमाने पर टेंट सिटी तैयार की जा रही है। जहां लोगों को योगा, वाइ फाई सहित अन्य सुविधाएं अत्याधुनिक मिलेंगी। महाकुंभ.2025 के अवसर पर प्रयागराज में हेलीकॉप्टर जॉयराइड की भी व्यवस्था होगी। वाटर स्पोर्ट्स एवं एडवेन्चर स्पोर्ट्स की सुविधाएं भी पर्यटकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। अयोध्याए काशी आदि स्थलों के भ्रमण के लिए पैकेज तैयार किए गए हैं। संस्कृति ग्रामए कलाग्राम बनाए जा रहे हैं। प्रयागराज के अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि महाकुंभ में डुबकी लगाना न केवल आत्मिक शुद्धि का प्रतीक हैए बल्कि यह हमारे समाज के विविध रंगों को एक सूत्र में पिरोता है। पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश की विशेष सचिव ईशा प्रिया ने पर्यटन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की भी जानकारी दी। इस दौरान अरुणाचल प्रदेश सरकार के विधायक और प्रवक्ता मुटचू मित्ती और पर्यटन विभाग अरुणाचल प्रदेश की विशेष सचिव रांगपोए निदेशक मंजूनाथ सहित कई महत्वपूर्ण लोगों की उपस्थिति रही।

# बच्चे की कस्टडी तय करने का अधिकार मानवाधिकार आयोग को नहीं: हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि प्रथम दृष्टया मानवाधिकार आयोग को बच्चों की कस्टडी के विवाद की सुनवाई करने का अधिकार नहीं है। अभी हाल ही में सेवानिवृत्त जज शारदा प्रसाद द्विवेदी की बेटी प्रीति की संदिग्ध हालत में हुई मौत के पश्चात उसके बच्चों की कस्टडी को लेकर उपजे विवाद में राज्य मानवाधिकार आयोग ने बच्चों को अपने समक्ष पेश करने का आदेश दिया था। पीठ ने आयोग के इस आदेश को प्रथम दृष्टया क्षेत्राधिकार से बाहर का बताते हुए कस्टडी पर सुनवाई करने से रोक दिया है।

जस्टिस राजन रॉय एवम जस्टिस बृजराज सिंह की पीठ ने यह आदेश प्रभा शंकर द्विवेदी व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर बहस करते हुए वकील गौरव मेहरोत्रा का कहना था कि यह मामला रिटायर्ड जज की बेटी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से जुड़ा है। जिसकी एफआईआर पीजीआई थाने में दर्ज हुई थी। इसके पश्चात मृतका के पति रवींद्र को जेल भेजा जा चुका है। रवींद्र और प्रीति के 11 व तीन वर्ष के बच्चे हैं। जो फ़िलहाल याचिकाकर्ता जो बच्चों के दादा हैं व उनके



परिवार के साथ रह रहे हैं। कहा गया कि 14 नवंबर और पांच दिसंबर 2024 को रिटायर्ड जज के प्रार्थना पत्र पर आयोग ने बच्चों को पेश करने का आदेश पारित किया। दलील दी गई कि बच्चों की कस्टडी के मामलों की सुनवाई गार्जियंस एंड वार्ड्स एक्ट तथा दूसरे प्राविधानों के तहत सक्षम न्यायालय में हो सकती है। लेकिन मानवाधिकार आयोग को इस प्रकार के विवाद पर सुनवाई का कोई अधिकार नहीं है। याचिका का रिटायर्ड जज के वकील अपूर्व तिवारी ने विरोध किया। उनका कहना था कि याचिकाकर्ता की कस्टडी में होने के कारण विवेचनाधिकारी बच्चों का बयान दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से इस पर कहा गया कि विवेचनाधिकारी कई बार उनके घर जांच के लिए आ चुके हैं और वह जब चाहें बच्चों का बयान ले सकते हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ कांग्रेस आंदोलन करेगी तेज

## ● कांशीराम कॉलोनी में चौपाल लगाकर दलित समाज के लोगों को दिलाया संकल्प

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में की गई टिप्पणियों के विरोध में कांग्रेस ने उनके इस्तीफे की मांग को और अधिक मजबूती से उठाने का निर्णय लिया है। आज इसी क्रम में कांग्रेसजनों द्वारा लखनऊ चिनहट स्थित कांशीराम कॉलोनी में चौपाल लगाकर दलित समाज के लोगों को भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए उन्हें संविधान की रक्षा के लिए संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन एड. विनोद शास्त्री जी ने किया।



कार्यक्रम का आरंभ महात्मा बुद्ध एवं भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराम अम्बेड्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने समाज के दलित, वंचित, पिछड़े लोगों के हकए न्याय और सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी। बाबा साहब ने समाज के दलित एवं शोषित वर्ग को बराबरी का हक दिलाने के लिए संविधान की रचना की जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्गों के लोगों को बराबरी का हक मिला। मगर दुर्भाग्य देखिए सत्ता के लालच में, वर्तमान समय में सत्ता पर काबिज भाजपा देश के लोकतंत्र एवं संविधान को समाप्त करने की साजिश रच रही है। लेकिन हमें अब अपने देश और संविधान की रक्षा के लिए खड़े होना होगा।

आज मनुस्मृति को मानने वाले तथा संविधान के अनुरूप चलने वालों के लिए संघर्ष का समय है। सिंह ने कहा कि संविधान से प्राप्त समानता आजादी के खिलाफ वर्चस्ववादी शक्तियों के बीच लड़ाई है। यह लोकतांत्रिक ताकतों और प्रतिक्रियावादी ताकतों की लड़ाई है। संसद में बाबा साहब को अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और उन्हें माफी मांगीन पड़ेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के निवर्तमान अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठीए प्रो. आरबी बौद्ध, देवेन्द्र चौहान, प्रभाकर मिश्रा, डॉ. संदीप पटेल, सुधीर कुमार चौधरी, रणधीर सिंह, रामपाल यादव, डॉ. दयाराम, हर्षवर्धन, बिन्दु शास्त्री, इमरान खान, श्रीप्रकाश यादव, राम आसरे यादव, अच्छे लाल सहित भारी संख्या में लोग में मौजूद रहे।

# अभियुक्त को राहत देने से इंकार

## ● कासगंज का चंदन हत्याकांड

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** वर्ष 2018 में कासगंज में तिरंगा यात्रा के दौरान हुए चंदन हत्याकांड मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अभियुक्त की ओर से दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका के जरिए एनआईए कोर्ट में चल रहे ट्रायल को चुनौती दी गई थी। पीठ ने पूर्व में इस मामले के ट्रायल पर अंतरिम रोक लगाई थी। अब याचिका खारिज होने के बाद ट्रायल की कार्यवाही आगे बढ़ेगी। जस्टिस राजीव सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश अभियुक्त नसीम जावेद की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। इसकी ओर से वरिष्ठ वकील सतीश चंद्र मिश्रा ने बहस की थी। उनका तर्क था कि सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह से संबंधित आईपीसी की धारा 124ए के तहत आरोप तय करने पर एसजी वोम्बटकेरे के मामले में दिए गए अपने फैसले के तहत रोक लगा चुकी है। इस फैसले में यह भी कहा गया है कि जिन मामलों में 124ए के तहत आरोप तय कर दिए गए हैंए उन पर भी रोक रहेगी। बावजूद इसके वर्तमान मामले में 124ए के तहत भी ट्रायल चल रहा है तथा अंतिम सुनवाई होने जा रही है। उनका यह भी कहना था कि स्वयं राज्य सरकार की अधिसूचना के तहत एनआईए एक्ट के तहत तीसरे सबसे वरिष्ठ अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष ही मुकदमा चलाया जा सकता है। जबकि इस मुकदमे का ट्रायल जिस अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष चलाया जा रहा है वह वरिष्ठता क्रमांक में छठे नंबर पर हैं। एकल पीठ ने अपने विस्तृत निर्णय में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने वोम्बटकेरे मामले में यह स्पष्ट किया था कि 124ए के साथ.साथ यदि अन्य प्रावधानों के तहत ट्रायल चल रहा है तो यह चलता रहेगा। 124ए में ट्रायल की कार्यवाही नहीं होगी। पीठ ने विचारण न्यायाधीश की वरिष्ठता के सम्बंध में न्यायालय ने कि वर्तमान ट्रायल जिस अपर सत्र न्यायाधीश के यहां चल रहा हैए वह वरिष्ठता क्रम में छठे स्थान पर तो हैं लेकिन उनसे वरिष्ठ दूसरे न्यायाधीश अलग.अलग अदालतों के विशेष न्यायाधीश हैं।

# श्रृंगवेरपुर में भव्य कॉरिडोर व निषादराज पार्क बन रहा आकर्षण का केन्द्र

**लखनऊ/ महाकुम्भनगर।** प्रयागराज सनातन संस्कृति की प्राचीनतम नगरियों में से एक है। प्रयागराज की महत्ता और प्राचीनता का विवरण हमें ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायणए महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन मतावलंबियों के आराध्य प्रभु श्रीराम के जीवन और वनवास प्रसंग से प्रयागराज का विशेष संबंध है। रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुरधाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी और वहां से भरद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे थे। श्रृंगी ऋषि की तपस्थली होने कारण ही यह क्षेत्र श्रृंगवेरपुर कहलाता हैए महाकुम्भ 2025 में सीएम योगी के मार्गदर्शन में श्रृंगवेरपुर में भव्य कॉरिडोर, विशाल प्रतिमा और निषादराज पार्क का निर्माण हुआ है।



श्रृंगवेरपुर धाम और प्रभु श्रीराम का संबंध उनके जन्म के भी पहले का है। रामायण में वर्णन आता है कि पुत्रकामेष्टी यज्ञ के लिए राजा दशरथ ने वशिष्ठ मुनि के कहने पर श्रृंगी ऋषि को अयोध्या बुलाया था। श्रृंगी ऋषि के यज्ञ फल से ही राजा दशरथ को रामए लक्ष्मणए भरत और शत्रुघन के रूप में चार पुत्रों की प्राप्ति हुई थी। ऋषि विभाण्डक के पुत्र श्रृंगी ऋषि की तपस्थली होने के कारण गंगा तट का यह क्षेत्र श्रृंगवेरपुर कहलाता है। रामायण की कथा में वर्णित है कि प्रभु श्रीराम की बहन शांता का विवाह श्रृंगी ऋषि के साथ ही हुआ था। आज भी श्रृंगवेरपुर में श्रृंगी ऋषि और शांता मां का मंदिर हैए जहां श्रद्धालु संतान प्राप्ति की कामना और पूजन करते हैं।

श्रृंगवेरपुर धाम ही वह स्थान है जहां प्रभु श्रीराम का मिलन अपने बाल सखा निषादराज से हुआ था। बाल्मीकि रामायण और तुलसी कृत राम चरित मानस में वर्णन आता है कि जब प्रभु श्रीराम राजा दशरथ की आज्ञा का पालन कर वनवास के लिए अयोध्या से निकले थे तो सबसे पहले वो श्रृंगवेरपुर ही पहुंचे थे। यहां उनका मिलन अपने बाल सखा निषादराज से हुआ थाए जिनके कहने पर उन्होंने यहां एक रात्रि निवास भी किया था। केवटों का वह गांव आज भी रामचौरा के नाम से जाना जाता है। गंगा जी के तट के पास राम शयन आश्रम भी हैए मान्यता है प्रभु श्रीराम ने माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ यहां ही रात्रि निवास किया था। श्रृंगवेरपुर के घाट से ही निषादराज ने प्रभु श्रीराम को अपनी नौका में बैठा कर गंगा पार करवाई थी और भरद्वाज मुनि के आश्रम लेकर गये थे।

धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण श्रृंगवेरपुर धाम का मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने महाकुम्भ 2025 में सौंदर्यीकरण और भव्य कॉरिडोर का निर्माण करवाया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर लगभग 14 करोड़ रूपये की लागत से श्रृंगवेरपुर धाम में भव्य कॉरिडोर का निर्माण हुआ। प्रभु श्रीराम और उनके अनन्य मित्र निषादराज के मिलन की 52 फिट की प्रतिमा और पार्क का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रयागराज के पिछले दौरे में किया था। इसके साथ ही श्रृंगवेरपुर धाम में गंगा जी के तट पर संध्या और रामचौरा घाट तथा निषादराज पार्क में प्रभु श्रीराम के आगमन के दृश्यों के म्यूरल बनाये गये हैं। साथ ही पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए फैसिलिटी सेंटर और होम स्टे जैसी सुविधाएं भी चला रहा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 23 दिसम्बर 2024



# वाल पेंटिंग करने पर होगा मुकदमा दस हजार का देना होगा जुर्माना

● नगर निगम कार्यकारिणी में पुनरीक्षित बजट 40,3964.27 लाख रुपए का हुआ पास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शहर** के खूबसूरती बढ़ाने के लिए नगर निगम कार्यकारिणी में वाल पेंटिंग करने वालों पर कड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया गया है। इसके खिलाफ मुकदमा और 10 हजार रुपए का जुर्माना ठोंकने की व्यवस्था की गयी है। यही नही इसके लिए वार्ड में सुपरवाइज की नियुक्ति भी की जाएगी। विकास कार्य करने के लिए नगर निगम में पुनरीक्षित बजट 40,3964.27 लाख पेश किया गया, जिसे सदस्यों द्वारा पास कर दिया गया। रविवार को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में की।

शहर के सौंदर्य को बढ़ाने के लिए कई अहम निर्णय लिये गये। वॉल पेंटिंग करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और 10000 रुपए वसूली की जाएगी। इसके लिए वार्ड में सुपरवाइजर की नियुक्ति होगी। पेंटिंग मिलने पर नगर निगम जिम्मेदारी तय करेगा। 2024-25 के लिए नगर निगम का पुनरीक्षित बजट 40,3964.27 लाख रुपए रखा गया, जिसे सर्व सहमति से स्वीकार्य कर लिया गया। हाउस टैक्स का टारगेट 72760 लाख रुपए रखा गया। हाउस टैक्स बढ़ाने के लिए नगर निगम नई संपत्तियां को भी वसूली के दायरे में लाएगी। इसमें लखनऊ की करीब साढ़े तीन लाख प्रापर्टीज से टैक्स वसूलने की तैयारी है। टैक्स नहीं देने वालों को नगर निगम दिसंबर के अंत तक नोटिस भी भेजेगा। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि नगर निगम डिग्री कालेज में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूति लगाई जाएगी। जोन 4 में बने वेंडिंग जोन का उद्घाटन 26 दिसंबर को किया जाएगा। शहर के सभी जोन में 2-2 मॉडल वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। मार्च 2025 तक शहर में कहीं भी पानी की आपूर्ति की समस्याएं नहीं होंगी।

### 2010 से हाउस टैक्स रिवाईज नहीं हुआ

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शहर का हाउस का 2010 से रिवाइज नहीं किया गया है। जीआईएस सर्वे के आधार पर और मैनुअल रूप से मौजूद डेटा 6 लाख 78 हजार प्रापर्टीज से टैक्स लेने की तैयारी की जारही है। इसमें से अभी तक अधिकतम सवा चार लाख प्रापर्टीज से ही टैक्स पिछले साल तक आया था। गौशाला पर 15 करोड़ रुपए से बढ़कर 20 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है।

### बिजली घरों का टैक्स राज्य सरकार देगी

नगर निगम को बिजली घरों का टैक्स राज्य सरकार से मिलेगा। इस बार नगर निगम ने सभी बिजली घरों को चिन्हित कर उसका एस्टीमेट राज्य सरकार को भेज दिया है। इसस पहले एक तय अनुमानित टैक्स बिजली घरों से लिया जाता था। वहीं, रेलवे पर 216 करोड़ रुपए का सर्विस चार्ज नगर निगम का बकाया है।

### नैमिषारण्य भवन पर चार करोड़ रुपए बकाया

यूपी सरकार के नैमिषारण्य भवन का भी करीब 4 करोड़ रुपए नही दिया है। इसके साथ ही कई प्राइवेट कंपनियों की तरफ से भी बड़े स्तर पर टैक्स का भुगतान नहीं किया गया। कुत्तों का शत प्रतिशत लाइसेंस करवाने का लक्ष्य रखा गया है, जो लगभग एक करोड़ के करीब है।

### कार्यकारिणी में लिए गए फैसले

● लालबाग और कैसरबाग क्षेत्र में सड़क पर गाड़ी रिपेयरिंग करने वाले का चालान किया जाएगा। जोनल अधिकारी 1 को 15 ईटीएफ कर्मचारी दिए जाएंगे।

● गोमतीनगर और जानकीपुरम में टैक्स नहीं देने वाले 55 हजार से अधिक फ्लैट और कामर्शियल प्रापर्टी से टैक्स वसूला जाएगा।

● शहर मे लगने वाले छोटे- छोटे मेलों की पार्किंग व्यवस्था के भी टेंड निकाले जाएंगे।

● सड़क पर लगने वाले कार बाजार से टैक्स वसूल किया जाएगा। कार धुलाई करने वालों से भी टैक्स की वसूली होगी।

● कतकी मेला लगने से 2 महीने पहले अब टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

● पार्षदों को जनता का फोन उठानेके लिए निर्देशित किया गया

● नालों की सफाई व्यवस्था और वार्डों में झाड़ू लगाने का निरीक्षण किया जाएगा, गंदगी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

● अवैध ठेलिया को 15 जनवरी तक हटाया जाएगा। अवैध ठेलिया मिलने पर उस क्षेत्र के जोनल अधिकारी , जेडएसओ, एसएफआई के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

● जोनल अधिकारी अपने अपने जोन में अंतर्गत बड़े-बड़े होटलों के टैक्स की जांच कराकर कार्यवाही करेंगे, जिसकी रिपोर्ट जोनल अ धिकारी द्वारा अगले तीन सप्ताह में प्रस्तुत की जाएगी।

● हर जोन में 2-2 माडल वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया गया है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर दिव्य कला समागम का होगा आयोजन

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 23 से 25 दिसंबर 2024 तक शिदव्य कला समागमश् का आयोजन किया जाएगा। जिसका शुभारंभ प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री ;स्वतंत्र प्रभारद्ध नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में 23 दिसम्बर को कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत महाविद्यालय अयोध्या में करेंगे। दिव्य कला समागम के दौरान दिव्यांगजनों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हुए उनकी कलात्मकता और सृजनशीलता का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों की प्रदर्शनीए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे नृत्यए संगीतए रंगमंच और कवि सम्मेलनए रंगोली एवं पुस्तक गैलरी शामिल होंगी।

# पत्नी और बेटे के सामने ही लोहे की रॉड से पीटकर की गई थी रमेश की हत्या

● घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज लगा पुलिस के हाथ हत्याकांड की सच्चाई आई सामने

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**जबरौली** में पत्नी और बेटे के सामने ही पड़ोसी ने लोहे की रॉड से पीट पीटकर पति को मौत के घाट उतारा था। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज ने हत्यारोपी की सारी करतूत बेपर्दा कर दी है। मामले में एफआईआर दर्ज कर हत्यारोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। उधर रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव वापस गांव आने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। अफसरों ने न्याय दिलाने का भरोसा दिया तब जाकर शव का अंतिम संस्कार किया गया। मोहनलालगंज के जबरौली गांव में शनिवार की रात रमेश का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी रोशनी से विवाद हो गया। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। मासूम बेटा अंश दम्पत्ति को हाथापाई से रोक रहा था। इसी बीच पड़ोसी सोनू हाथ में लोहे की रॉड लेकर आ धमका और उसने ताबड़तोड़ वार कर रमेश को मरणासन्न कर दिया।

बेटे अंश ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण उस ओर दौड़े लेकिन आरोपी सोनू गुस्से में बड़बड़ाता हुआ वहां से भाग निकला। उधर ग्रामीण बेहोशी की हालत में रमेश को सीएचसी ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ अमर सिंह और एसीपी रजनीश वर्मा सूचना पाकर कुछ देर में ही मौके पर पहुंच गए। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल का सीसीटीवी फुटेज मिल गया जिसने हत्याकांड की सारी हकीकत बेपर्दा कर दी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद रमेश का शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने आर्थिक मदद और जमीन का मालिकाना हक बच्चों के नाम किए जाने की मांग लेकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया।

पुलिस अधिकारियों ने हरसंभव मदद की बात लिखकर दी। तब जाकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया। उधर मामले में मृतक के भाई रामनरेश ने आरोपी सोनू और उसके पिता सुर्जबली और साथी मोहित पर आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया हत्यारोपी सोनू को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीने बेचने पर डीएम ने एसडीएम सरोजनीनगर को जांच का दिया आदेश



**लखनऊ।** सरोजनीनगर में संपूर्ण समाधान दिवस में जैतीखेड़ा गांव मेंसरकारी जमीन बेचने की शिकायत पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ा एक्शन लिया गया। जिलाधिकारी द्वारा एसडीएम सरोजनीनगर को जांच का आदेश दिया गया। डीएम द्वारा जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में देने का निर्देश दिया गया। वहीं समाधान दिवस के दौरान कुल 562 शिकायतें आईं, जिनमें से 144 का समाधान तत्काल किया गया।

सरोजनीनगर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक नई विवाद की चिंगारी सुलगी, जब जैतीखेड़ा गांव में सरकारी जमीन बेचने की शिकायत सामने आई। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने तत्काल संज्ञान लिया और मामले की जांच के लिए एसडीएम सरोजनीनगर को जिम्मा सौंपते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी। इस बीचए डीएम की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 150 शिकायतों में से 57 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के दौरान कुल 562 शिकायतें आईं, जिनमें से 144 का समाधान तत्काल किया गया।

वहीं, कुछ शिकायतें गंभीर थीं, जैसे सरकारी भूमि की बिक्री और दाखिल.खारिज के मामलों में अनियमितताओं को लेकर वकीलों ने भी अधिकारियों पर पक्षपात का आरोप लगाया। सरोजनीनगर तहसील बार असोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने इस मुद्दे को उठाया और अधिकारियों पर कृषि भूमि को आवासीय में बदलने में धांधली करने का आरोप लगाया। साथ ही, उन्होंने तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय को शिफ्ट करने की मांग भी की। डीएम सूर्यपाल गंगवार ने इन मामलों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीएम सरोजनीनगर को जांच के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों की रिपोर्ट मांगी। जिलाधिकारी का कहना था। हम सभी शिकायतों को गंभीरता से ले रहे हैं और सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी शिकायत का निवारण समयबद्ध तरीके से हो।

## केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आएंगे लखनऊ

**लखनऊ।** सांसद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 23 दिसंबर शाम को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी सोमवार अपराह्न 03:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। रक्षा मंत्री अगले दिन 24 दिसंबर मंगलवार को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशती के उपलक्ष में प्रात: 11 बजे केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अटल युवा महाकुंभ में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 12:30 बजे कैंट दिलकुशा लॉन में आयोजित अटल स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ करेंगे। शाम 5:30 बजे अटल कन्वेंशन सेंटर चौक मे श्रद्धेय अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित काव्य पाठ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। 25 दिसंबर बुधवार को प्रात: 10.45 पर लोकभवन हजरतगंज में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उसके बाद लोक भवन में ही 11.00 से आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### शक्तिपीठ सत्य मंदिर में वार्षिक समारोह आयोजित

**लखनऊ।** सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर इंदिरा नगर लखनऊ में भगवान के 'ऊँ रूप दर्शन' का वार्षिक समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। समारोह में आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम एवं योगीराज अभिनव महाराज की उपस्थिति ने भक्तजनों में नई ऊर्जा का प्रवाह



समाहित कर दिया। आध्यात्मिक गुरु मां पूनम जी एवं योगीराज के प्रवचन से भक्तजनों ने आध्यात्मिक प्रश्न एवं जिज्ञासाओं समाधान पाया। आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम ने बताया कि आज के समाज में मनुष्यों के कष्टों को और संघर्षों का मुख्य कारण है कि उसने अपने आप को अलग.अलग जाति और धर्म की जंजीरों में बांध रखा है जिनसे वह मुक्त होना ही नहीं चाहता हैए जबकि भगवान के अनुसार जाति है इंसान की, धर्म है मानवता का। प्रवचन के उपरांत श्री कृष्णाचेतनावतार देवी मां द्वारा लिखित दिव्य भजन हुए एवं महाआरती व प्रसाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सुरक्षा व्यवस्था, जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस की मदद से मिला खोया पर्स

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो की सतर्क सुरक्षा व्यवस्था और स्टेशन परिसरों एवं ट्रेनों में लगे अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरों की सहायता से यात्रियों का खोया हुआ सामान सही हाथों तक शीघ्रता से लौटाया जा रहा है। लखनऊ मेट्रो ने एक बार फिर महिला यात्री का खोया पर्स जीपीएस. ट्रैकिंग सिस्टम और सीसीटीवी की मदद से उन्हें सुरक्षित वापस लौटाया। दरअसल कल 21 दिसंबर को महिला यात्री रसिका गुप्ता का पर्स सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से आईटी कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक यात्रा के दौरान ट्रेन की सीट पर छूट गया। पर्स में 2000 रुपये, चार्जर, पासपोर्ट एवं अन्य जरूरी कागज मौजूद थे। ट्रेन में महिला के बगल बैठे एक यात्री को पर्स मिला जिसे वो अपने साथ ले गए। महिला यात्री ने अपने पर्स में जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगा रखी थी जिससे वो लगातार अपना पर्स ट्रैक करने की कोशिश कर रही थी। जीपीएस की मदद से उन्हें पता चला की उनका पर्स बाराबंकी की दिशा में जा रहा है। जिसके बाद इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन जहां से अधिकांश लोग बाराबंकी की तरफ जाते हैं उसका सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग से पता चला की जिस यात्री के पास पर्स है वो इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन पर ही उतरा है। पुलिस ने सीसीटीवी से पहचाने चेहरे और जीपीएस से प्राप्त स्थान पर यात्री की तलाशी की।

### पर्यटकों को यादगार अनुभव देकर विदा हुआ रेपर्टवा फेस्टिवल

**लखनऊ।** जनेश्वर मिश्र पार्क में पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित कला महोत्सव रेपर्टवा का रविवार को समापन हो गया। चार दिनों तक स्थानीय के साथ.साथ देश के विभिन्न कलाकारों को एक मंच मिला, जहां उन्होंने अपनी कला का जादू बिखेरा। साहित्य, व्यंग्य, थिएटर और संगीत क्षेत्र में महारथ रखने वालों ने अलग.अलग सत्रों में प्रस्तुति दी। पर्यटकों को यादगार अनुभव देकर रेपर्टवा फेस्टिवल विदा हो गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजन पर्यटकों को आनंद प्रदान करने के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करते हैं। चार दिवसीय आयोजन में एक तरफतरफजहां देश के नामचीन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया वहीं कश्मीर, उत्तराखंड आदि प्रदेशों के साथकृसाथ विभिन्न जनपदों के व्यवसायियों ने प्रसिद्ध सामग्रियों का स्टाल लगाया। पर्यटकों ने इन सामग्रियों की खरीदारी के साथ व्यंजन का लुत्फउठाया। सिंह ने बताया कि रेपर्टवा फेस्टिवल में प्रतिदिन के आयोजन को प्रमुखतः चार सत्रों में बांटा गया था। साहित्य, कॉमेडी, थियेटर और संगीत के सत्र में बड़ी संख्या में पर्यटकों ने हिस्सा लिया।

### आवासीय संस्कृत भाषा प्रशिक्षण शिविर समापन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा 13 दिसम्बर से रविर 22 दिसम्बर तक संचालित आवासीय संस्कृत भाषा प्रशिक्षण शिविर का समापन आज संस्थान के प्रेक्षागृह में किया गया। इस अवसर पर निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आवासीय संस्कृत भाषा प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य आम जनमानस में संस्कृत भाषा के प्रति रूचि पैदा करनाए संस्कृत भाषा को घर.घर की भाषा बनानाए व्यापक रूप से संस्कृत को आम बोल.चाल की भाषा के रूप में प्रचार.प्रसार करना तथा संस्कृत एवं संस्कृति के प्रति नवचेतना का संचार करना है।

### पीजीआई कार्यशाला में क्षेत्रीय एनेस्थीसिया की भूमिका पर जोर

**लखनऊ।** संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के एनेस्थिसियोलॉजी विभाग द्वारा आयोजि दो दिवसीय सीएमई एवं कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। वर्कशाप में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिनिधियों और संकाय सदस्यो ने भाग लिया। पीजीआई के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन, संस्थान के डीन डॉ. शालीन कुमार, एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ. प्रभात तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय धीराज और एपेक्स ट्रॉमा सेंटर के प्रमुख डॉ. अरुण श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभात तिवारी के स्वागत भाषण से हुई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना की गई।

### एलयू की टीम ने किया संपूर्णानंद संस्कृत विवि का दौरा, किया एमओयू

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने शनिवार को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय का भ्रमण कर पुस्तकालय और उसके परिसर का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आचार्यों और पुस्तकालय के अधिकारियों को लखनऊ विवि आने का न्योता भी दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के इस प्रतिनिधिमंडल ने हस्तलिखित पुस्तकालय भवन में पांडुलिपियां देखी और उनके प्रबंधन पर चर्चा की। 1623 की रखी शेक्सपियर कृत पुस्तक एवं भारत के संविधान की प्रति भी देखी। साथ ही कल्हण की राजतरंगिणी और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से 1866 से प्रकाशित पंडित पत्रिका पर चर्चा भी की। इसके साथ ही महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच शनिवार को शैक्षणिक समझौता हुआ।

## कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज ओल्ड ब्वॉयज ने क्रिकेट में दिखाया दमखम, जीती ट्राफी

**लखनऊ।** कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज में ओल्ड ब्वॉयज सप्ताह अंतर्गत रविवार छठे दिन कालेज के प्रांगण में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन कुमार कनौजिया (काल्विनियन) रीज़नल पीएफ कमिश्नर.1 को पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह कालेज के प्रबन्धक मनीषवर्धन सिंह द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। राजा आनन्द सिंह अध्यक्ष ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन, कुँ. मनीषवर्धन सिंह सचिव एवं प्रबन्धक, प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य कुँ. विनय कुमार सिंह, राय स्वरेश्वर बली, कुँ. ध्यानपाल सिंह, वासुधेन्द्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य आईएससी शाखा सच्चिदानंद सिंह, प्रधानाचार्या यूपी बोर्ड शाखा श्रीमती अनुपमा सिंहए हेड मिस्ट्रेस डॉ. संगीता चौहान, अनेक पूर्व अध्यापक एवं विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे।

कुँ. ध्यानपाल सिंह ने सिक्का उछाला व पहली गेंद खेलकर कार्यक्रम की शुरूआत की एवं छात्रों का उत्साहवर्धन किया। भूतपूर्व छात्रों में डॉ. असीम टिक्कू '(कप्तान), रवी कपूर, अरून टण्डन, राजेश्वर, गगन, परितोष, संदीप चौहान, हमीदुल्ला, कमलेश, योगेन्द्र, शरद, शोभित, राहुल वर्मा, अमर सिंह, तनवीर, अभय, विनीत, मोहित, अनुराग एवं वर्तमान छात्रों की टीम में . मो. अरहम



(कैप्टन), फरहज खान, अब्दुर रहीम, साद सिद्दीकी, मुस्तबा नोमान, सरफराज, आरूश, अहमद हुसैन, प्रत्यूष जैसवाल, अनमोल सिंह, साहिल अहम, देवराज सिंह, ऋश राठौर, उत्कृट, अभिमन्यू तिवारी, नैफ सैम्स थे। पुरातन छात्रों ने बड़े ही जोश व उमंग के साथ मैच खेला और इस मैच का आनन्द उठाया। पुरातन छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पर्याप्त रन बटोरे एवं वर्तमान छात्रों के छक्के छुडा दिए। इस मैच में पुरातन छात्र 145 रनों से विजयी रहे। कार्यक्रम के अन्त में डा. संगीता चौहान, हेडमिस्ट्रेस ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा आये हुए महमानों को दोपहर के भोज हेतु अंजुमन हाउस में निमन्त्रित किया।

## सोशल मीडिया पर छाया यूपी सीएम ऑफिस का 'एक्स हैंडल'

● छह मिलियन हुई फॉलोअर्स की संख्या

**लखनऊ।** यूपी की 25 करोड़ जनता के साथ ही देश में भी योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता दिनोदिन काफी तेजी से बढ़ रही है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण में योगी आदित्यनाथ काफी आगे रहते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनकी जबर्दस्त सक्रियता रहती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी फॉलोअर्स की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। रविवार को यह संख्या छह मिलियन (60 लाख) पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निजी एक्स अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या 30.9 मिलियन इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 13.1 मिलियन है। रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर फॉलोअर्स की संख्या छह मिलियन पहुंच गई है। योगी आदित्यनाथ के व्हाट्सऐप चैनल पर 35.36 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ.साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है। योगी आदित्यनाथ आमजन से संवाद के लिए जाने जाते हैं। वे किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में एक तरफबच्चों से मुखातिब होकर प्यार लुटाते हैं तो दूसरी तरफ जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याओं को उनके पास जाकर सुनते भी हैं और निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी करते हैं।

## सभी जनपदों में चलाएं टीबी उन्मूलन अभियान: मुख्य सचिव

**लखनऊ।** प्रदेश के 15 जिलों में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रहे100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव, मनोज कुमार सिंह ने कहा कि टीबी की स्क्रीनिंग बढ़ाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को टीबी के 10 लक्षणों के बारे में बताया जाये। टीबी रोगियों की पहचान होने पर उनका इलाज तुरंत शुरू करने, निक्षय पोषण योजना (एनपीवाई) में सुधार करने, जनपदों में जो निक्षय वाहन चलाये जा रहे हैं उनमें ट्रूनॉट मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। आशा द्वारा जांच की गई आबादी को टीबी के लक्षण, जाँच और उपचार सम्बन्धी जानकारी वाले हैंडबिल दिए जाएं। मुख्य सचिव ने अन्य 60 जनपदों में भी 100 दिवसीय टीबी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक इस अभियान के तहत 15 जनपद की कुल 27.31 लाख की उच्च जोखिम वाली जनसँख्या को अच्छादित किया गया। 1.04 लाख लोगों की टीबी के संभावित लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की गयी 7 जिनमें 1938 लोगों में टीबी की पुष्टि हुयी। जिसमे से 1590 लोगों का टीबी का इलाज शुरू कर दिया गया है। सर्वाधिक 238 टीबी के मरीज सीतापुर में, 235 रामपुर में, 184 बाराबंकी में 149 रायबरेली में और 143 हाथरस में मिले हैं। 3994 लोगों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जा रहा है।

### यह हैं उच्च जोखिम वाले समूह

60 साल से अधिक आयु वर्ग के लोग। 18.5 किग्रा/मी2 से कम बीएमआई वाली कुपोषित जनसँख्या। डायबिटीज रोगी एवं एचआईवी व्यक्ति। धूम्रपान एवं नशा करने वाले व्यक्ति। इलाज प्राप्त कर रहे टीबी रोगियों के साथ रहने वाले तथा - इलाज पूरा कर चुके व्यक्ति।

## मुगलों ने भारत की संस्कृति को छिन्न-भिन्न किया:बृजेश पाठक

● भाजपा 26 को मनाएगी वीर बाल दिवस

**लखनऊ।** भाजपा दसवें सिख गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के दो छोटे पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह की स्मृति में 26 दिसंबर को देशभर में वीर बाल दिवस मनाएगी। सिख समाज के बलिदान और धर्म की रक्षा के लिए सिख समाज और उनके गुरुओं के बलिदान और अनुकरणीय योगदान पर चर्चा के लिए लखनऊ महानगर कैसरबाग कार्यालय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा सहित सिख समाज के जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से प्रसिद्ध रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वीर बालकों और सिख समाज के गुरुओं की शहादत को नमन करते हुए कहा कि भारत के इतिहास पर अगर नजर डालें तो मुगलो ने भारत की संस्कृति को छिन्न.भिन्न करने का बहुत प्रयास किया गया। भारत की सांस्कृतिक



विरासत और परंपराओं को तोड़ने और धर्म को बदलने के लिए अत्याचार होते थे। उस समय सिख समाज ने समाज के संरक्षण और हमारी संस्कृति को बचाने के लिए अपने प्राणों की बाजी लगाई। मुगल आततायियों द्वारा गुरु गोविंद सिंह के छोटे-छोटे बच्चों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया और धर्म परिवर्तन के लिए जोर दिया गया लेकिन सिख समाज ने अपनी आंखों के सामने उनको काल के मुंह में जाते हुए देखा लेकिन धर्म परिवर्तन नहीं किया। मुगलों के अत्याचार के खिलाफसिखों के बलिदानों की आनेको गाथाएं हैं।

गुरु अर्जन देव के बलिदान से शुरू ही गाथा के बाद गुरु तेग बहादुर को डराने के लिए उनके सामने भाई मति दास को आरे से चीरा गया ए सती दास को जिंदा जलाया गया और दयाल दास को उबलते पानी में फेंका गया लेकिन गुरु तेग बहादुर सिंह ने इस्लाम धर्म नहीं अपनाया और औरंगजेब के हुक्म पर गुरुजी को चांदनी चौक पर लाकर तलवार से उनकी गर्दन को धड़ से अलग कर दिया गया। भारत माता पूरी दुनिया में अपनी संस्कृति के लिए विख्यात है। रिश्तों और परिवार की संस्कृति को बचाने में सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। इससे पूर्व भी बहुत सी सरकारें आई और गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी से पूर्व किसी ने नहीं सोचा कि सिख समाज के साहबजादे जो असमय काल के मुंह में गए और जिन्होंने अपनी संस्कृति की रक्षा कीए उनके मान सम्मान का किसी ने भी नहीं सोचा। सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी जी ने पूरी दुनिया को संदेश देने के लिए गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्वए वीर बाल दिवस घोषित किए। लखनऊ में खालसा चौक का निर्माण किया । गुरुद्वारे में निरंतर माथा टेक कर हम सब आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। भाजपा के अलावा अन्य किसी भी सरकार में ऐसे कार्य न हुए ना किसी ने सोचा। मैं सिख समाज के योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूं। आज हम अगर सीना ठोक कर रह रहे हैं तो सिख समाज और गुरुओं का महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने हंसते.हंसते अपने और परिजनों के प्राणों की बाजी लगा दी लेकिन भारत माता का झंडा नहीं झुकने दिया। आज के अवसर पर मैं सिख समाज और महात्माओं को दंडवत प्रणाम करते हुए वंदन करता हूं।

# महिला सम्मान व संजीवनी योजना आप का चुनावी जुमला: बांसुरी

## बोलीं, केजरीवाल बताएं- पंजाब में वर्ष 2022 से किसी महिला के खाते में पैसे क्यों नहीं गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संजीवनी और मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना पर तीखा हमला करतीं सांसद बांसुरी स्वराज अन्य भाजपा नेता।

प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना को लेकर आम आदमी पार्टी और पूर्व सीएम केजरीवाल पर हमला बोला है। नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि केजरीवाल ने 2100 रुपये प्रति माह महिलाओं के खाते में देने की बात कही है, उन्होने लोकसभा के चुनाव से पहले भी 1000 रूपये प्रतिमाह महिलाओं को देने की घोषणा की थी, फार्म भी भरवाये थे पर दिया एक रुपया भी नहीं। आप प्रमुख ने पंजाब में 2022 में भी इसी तरह की योजना की घोषणा की थी लेकिन आज दिसम्बर 2024 के अंत तक पंजाब के किसी भी बहन या महिला के खातों में पैसे नहीं आए। स्वराज ने कहा है कि केजरीवाल के लिए महिला सम्मान योजना एक चुनावी जुमला है।

बांसुरी स्वराज ने प्रदेश मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, दिल्ली की प्रवक्ता न्योमा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय मिश्रा की मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केजरीवाल ने आज झूठ का पुलिंदा फिर रखा है पर वह झूठ अब बासी हो गई है।

इसलिए दिल्ली के लोग अब इनके झांसे में नहीं आने वाले हैं। आप प्रमुख जवाब दें की उनके निजी सचिव ने उनके ही आवास में महिला सांसद स्वाति मालीवाल पर हाथ उठाया था पर उन्होंने उस पर चुप्पी बनाये रखी उस समय महिला सम्मान कहां था। केजरीवाल जवाब दें की आखिर क्यों उन्होंने महिला सांसद पर हाथ उठाने के दोषी अपने निजी सचिव का प्रमोशन कर उसे पंजाब सरकार का सलाहकार बना दिया। दिल्ली की महिलाएं अब केजरीवाल के छलावों को भलीभांति समझती है इसलिए अरविंद केजरीवाल बहनों को झूठ परोसना बंद करें।

स्वराज ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि आज तक केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान भारत योजना को अपनी राजनीतिक द्वेष से लागू नही होने दिए तो वह दिल्ली के बुजुर्गों के साथ कैसे न्याय करेंगे।

महिला सम्मान की ही तरह संजीवनी योजना भी सिर्फ एक चुनावी जुमला है क्योंकि जिस योजना में सारा खर्च केन्द्र सरकार को उठाना है और जो योजना देश के 33 राज्यों में लागू है यहां तक की पंजाब में केजरीवाल की सरकार है, वहां भी यह योजना लागू है तो फिर उसे दिल्ली में लागू क्यों नहीं किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि दिल्ली वालों को समझना होगा की पिछले 10 सालों से सरकार चला रहे केजरीवाल को अभी क्यों बुजुर्गों की याद आई। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार का बजट 7000 करोड़ रुपये के घाटे में है। इसलिए यह संजीवनी योजना सिर्फ एक छलावा है और वोट बैंक बनाने का तरीका है।

### सरकारी योजना है तो आप कार्यकर्ता क्यों करेंगे रजिस्ट्रेशन : बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आपत्ति जताई है कि महिला सम्मान राशि और संजीवनी योजना की घोषणा मुख्यमंत्री आतिशी की बजाय अरविंद केजरीवाल कैसे कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार से दोनों योजनाओं के लिए शुरू होने वाला पंजीकरण जनता के साथ धोखा है। अगर ये सरकारी योजनाएं हैं तो फिर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता इनका पंजीकरण कैसे कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन सरकारी तौर पर न होने का मतलब ही यही है कि जनता की आंखों में धूल झोंकी जा रही है। बिधूड़ी ने कहा कि महिलाओं को राशि देने के लिए इसी तरह का रजिस्ट्रेशन लोकसभा चुनावों से ठीक पहले भी किया गया था लेकिन चुनावों के बाद उस रजिस्ट्रेशन के फार्म कहां गए, केजरीवाल ने यह नहीं बताया। जाहिर है कि इस बार भी जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। केजरीवाल आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को रजिस्ट्रेशन के बहाने घर-घर भेज रहे हैं ताकि जनता को बेवकूफ बना सकें।

## सेंटा क्लॉज के मुखौटों से सजा बाजार, गिरिजाघरों में रोशनी



# आतिशी का रंगपुरी दौरा, समाधान का दिया भरोसा

- एलजी ने वीडियो जारी कर उजागर की थी समस्याएं, सीएम ने दिया धन्यवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री आतिशी रविवार को रंगपुरी पहाड़ी इलाके में जाकर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानी। यहाँ साफ-सफाई और नालियों के ओवरफ्लो और उफनते सीवर की समस्या को कुछ ही दिन में दूर करने का भरोसा दिया।

साथ ही सड़क और बिजली की समस्या का भी जल्द समाधान करने को कहा। आतिशी ने कहा कि कहा वह उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का भी धन्यवाद करना चाहती हैं कि उन्होंने यहाँ की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। एलजी को इसी तरह अगर कोई भी समस्या दिखे तो वह जरूर बताए, वह तुरंत उसका समाधान करेंगे। उपराज्यपाल ने न्यू रोहतक रोड का दौरा कर हमें वहाँ की टूटी सड़क के बारे में भी बताया था। उन्हें यह बताते हुए खुशी है कि, वहाँ एक तरफ की सड़क बन गई है और ग्रैप-चार की पाबंदियां हटने के बाद दूसरे तरफ की सड़क भी तैयार हो जाएगी। साथ ही वहाँ 150 करोड़ की लागत से ड्रेनेज को भी दुरुस्त किया जा रहा है।

### एलजी ने रियलिटी चेक कराया : देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने की साफ-सफाई, सीवर, पानी, सड़क और बिजली के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछले 8-10 वर्षों से गंदगी और कूड़े के ढ़ेर, अव्यवस्थित बिजली और पानी की सप्लाई, गंदा पानी, उफनते सीवर, झुग्गी बस्तियों और अनाधिकृत कालोनियों में नरकीय जीवन जीते लोगों के प्रति चिंता ग्रस्त होकर मौजूदा आप सरकार और उसके मुखिया केजरीवाल पर दिल्ली की अनदेखी और निष्क्रियता का आरोप लगाती रही है।

# वायु गुणवत्ता फिर गंभीर सुबह को छाया रहा कोहरा



- एक्यूआई 409 दर्ज, अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक

**पायनिर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता रविवार को गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई, जहां 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 409 दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को एक्यूआई 370 दर्ज किया गया था, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच को संतोषजनक , 101 से 200 के बीच को मध्यम , 201 से 300 के बीच को खराब , 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से तीन डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 7.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। राजधानी में सुबह कोहरा छाया रहा और आर्द्रता का स्तर 68 से 97 प्रतिशत के बीच दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में सोमवार को बादल छाए रहने और हल्की बारिश होने की संभावना है। उसने बताया कि राजधानी में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 20 और 7 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

## बिग बैश लीग मैचों पर सट्टेबाज गिरोह संचालित करने के आरोप में 10 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने ऑस्ट्रेलिया में हो रही बिग बैश टी20 लीग पर अवैध सट्टेबाजी गिरोह संचालित करने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि यह गिरोह करोल बाग स्थित एक अपार्टमेंट से काम कर रहा था।

उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दिल्ली निवासी राजू वैष्णव, जाग्रत सैहनी, परवेस कुमार और उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी योगेश तनेजा, तरूण खन्ना, हरविंदर देओल तथा राजस्थान के मूल निवासी मनीष जैन, कुशल और गौतम दास के रूप में की गई। पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजय कुमार सैन ने बताया कि उन्हें राजू और उसके साथियों द्वारा करोल बाग के जोशी रोड से संचालित हो रहे गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि फ्लैट में तीन कमरे थे और उसमें राजू सहित 10 लोग रहते थे जहां वे लाइव मैच के दौरान लैपटॉप और मोबाइल फोन पर सट्टा लगाते पाए गए। यह गिरोह बिग बैश लीग 2024-25 में होबार्ट हरिकेंस और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच होने वाले सातवें टी20 मैच पर सट्टा लगा रहा था, जो सुबह 10.30 बजे शुरू हुआ था। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि गिरोह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से काम करता था। ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए जाग्रत ने एक सट्टेबाजी वेबसाइट से मास्टर आईडी खरीदी थी।

## लापता महिला होटल में मृत मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पश्चिम विहार इलाके में स्थित एक होटल में 22 साल की एक महिला मृत मिली है, जो कुछ दिन पहले अपने घर से लापता हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार महिला 14 दिसंबर को लापता हो गई थी और उसके परिवार के सदस्यों ने 16 दिसंबर को राज पार्क पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दिल्ली में बाहरी जिले के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, उसका शव 17 दिसंबर को एक होटल में मिला था। शव बरामद होने के बाद अधिकारियों ने पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला का 23 वर्षीय प्रेमी सुरेन्द्र भी 18 दिसंबर को गुड़गांव में रेलवे ट्रैक पर मृत पाया गया था। अधिकारी ने बताया कि महिला की मौत का तात्कालिक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन विसरा के नमूने विस्तृत विश्लेषण के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस को आशंका है कि महिला ने आत्महत्या की होगी, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। अधिकारी ने कहा, नए निष्कर्षों और साक्ष्यों के आधार पर विस्तृत जांच की जाएगी।

## मिथिला महोत्सव: बाबा नागार्जुन के साहित्य पर परिचर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सभागार में मिथिला महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें बाबा नागार्जुन की जीवनी और उनके साहित्य एक व्यापक परिचर्चा हुई। मैथिल पत्रकार ग्रुप राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और मैथिली-भोजपुरी अकादमी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों और राजनीतिक नेताओं ने बाबा नागार्जुन की साहित्यिक धरोहर और समाज में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में बाबा नागार्जुन की लिखी हुई कविताओं का पाठ किया गया। इसमें वरिष्ठ पत्रकार दीपक कुमार झा, नरेंद्र नाथ, रहमतुल्लाह , काजल लाल, संजीव सिन्हा, प्रतिभा ज्योति, सुजीत ठाकुर, क्रांति संभव, सुभाष चंद्र, रोशन कुमार और स्कूली छात्रा प्रत्यूषा ने भागीदारी की। इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी प्रकाश झा ने भी बाबा नागार्जुन की कविताओं को अपनी विशेष प्रस्तुति से जीवित किया। वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्रनाथ, सुजीत ठाकुर, सुभाष चंद्र , रहमतुल्लाह और रौशन झा ने बाबा नागार्जुन की जीवनी पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त महेंद्र मलांगिया और मैथिली भोजपुरी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नीरज पाठक को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रौशन झा द्वारा लिखित और प्रकाश झा द्वारा निर्देशित बाबा नागार्जुन की जीवनी पर आधारित नाटक का शानदार मंचन हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय मयूख और कांग्रेस के नेता प्रणव झा ने भी बाबा नागार्जुन पर अपने विचार साझा किए।

बाबा नागार्जुन का साहित्य विशेष रूप से समाज के विभिन्न पहलुओं, खासकर पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों की समस्याओं पर केंद्रित था। उन्होंने अपने लेखन के माध्यम से न केवल समाज के शोषित वर्ग की पीड़ा को उजागर किया, बल्कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए भी आवाज उठाई। उनका काव्य संसार आम आदमी की जिंदगी, संघर्षों, उम्मीदों और उसके सपनों से गहरे रूप में जुड़ा हुआ है। बाबा नागार्जुन की रचनाएँ समाज की बुराइयों, असमानताओं और मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाया को दर्शाती हैं। मैथिल पत्रकार ग्रुप के अध्यक्ष संतोष ठाकुर ने सभी गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मिथिला और मैथिली को बढ़ावा देने के लिए पत्रकारों का यह ग्रुप हमेशा तैयार रहता है और साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

## संक्षिप्त समाचार



भारत मंडपम में आयोजित पुस्तक विमोचन के दौरान गजेंद्र सोलंकी, आर.के.महतो, डॉ. भीमसेन सिंह व सोनू सिंह आदि।

### 'उत्तराखंड का पर्वतीय क्षेत्र 5वीं अनुसूची में शामिल हो'




**नई दिल्ली।** उत्तराखंड एकता मंच के बैनर तले जंतर-मंतर दिल्ली में एकत्र होकर सरकार से उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र को पहले की भांति जनजातीय क्षेत्र घोषित कर संविधान की 5वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। उत्तराखंड एकता मंच के निशांत रौथाण ने कहा कि सन 1972 से पहले पहाड़ में लागू थी 5वीं अनुसूची - पहाड़ में शेड्यूल डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874 लागू था। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्र को 5वीं अनुसूची का दर्जा देने की बजाए ये अधिकार 1972 में छीन लिए गए इतिहासकार प्रोफेसर अजय रावत ने कहा कि शताब्दियों तक यहां खसों का निवास था जिसकी पुष्टि ऐतिहासिक तथ्यों, सरकारी दस्तावेजों तथा यहां के सांस्कृतिक परिवेश से होती है। महिंद्र सिंह रावत ने कहा कि दुनिया के अन्य जनजातीय क्षेत्रों की तरह उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र की संस्कृति प्रकृति पूजक आदिवासियों वाली है। संयोजक अनूप बिष्ट ने कहा कि यदि पहाड़ में 5 वीं अनुसूची लागू होती है तो पहाड़ी रोजगार के साथ घर वापसी करेंगे। भूतपूर्व लेफ्टिनेंट जी.एस नेगी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से ध्यान दिया जाना जरूरी है।

### कार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महंगी कार चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है और सरगना समेत दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गिरोह का सरगना चोरी के वाहनों की आपूर्ति करने के बाद संदेह से बचने के लिए हवाई यात्रा करता था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) भीष्म सिंह ने बताया कि अपराध शाखा के चोरी और झपटमारी रोधी प्रकोष्ठ (एआरएससी) ने हाई फ्लाइंग गैंग के नाम से मशहूर गिरोह का भंडाफोड़ किया और चोरी के चार वाहन बरामद किए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में सरगना हरेंद्र उर्फ हनी भी शामिल है। वे कई राज्यों में महंगी कारें चुराकर बेचता था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को यमुना विहार की ओर जाने वाली एक टोयोटा फॉर्च्यूनर कार के बारे में गुप्त सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उस दौरान आरोपियों में से एक आस मोहम्मद (39) ने भागने की कोशिश की, लेकिन पीछा करने के बाद उसे दिल्ली-जयपुर हाईवे पर अलवर तिराहा पर पकड़ लिया गया। सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोहम्मद ने गिरोह के बारे में खुलासा किया और गाजियाबाद तथा दिल्ली से बरामद की गई मारुति ब्रेजा तथा मारुति बलेनो सहित अन्य चुराए गए अन्य वाहनों के स्थान के बारे में भी बताया। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि मोहम्मद ने हरेंदर को इस गिरोह का सरगना बताया। पुलिस के अनुसार, मोहम्मद की गिरफ्तारी के बाद हरेंदर बचने के लिए छिपता फिर रहा था। अधिकारी ने बताया कि हरेंदर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया।

# 175 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की हुई पहचान

- राजधानी में दिल्ली पुलिस का सत्यापन अभियान जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


झुग्गी बस्ती पहुंची पुलिस लोगों के दस्तावेजों की जांच करती हुई।

दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों खिलाफ अपने सत्यापन अभियान के दौरान 175 लोगों की पहचान करने का दावा किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 12 घंटे का सत्यापन अभियान शनिवार शाम छह बजे बाहरी दिल्ली क्षेत्र में शुरू हुआ था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, पुलिस ने वैध दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। बाहरी दिल्ली में व्यापक सत्यापन अभियान के दौरान 175 व्यक्तियों की पहचान संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के रूप में की गई है। पुलिस ने 11 दिसंबर को दिल्ली में रहने वाले अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान के लिए अभियान शुरू किया था। इससे एक दिन पहले उपराज्यपाल सचिवालय ने ऐसे व्यक्तियों पर कार्वाई करने का आदेश दिया था।

पुलिस अधिकारी ने बताया, बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या से चिंतित बाहरी जिला पुलिस ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्वाई शुरू की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय थानों, जिला विदेशी प्रकोष्ठों और विशेष इकाइयों के कर्मियों समेत विशेष टीम को घर-घर जाकर जांच करने और संदिग्ध अवैध प्रवासियों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया है।

## रोडरेज: सीलमपुर में ऑटो सवार युवक पर चाकू से हमला, घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सीलमपुर के धर्मपुरा लाल बत्ती के पास ऑटो सवार एक व्यक्ति पर चाकू से हमले का मामला सामने आया है। हमले में पीड़ित घायल हो गया जिसके बाद उसे उपचार के लिए जगप्रवेश चंद अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घायल की पहचान करतार नगर निवासी दीपक (32) के रूप में हुई है। वह पेशे से इलेक्ट्रीशियन है।

पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गत शनिवार रात 11.30 बजे थाने में धर्मपुरा लाल बत्ती के पास चाकूबाजी की सूचना मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि पैदल आए तीन चार लड़कों ने उनके सिर में चाकू मार दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और वहां घायल दीपक मिला। दीपक ने बताया कि वह गांधी नगर बाजार में इलेक्ट्रीशियन है। वह मेट्रो मॉल से ऑटो लेकर अपने घर जा रहा था। जब ऑटो धर्मपुरा लाल बत्ती के पास पहुंची तो तीन चार लोग आपस में झगड़ा लड़ाई करके रास्ता जाम कर रहे थे और यातायात का दबाव बढ़ रहा था। पीड़ित ने उन्हें रास्ते से हटकर ऑटो निकालने के लिए रास्ता देने को कहा तो आरोपी पीड़ित पर भड़क गए। इसी बीच उनमें से एक आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया और फिर फरार हो गए। पुलिस ने घायल का उपचार अस्पताल में कराने के बाद उनके बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

# जादू टोना

## महिला उत्पीड़न का कारण

**सर्वोच्च** न्यायालय ने याद दिलाया है कि जादू टोना महिला उत्पीड़न का कारण है। एक उल्लेखनीय टिप्पणी में हाल ही में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने जादू टोने के नाम पर महिला उत्पीड़न का उल्लेख करते हुए कहा कि यह 'संवैधानिक भावना पर धब्बा' है। सर्वोच्च अदालत के समक्ष बिहार के चंपारन जिले का घृणित मामला सामने आया था जहां महिला के खिलाफहिंसा हुई थी। इससे देश में जादू टोने का ज्वलंत मुद्दा सामने आया। अदालत ने ऐसे व्यवहार पर फौरन रोक लगाने की मांग की जो भारतीय संविधान में निहित गरिमा, समानता तथा मानवाधिकारों को आघात पहुंचाते हैं। जस्टिस सी.टी. रविकुमार व जस्टिस संजय कारोल की पीठ ने 2020 के प्रारंभ में हुए इस परेशान करने वाले कांड पर विचार किया। इसमें जादू टोने के आरोप में महिला को सार्वजनिक रूप से हमला करने तथा निर्वस्त्र करने की पीड़ा झेलनी पड़ी थी। लखपती देवी समेत अन्य आरोपियों को इस जघन्य कृत्य के लिए जवाबदेह पाया गया था। आरोप था कि पुलिस ने भी पीड़िता के प्रति संवेदनहीनता दिखाई। सर्वोच्च न्यायालय ने इन कृत्यों की बर्बरता तथा स्थानीय प्रशासन की कथित संवेदनहीनता पर दु:ख और निराशा प्रकट की। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनायें महिलाओं की गरिमा और अधिकारों पर खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में सीधा हमला हैं जहां समानता अभी बहुत दूर है। अदालत ने जादू टोने की घृणित परंपरा जारी रहने के



पीछे अंधविश्वास, पितृसत्ता व सामाजिक नियंत्रण की भूमिका पर जोर दिया। उसने ऐसे प्रतिगामी विश्वासों को समाप्त करने पर जोर दिया जो अक्सर विधवा व वृद्ध महिलाओं पर निशाना लगाते हैं। वास्तव में ऐसे व्यवहार संविधान द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक सोच के घोर विरोधी हैं। दुर्भाग्य से ऐसे मामले विरल होने के बजाय ग्रामीण भारत में व्यापक हैं। भारत का संविधान सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा की गारंटी देता है। ऐसे में जादू टोने जैसे व्यवहार इन सिद्धान्तों का उल्लंघन कर महिला विरोधी हिंसा तथा भेदभाव की संस्कृति बनाए रखते हैं। ज्यादा चिन्ता की बात यह है कि सरकार ऐसे मामलों में संवेदनहीनता दिखा कर अपराध में समान भागीदार बन जाती है। अदालत ने जोर दिया कि ऐसे मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों को समुचित जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाना चाहिए ताकि मानव गरिमा के उल्लंघन से बचा जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की आलोचना की कि उसने उच्च न्यायालय के 'निष्क्रिय' आदेश के खिलाफ अपील नहीं की जिसमें कार्यवाहियों पर स्थगनादेश दिया गया था।

पीठ ने जादू टोने के मामलों में बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इसमें जादू-टोने को विशिष्ट रूप से अपराध घोषित करने तथा ऐसा करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करना शामिल है। इसके साथ ही वैज्ञानिक सोच बढ़ाने तथा समुदायों को जादू टोने की अनैतिकता व अवैधानिकता के बारे में शिक्षित करने की आवश्यकता है। लेकिन सर्वाधिक महत्वपूर्ण चीज पीड़ितों के लिए सहायता व्यवस्था बनाना है जिसमें मनोवैज्ञानिक कौंसिलिंग के साथ विधिक सहायता व पुनर्वास शामिल हैं। सरकारी मशीनरी को ऐसे मामलों से निपटने में संवेदनशीलता का परिचय देने की भी आवश्यकता है। सर्वोच्च न्यायालय की इस मामले में टिप्पणियां भारतीय समाज में गहराई तक व्याप्त अंधविश्वासों तथा पितृसत्ता के खिलाफअभियान चलाने की आवश्यकता उजागर करती हैं जो जादू टोने का कारण बनती हैं। अनेक निराधार आरोपों के कारण महिलाओं का उत्पीड़न न केवल एक सामाजिक बुराई, बल्कि संविधान की विफलता भी है।

# पूजास्थल कानून पर पुनर्विचार जरूरी

**पूजास्थल कानून, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को 15 अगस्त, 1947 की स्थिति में बनाए रखना है। लेकिन इसके उद्देश्यों के बारे में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



पूजास्थल कानून, 1991 का उद्देश्य धार्मिक स्थलों को 15 अगस्त, 1947 की स्थिति में बनाए रखना है। लेकिन इसके उद्देश्यों के बारे में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। वर्तमान समय में बहुत से लोग पूजास्थल कानून, 1991 के बारे में चर्चा तो करते हैं, पर वे नहीं जानते कि यह कानून कैसे और किन परिस्थितियों में लाया गया था। ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव अपने मन की गहराइयों में कट्टर हिंदू थे। उनकी मुख्य चिन्ता इस बात को लेकर थी कि उस समय गंभीर रूप धारण कर चुके अयोध्या विवाद का यथासंभव जल्दी से जल्दी समाधान किया जाए। राम जन्मभूमि स्थान पर 6 दिसंबर, 1992 को हुई अधिकांश घटनायें इस बात का प्रमाण थीं कि नरसिम्हाराव भगवान रामलला के पक्ष में 'मौन समर्थक' थे।

अपनी हार्दिक भावना से प्रधानमंत्री हिंदू भावनाओं के पक्ष में थे। प्रधानमंत्री के 'योगदान' के सर्वाधिक सटीक प्रमाण उस समय के तथ्यों से मिलते हैं। असाधारण घटना के उस दिन मैं अयोध्या में था। जब मैंने अयोध्या छोड़ी तो शाम 5.45 तक बाबरी मस्जिद के सभी तीन गुंबद गिराए जा चुके थे। लेकिन उस समय ढांचे की बाकी दस दीवालें बची थीं। जल्द ही हम कार से लखनऊ के लिए निकले। मैंने और मेरे साथियों ने ट्रांजिस्टर रेडियो पर सुना कि उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को केन्द्र ने भंग कर दिया और वहां राज्यपाल शासन लगा दिया गया। इसका अर्थ था कि उस समय और उसके बाद हुई घटनायें केन्द्र के किसी अधिकारी के आदेश से हुई थीं। उस समय केन्द्र के तत्कालीन गृह सचिव माधव गोडबोले ने कहा था कि वे वहां हो रही घटनाओं के बारे में अनजान थे और उनको भी वहां की घटनाओं के बारे में रेडियो और टेलीवीजन से पता चला था।

इस लेखक की मुलाकात ऐसे किसी व्यक्ति से नहीं हुई जो इस बात का दावा करता हो कि उसने बिना गुंबदों वाले ढांचे की दीवालों का फोटो देखा हो। उस रात 10 बजे प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने टेलीवीजन पर देश को संबोधित किया। इसमें उन्होंने भारत की जनता को आश्वासन दिया था कि उनके द्वारा बाबरी मस्जिद का यथासंभव शीघ्रतिशीघ्र पुनर्निर्माण किया जाएगा। इससे यह समझ बनी कि पूरा ढांचा नष्ट नहीं हुआ था। ढांचे की दीवालें काफी ऊंची तथा किसी सोलहवीं शताब्दी के ढांचे की तरह मोटी थीं। दीवालों के चारों और बना चबूतरा भी काफी विशाल और ठोस होने के साथ ऊंचा भी था। यहां तक कि ढांचे के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से गुंबदों को गिराने का काम उत्तर प्रदेश सार्वजनिक कार्य विभाग-पीडब्लूडी के कुछ खास लोगों ने किया था।

सवेरे शुरू हुआ यह काम शाम को 4.30 बजे समाप्त हुआ, जब आखिरी गुंबद गिरा। मुझे पता चला था कि यह काम करने वाले पीडब्लूडी के लोग थे क्योंकि इस घटना को कैमरों में दर्ज करने वाले दो से पांच फोटोग्राफरों के कैमरे तोड़े गए थे और पिटाई से उनको भी चोटें लगी थीं। फोटोग्राफरों को लगा था कि वे कारसेवकों के फोटो खींच रहे हैं, जबकि सरकारी कर्मचारियों के फोटो में आने से उनकी नौकरियां जा सकती थीं। अयोध्या

**ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव अपने मन की गहराइयों में कट्टर हिंदू थे। उनकी मुख्य चिन्ता इस बात को लेकर थी कि उस समय गंभीर रूप धारण कर चुके अयोध्या विवाद का यथासंभव जल्दी से जल्दी समाधान किया जाए।**

में स्थिति पर नियंत्रण रखने वाली दूसरी श्रेणी की एक महिला आईपीएस अधिकारी ने मेरे सवाल के जवाब में कहा था कि पुलिस को उस समय तक हस्तक्षेप न करने का निर्देश था जब तक किसी का जीवन संकट में न हो, स्पष्ट रूप से इसमें संपत्ति शामिल नहीं थी। महिला आईपीएस अधिकारी ने मुझे आश्वस्त किया था कि केवल 4 किलोमीटर दूर फैजाबाद में 15,000 अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात थे। संयोग से उन्होंने यह भी बता दिया कि नकट ही आपरेटरों के साथ काफी संख्या में बुलडोजर भी मौजूद थे। स्पष्ट रूप से ये सारी तैयारियां अगले 60 घंटों में बाबरी ढांचा पूरी तरह समाप्त करने के लिए थीं। वास्तव में इतने समय में इतना बड़ा काम होना आसान नहीं था। यह सारा काम केन्द्रीय शासन के अंतर्गत हुआ। इस तथ्य को पुन: रेखांकित करना जरूरी है कि 6 दिसंबर को 5.45 बजे के बाद कल्याण सिंह सरकार सत्ता में नहीं थी। इन तथ्यों की जानकारी के बाद ही पूजास्थल कानून की आवश्यकता स्पष्ट होती है। वैसे भी कांग्रेसी होने के नाते प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव अपनी 'सेक्युलर' छवि बनाए रखना चाहते थे।

पूजास्थल कानून से स्पष्ट है कि राव सरकार हर पूजास्थल की 15 अगस्त, 1947 वाली स्थिति बनाए रखना चाहती थी। अयोध्या इसमें अपवादस्वरूप छोड़ा गया था क्योंकि उस समय इस मुद्दे पर भारतीय सर्वोच्च न्यायालय विचार कर रहा था। सामान्य रूप से कानून बनाते समय माना जाता है कि न्यायालय के विचाराधीन किसी चीज पर उसके नियम लागू होंगे। लेकिन अयोध्या के लिए कानून में एक विशेष प्राविधान बना कर उसे इसके दायरे से अलग रखा गया क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय इस पर विचार कर रहा था। इसे कानून की एक अलग धारा से पूरे मामले से अलग रखना अपने आप में विशिष्ट है। इसके परिणामस्वरूप मामलों पर विचार करते समय अदालतों को अयोध्या व खासकर राम जन्मस्थान पर विचार नहीं करना था क्योंकि इसका पूजास्थल कानून में खास उल्लेख था। इस मुद्दे पर जोर देने का अर्थ यह भी था कि इस कानून को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है।

इस कथन का क्या अर्थ है कि वास्तविक पूजास्थलों तथा उन स्थलों या ढांचों के मामले में वैध अंतर किया जाना चाहिए जिनको जबरन प्राप्त किया गया है। भारत में ऐसे अनेक स्थल हैं जिनको सीधे मंदिरों से मस्जिदों में बदला गया है। इनमें 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' शामिल है जो अजमेर शरीफ़ से एक फर्लांग दूर है। यहां तीन मंदिरों को 60 घंटे या ढाई दिन में बदला गया था ताकि हमलावर मुहम्मद गोरी 1192 ईस्वी में तराइन की दूसरी निर्णायक लड़ाई से लौटते समय वहां नमाज पढ़ सके।

हिंदू मंदिर इतनी जल्दी पूरी तरह नष्ट नहीं किया जा सकता था, इसलिए उसकी मूल रचना आज तक वैसी ही बनी है। लोदी वंश के उत्तर भारत पर पूरी तरह विजय पाने के पहले के ऐसे अनेक उदाहरण सामने हैं। ऐसा लगता है कि अफ़ग़ान अपने साथ कुछ भवन निर्माताओं को लाए थे जिन्होंने मस्जिदों समत अनेक शानदार इमारतें बनाईं। पूजास्थल कानून के संदर्भ से यह तथ्य विचारणीय है कि अदालते किसी ऐसे मामले पर विचार करने से कैसे इनकार कर सकती हैं जब याचिकाकर्ता कह रहा हो कि दिनदहाड़े उसके मंदिर पर कब्जा किया गया। अनेक मंदिरों को अजमेर में 'अढ़ाई दिन के झोंपड़े' की तरह या तो सीधे मस्जिद में बदल दिया गया या उनको अहमदाबाद में जामा मस्जिद की तरह गिरा दिया गया और बाद में पुन: बनाया गया।

निश्चित रूप से हिंदू मंदिरों पर ऐसे हमले तत्कालीन शासकों द्वारा कराए गए। ऐसे मामलों को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जा सकता है। हालांकि, ऐसे मामले शायद ही हों, पर पूजास्थल कानून के अंतर्गत ऐसे मामलों को अपवादस्वरूप अलग रखा जा सकता है जहां कोई मस्जिद हिंदुओं द्वारा तोड़फोड़ की शिकार हुई हो।

# जीवन की वास्तविक क्षमता का ज्ञान

**"आस्था को अपनाना, विनम्रता का विकास करना और आध्यात्मिक जागरूकता जगाना जीवन को उन्नत बना सकता है।"**

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



मुझे वाकई आश्चर्य होता है कि अच्छे लोग कुछ अनुष्ठान करने, किसी धार्मिक स्थान पर जाकर कुछ त्यौहारों में भाग लेने आदि से ज़्यादा सक्रिय रूप से भगवान की ओर नहीं मुड़ते। शायद उन्हें एहसास नहीं है कि वे क्या खो रहे हैं। भगवान हमें अपनी टीम में लेने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। उन्हें हममें से बहुतों की ज़रूरत है जो या तो उनके %निमित्त% (साधन) के रूप में कार्य करें जैसे कि अर्जुन किसी खास उद्देश्य के लिए थे या फिर सिर्फ़ सक्रिय माध्यम बनें। अच्छे लोग भगवान के उपहारों को दूसरे अच्छे लोगों तक पहुँचाने के लिए माध्यम बनने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। वे उन लोगों का बड़ा हिस्सा हैं जो सृष्टि के कामकाज का समर्थन करते हैं। और उन्हें उनके कर्मों (कार्यों) के लिए भरपूर पुरस्कार मिलता है। उदाहरण के लिए, किसान मानवता को अच्छी तरह से खिलाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। शिक्षक लोगों को शिक्षित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

माता-पिता बच्चों को जन्म देकर और फिर उन्हें तब तक पाल-पोसकर सृष्टि को चलाते हैं जब तक कि वे उपयोगी नागरिक न बन जाएँ। डॉक्टर लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। श्रमिक मानवता की शारीरिक ज़रूरतों का भार उठाते हैं। अच्छे अधिकारी हमारे समाज की प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। पुजारी हमें ईश्वर के संपर्क में रहने में सक्षम बनाते हैं। मैं पुलिसवालों, दुकानदारों, बैंकरों आदि के बारे में बात कर सकता हूं।

ऐसा करने से वे सभी लाभान्वित होते हैं। ये लोग ईश्वर के साथ अच्छे संबंध बनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास क्यों नहीं कर रहे हैं? वे इससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पहला



कारण व्यापक अज्ञानता के कारण विश्वास की कमी है। आम आदमी, यहाँ तक कि शिक्षित वर्ग भी, ईश्वर की शरण में जाने से मिलने वाले सभी लाभों से पूरी तरह अनजान है, जो सब कुछ के मालिक हैं। हम सबसे अमीर, सबसे शक्तिशाली, सबसे प्रसिद्ध आदि की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन सभी के असली मालिक, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और सर्वव्यापी ईश्वर को अनदेखा कर देते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ईश्वर सब कुछ नियंत्रित करता है। सबसे अमीर लोग आम तौर पर अधिक संचय करने की कोशिश करते हैं, और कई लोगों के पास दान देने के लिए कुछ पैसे होते हैं, लेकिन ईश्वर के पास देने के लिए सब कुछ है; आपको बस योग्य बनना है। दूसरा कारण व्यावहारिक रूप से हर किसी का अतिरंजित अहंकार है। यह स्वीकार करना कठिन है कि ईश्वर को समझना बहुत बड़ा है और हम उसे स्वीकार करने के लिए बहुत छोटे हैं। लेकिन यह वास्तविकता है। बत्तख की तरह आँखें बंद करके हम अपने लिए कोई उपकार नहीं करते।

और हम 'कर्मफलों' के सामने बत्तख की तरह बैठे रहते हैं, जो निश्चित रूप से प्रकट होते हैं और सभी के जीवन में तबाही मचाते हैं, कुछ को छोड़कर, जिन्होंने ईश्वर की शरण ली है। तीसरा कारण है खराब संगति।

हम किसके साथ समय बिताना पसंद करते हैं? वे जो सभी की आलोचना करते हैं और जो इस तरह के चुटकुले सुना सकते हैं, जैसा कि आप जानते हैं। सार्वजनिक छवि एक और बाधा है। केवल हारने वाले ही ईश्वर की ओर मुड़ते हैं। हमें ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है; हम खुद ही अपना काम कर लेंगे। निश्चित रूप से, यह प्रबंधन केवल दर्दनाक मृत्यु में समाप्त होता है। ईश्वर के भक्त और उनका जीवन उच्च है और उन्हें बेहतर जन्म का भी आश्वासन है। तब आध्यात्मिक गतिविधियाँ उत्साहजनक नहीं होतीं; वे बहुत बचकानी लगती हैं। हम बड़े होकर साथी प्राणियों के अधीन रहना पसंद करेंगे, जो हमारा यथासंभव शोषण करने की संभावना रखते हैं। इसलिए हम शुरू न करें और हार न मानें।

यह लेख उन लोगों के लिए एक खुला निमंत्रण है जो इसे पढ़ने का मौका चाहते हैं। मैं कुछ आश्चर्यजनक लाभों का उल्लेख करूंगा यदि कोई ऐसा करता है। आंतरिक और बाह्य दोनों ही तरह से स्वयं की बहुत सफाई होगी। आध्यात्मिक गतिविधियों की शक्तियाँ ऐसी ही होती हैं। व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठ बन जाएगा और संभवत: धर्म के अनुसार जीवन जीना शुरू कर देगा।

व्यक्ति केवल आध्यात्मिक सत्य जानने तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें जीवन में लागू भी करेगा। यदि कोई चित्रकार चित्र बनाना जानता है और चित्र नहीं बनाता, तो उसे क्या लाभ होगा? सृष्टि भक्तों के जीवन को सुगम बनाने के लिए बनाई गई है।

## आप की बात

### वाहनों में आग

**जयपुर**-अजमेर हाइवे पर शुक्रवार को गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर से गैस टैंकर में आग लगने और टैंकर के बर्स्ट होने के बाद फैली गैस से आस-पास के वाहनों में भी आग लगने से 14 लोगों की जलने से मृत्यु हो गई और 37 गंभीर रूप से घायल हो गये। बहुत से जलते हुए लोगों ने ग्रामीणों के सहयोग से भागकर जान बचाई।वही रविवार को मध्यप्रदेश के आगरा-मुंबई हाइवे पर सेंधवा में मुंबई से इंदौर आ रही (एसी स्लीपर) निजी बस में आग लगने से ड्राइवर की सूझ-बूझ बस रोककर यात्रियों को सकुशल उतार दिया। पुलिस ने जलती बस पर फायर-फाइटर की मदद से आग पर काबू पाया। कहीं चालकों की लापरवाही तो कहीं रखरखाव में कमी आग का कारण दर्शा रही है। हादसों के करणों पर सोचा जाए तो कुछ तो चालकों की लापरवाही और कुछ हादसे सुबह-सुबह होते पाए गए हैं। ये भी हो सकता है कि रातभर की ड्राइविंग भी सुबह की थकान कारण बन जाती है। वैसे सभी ड्राइवर ड्राइविंग में बहुत ही सावधानी बरतते हैं. वाहनों के रखरखाव और ड्राइवर की सावधानी से अनहोनियों को रोका जा सकता है। जल्दबाजी या ओवर टेकिंग के साथ ही रातभर के सफर में दो ड्राइवर की व्यवस्था बसों में अनिवार्य रूप से रहे ताकि वे थकान से दूर रह सकें। थोड़ी सी सावधानी से बड़ी घटना को रोका जा सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### बच्चों तक पहुंचाएं ऐसी शिक्षा

**शिक्षा** के क्षेत्र में कई नवाचार किए जाते है और प्रशासन घर घर शिक्षा का अलख जगाने में ऐड़ी से चोटी तक का जोर लगाती हैं। परंतू विडम्बना है की कई विद्यार्थी अपने माता पिता की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अपनी इच्छा का दमन कर लेते है। ग्रामीण इलाकों से शहरों कस्बों और महानगरों तक अगर सर्वे कराया जाए तो कहीं विद्यार्थी ऐसे हे जिनकी पढ़ने की लगन , रुचि तो हे पर शिक्षा पाने का पैसा नहीं। विशेषकर सामान्य वर्ग के बच्वें तो इस समस्या से जूझते ही है। स्कूलों कालेजों में भारी भरकम फीस से पढ़ाई का उत्साह ही सिमट कर रह जाता है। ऐसे बच्चों का सर्वे कर सरकार ने हर गांव , नगर कस्बों, नगरों में बच्चों को गोद लेकर शिक्षा का लाभ देना चाहिए। लगन शील बच्चों की फ़ीस का भुगतान कर उनका जीवन ऊपर उठाना चाहिए। कहीं योजनाओं में लाखों करोड़ों रुपयों को पानी की तरह बहाया जाता है। और नतीजा सिफर ही नज़र आता है। क्यों न सरकार लगन शील बच्चों को जिन्हे पढ़ने का शौक है और पैसे के आभाव में नहीं पढ़ पाते उन्हे विषेश ध्यान रखकर शिक्षा ओर विकास की और ध्यान दिया जाए। क्या सरकार ऐसे बच्चों के लिए मददगार साबित होगी ? क्या गरीब वर्ग मजदूर वर्ग के सामान्य वर्ग के निर्धन बच्चों की पढ़ाई लिखाई में सरकार सहभागीता निभायेगी ?

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### संघ प्रमुख की सलाह

**संघ** प्रमुख मोहन भागवत ने देश, काल और परिस्थिति के अनुरूप नए मंदिर मस्जिद विवादों में उलझने से बचने की सलाह दी है। सम्प्रदायों के मध्य किसी भी प्रकार का भेदभाव नही होना चाहिए, मगर यदि तुष्टिकरण की नीति के चलते किसी भी धर्म विशेष के मानने वालों को विशेष सुविधाएं दी जाएं तथा उन्हें राष्ट्र की अवहेलना करके धर्म को सर्वोपरि समझने और उसी के अनुरूप आचरण करने की छूट मिले, तब किस प्रकार साम्प्रदायिक ताक़तों को पनपने से रोका जा सकता है ? भारत का दुर्भाग्य यही है कि कदम कदम पर बहुसंख्यक वर्ग की अवहेलना करके राजनीतिक दलों ने समाज की धर्म और जाति के नाम पर बांटने में कोई कसर बाक़ी नही छोड़ी। कांग्रेस का तो अस्तित्व ही फूट डालो और राज्य करो की नीति पर टिका था। आज भी यदि कांग्रेस के शासन काल तथा वर्तमान में भाजपा एवं इससे जुड़े दलों के शासनकाल में साम्प्रदायिक शक्तियों के बोलबाले का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए, तो स्पष्ट होगा, कि जितने साम्प्रदायिक दंगे कांग्रेस और सपा शासनकाल में हुए तथा दंगों के मृतकों के परिवारों ही साथ भेदभाव किया गया, उतना किसी अन्य के शासनकाल में नही हुआ। किंतु विचारणीय प्रश्न है कि क्या साम्प्रदायिक सौहार्द की नींव समान नागरिक संहिता और समान जनसंख्या नीति लागू हुए बिना सुदृढ़ हो सकती है?

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### असहनीय लापरवाही

**मध्य** प्रदेश के अशोकनगर जिले में एक स्कूल बस तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया पर पलट गई । स्कूली बस में ग्यारह गांव के 70 बच्चे सवार थे । सभी बच्चे घायल होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराए गए । कुछ बच्चों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । यह स्कूली बच्चों के प्रति लापरवाही का मामला है । मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा अभी हाल ही में कुछ दिन पहले स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले वाहनों के संबंध में गाइड लाइन जारी की थी । जिसमें विभिन्न निर्देशों के साथ-साथ तेज रफ्तार पर नियंत्रण का भी सुझाव दिया गया था । लेकिन हाई कोर्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा के संबंध में दिए गए गाइडलाइन के निर्देश हवा होते हुए दिख रहे हैं । बच्चों की सुरक्षा के प्रति शासन प्रशासन को अति गंभीर होना चाहिए, लेकिन वह गंभीरता नहीं दिखाई दिखाई दे रही है, जो दिखना चाहिए । शासन और प्रशासन को गंभीरता के साथ हाई कोर्ट के द्वारा जारी गाइडलाइन को कागजों से बाहर निकाल कर मैदान में अमलीजामा पहनाना होंगा। इसके लिए सख्ती पहली शर्त है, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा का मामला है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# जिले में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई

**संवाददाता।** अमेठी



**उत्तर** प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 जनपद में नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी तथा सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे।

जिसका परिणाम रहा कि जनपद में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जामों, उमारमण राजकीय इंटर कॉलेज जामों, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों व केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिये अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित स्थानों पर बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे व कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा केन्द्रों पर तैनात प्रशासनिक/पुलिस अधि0/कर्म0गण को आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने व सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये। बताते चलें कि जनपद अमेठी में पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को लेकर 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी 12 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक संपन्न, महिला विंग गठित



**गोंडा।** रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की महत्वपूर्ण बैठक सिंचाई डाक बंगले में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन का विस्तार करने के साथ ही सदस्यता नवीनीकरण किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल अध्यक्ष एसपी मिश्रा रहे। मंडलाध्यक्ष एसपी मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन आज उत्तर प्रदेश का सबसे मजबूत संगठन बन चुका है। बड़ी संख्या में पत्रकार साथी संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के मान-सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई हमेशा ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन लड़ता रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अहसन नसीम को संरक्षक, मोहम्मद फारूक को संयोजक, एआर उस्मानी को जिला प्रभारी, अशोक कुमार पाठक को वरिष्ठ महामंत्री, मोहसिन हफीज को महामंत्री, अरूण पाठक को मनकापुर तहसील अध्यक्ष, रमेशचंद्र तिवारी को गोण्डा सदर तहसील अध्यक्ष, राहुल तिवारी को तहसील उपाध्यक्ष, रूबी अवस्थी आशीष श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष को महिला प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

# श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के साहबजादों की शहादत व दृढ़ संकल्प अविस्मरणीय

**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी



**गौरीगंज** स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर वीर बाल दिवस की शहादत की विषयक गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तिलोई के लोकप्रिय विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। गोष्ठी को जिला महामंत्री केशव सिंह ने भी संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया।

राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा साहिबजादे के ऊपर धर्म परिवर्तन के लिए कहा गया लेकिन साहिबजादे ने गरज कर जवाब देते थे कि हम अपने गुरु पिताजी के आगे सिर झुकाते हैं किसी को सलाम नहीं करते हमारी लड़ाई अन्याय धर्म और जुल्म के खिलाफ है हम तुम्हारे जुल्म के खिलाफ प्राण दे देंगे लेकिन झुकेंगे नहीं।मुगलों के पास लाखों की सी थी तो गुरु के वीर साहब जड़ों के पास साहस था वह अकेले होते हुए भी मुगलों के सामने झुके नहीं तभी मुगलों ने दोनों को दीवार में जीवित चुनवाने ने का आदेश दिया 26 दिसंबर को बच्चों को खड़ा करके दीवार में चुनवा दिया था। आगे अपने संबोधन में कहा कि वीर साहिबजादे द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प एक प्रमाण के रूप में खड़ा है जो औरंगजेब और उसके अनुयायियों को एक शक्तिशाली संदेश देता है कि युवा पीढ़ी कुर्ता के आगे झुकने से इंकार करती है और देश के मनोबल को बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित रहती है भारतीय इतिहास में इस घटना को बाद में साहब ज्यादा जोरावर सिंह और साहब ज्यादा फतेह सिंह द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान के रूप में याद किया गया। भारत की आने वाली पीढियां का भविष्य उनके प्रेरणा स्त्रोतों पर निर्भर है हमारी सांस्कृतिक विरासत भरत, भक्त प्रहलाद, नचिकेता, ध्रुव, बलराम, लव कुश और बालकृष्ण जैसे प्रेरक बच्चों के उदाहरण से समृद्ध है।

# उदया इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**संतकबीरनगर।** जनपद में भुजैनी स्थित उदया इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स मीट-2024 का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट के दौरान खेल मैदान पर खिलाड़ियों में जबरदस्त ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

यहां खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें डंबल ड्रिल, फ्लावर ड्रिल, जुम्बा डांस, बॉस्केटबॉल डांस, फ्लावर ड्रिल, लोक नृत्य, योग पर आधारित नृत्य, स्काउट प्रेजेंटेशन एवं प्री प्राइमरी द्वारा फैंसी ड्रेस, रोबोटिक प्रेजेंटेशन तथा जूनियर के छात्र-छात्राओं द्वारा रिले रेस जैसे इत्यादि कार्यक्रमों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी। सुबह से स्टूडेन्ट्स की हलचल खेल मैदान पर दिखने लगी और जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, उनका उत्साह और जोश भी दोगुना होता गया। इस वार्षिक खेलकूद दिवस का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मशाल जलाकर किया। हाऊस प्रतिनिधियों को शपथ दिलाकर प्रतियोगिता को आरम्भ करने की विधिवत घोषणा की। विद्यार्थियों ने कदम से कदम मिलाकर मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी।

# सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में संपन्न हुई पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 जनपद के 11 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करते हुए परीक्षार्थियों की सुविधाओं, परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं सहित संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संचालित किए जाने के दृष्टिगत निरीक्षण करते हुए जायजा लिया गया।

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 जनपद में 11 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 4628 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2428 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 2200 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 4628 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2417 परीक्षार्थी विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहे और 2211 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद में परीक्षा शुचितापूर्ण एवं निर्भय तथा शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

देर शाम जिलाधिकारी ने परीक्षा सम्पन्न होने के बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस की परीक्षा दोनो पालियों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई।

जनपद में कुल 11 केन्द्रो पर दोनो पालियों में 4628 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दिया जाना था। प्रथम पाली में 2428 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 2417 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। सभी केन्द्रो में परीक्षा बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई तथा जनपद में किसी प्रकार की कोई समस्या नही हुई।

# शक्ति नगर में खस्ताहाल सड़कों से गुजर रहे विद्यार्थी

**रायबरेली।** गहरी सीवर लाइन कार्य के बाद जिम्मेदारों ने खस्ताहाल सड़के मोहल्ले वासियों और विद्यार्थियों के लिए भगवान भरोसे छोड़ दी है। रायबरेली सदर के शक्ति नगर / अंबेडकर नगर मोहल्ले में हालात बेहद ही बुरे हैं लगभग 8 महीने पहले गहरी सीवर लाइन का काम यहां पर शुरू हुआ और जिम्मेदारों ने खस्ताहाल और बुरी तरीके से सड़के तोड़कर बुरे हालत में डाल दिया। अब ना तो जिम्मेदार विभाग और ना ही नगर पालिका के जिम्मेदारों की नजर इस मोहल्ले पर जा रही है। शक्ति नगर और अंबेडकर नगर मोहल्ले में लगभग चार स्कूल संचालित होते हैं और यहां हजारों बच्चे पढ़ने आते हैं। दुर्गम और खस्ताहाल सड़क में विद्यार्थी चोटिल भी होते हैं। साइकिल से वह गिर भी पड़ते हैं तो दूसरी ओर धूल से हालात और भी बुरे है। ऑटो रिक्शा भी अब इस रास्ते पर नहीं आना चाहते मोहल्लेवासी कई बार गुहार भी लगा चुके हैं लेकिन जिम्मेदार कान में रुई डालकर बैठे हैं। प्रमुख सचिव के आगमन पर उन्होंने कड़ी फटकार जिम्मेदारों को लगाई।

## क्विक न्यूज

### कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई पीसीएस प्री परीक्षा

**रायबरेली।** लोक सेवा आयोग की परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जिसको लेकर डीएम एसपी ने स्वयं केदो पर पहुंचकर निरीक्षण किया। आपको बता दे कि जनपद के जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के 15 केंटो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोक सेवा आयोग की परीक्षा आयोजित की गई जिसमें लगभग 6000 परीक्षार्थियों ने शकुशल तरीके से परीक्षा दी रायबरेली के 15 परीक्षा केदो में प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे दो फलियां में कराई गई परीक्षा में डीएम एसपी ने स्वयं शहर के परीक्षा केदो पर पहुंचकर निरीक्षण किया सभी अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक अटेंडेंस के बाद ही परीक्षा में प्रवेश करने दिया गया इन दोनों फलियां की परीक्षा में सुरक्षा की दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल और सीसीटीवी लगवाए गए थे जिला प्रशासन ने दोनों फलियां में सकुशल परीक्षा संपन्न कराई है।

### जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

**बछरावां, रायबरेली।** ऑल इंडिया पयामें इंसानियत फोरम की ओर से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। कंबल प्रकार सभी के चेहरे खिल उठे। ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम की ओर से 100 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद शकील ने कहा कि धर्म कोई भी हो प्रत्येक गरीब, लाचार, बेसहारा और जरूरतमंद की मदद की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस समय सर्दियों का मौसम चल रहा है और इस जाड़े में जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ी मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया पयामे इंसानियत फोरम सदैव मानवता का संदेश देता है और ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करता है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में क्षेत्र के वृद्ध जनों जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गए हैं।

### नसीराबाद में हैंडपंप खराब, नगर पंचायत रिपोर्ट में दुरुस्त

**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत के वार्डो में इंडिया मार्का हैंडपंप तो लगे हैं, मगर इनमें से कई खराब हालत में हैं। हकीकत कुछ भी हो लेकिन, रिपोर्ट में सब कुछ दुरुस्त है। बताते चलें कि पंजाब नेशनल बैंक,वार्ड नं.एक लाला की बाजार,और थाना परिसर में लगे हैंडपंप खराब हैं।जिसकी वजह से वहां के रहने वाले और आने जाने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लाला की बाजार में स्थित नल तकरीबन दो वर्षों से खराब पड़ा है।जिसकी शिकायत कई बार नगर पंचायत नसीराबाद में की गई।लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदारों के कान में जूं तक नही रेंगी।जिसके चलते समस्या का निदान नही हो सका। इसी तरह पंजाब नेशनल बैंक के पास लगा हैंडपंप खराब हालत में हैं।जिससे रोज हजारों की तादाद में आने वाले लोग शुद्ध पेयजल को तरस रहें है। अधिशाषी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी नही थी।अगर ऐसा है तो जल्द ही हैंडपंपों को दुरूस्त करवा कर लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा सकुशल और निर्विघ्न रूप से संपन्न

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**रविवार** को राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा जनपद में सकुशल और निर्विघ्न तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नकल विहीन वातावरण में छात्रों ने परीक्षा दी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और अधिकारियों के साथ मिलकर परीक्षा की व्यवस्था का निरीक्षण किया। जनपद में 15 कालेजों को परीक्षा संपन्न कराने के लिये परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

हालांकि उक्त परीक्षा में प्रथम पॉली में 5952 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन 2096 परीक्षार्थी शामिल हुये और 3856 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से दूसरी पॉली में 2076 परीक्षार्थी शामिल हुये और 3876 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राजकीय मेडिकल कॉलेज आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर परीक्षा संचालन की स्थिति का जायजा लिया और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजामों का पालन सुनिश्चित किया। पुलिस और प्रशासन के सख्त निगरानी के सकुशल परीक्षा संपन्न हुई।

जिस तरह से जिला प्रशासन द्वारा राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने की तैयारियां की थी उसके अनुरूप वैसा ही हुआ। किसी भी परीक्षा केंद्र से किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की कोई सूचना नहीं मिली। बताया जाता है कि उक्त परीक्षा से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे तो दूसरी पॉली में यह आंकड़ा और भी बढ़ गया था।

परीक्षा को देखते हुये परीक्षा केंद्र बनाये गये विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम रहे।

# नेत्रहीन प्रतिनिधियों की कार्यशाला संपन्न हुई

**उरई, जालौन।** ऑल इंडिया कनफेडरेशन ऑफद ब्लाइंड दिल्ली की संस्था का 6 राज्यों के नेत्रहीन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ शहर के गेस्ट हाउस में दो दिन की कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। जिसमें बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। जिसमें चित्रकूट से दृष्टि संस्था के महासचिव शंकर लाल गुप्ता और एआईसीबी दिल्ली की सचिव श्रीमती मंजुला रथ सहित नगर पंचायत कोटरा के अध्यक्ष सियाशरण व्यास और जिला योजना कार्य समिति के सदस्य अरविंद सिंह सेंगर माधौगढ़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रथम दिन की इस कार्यशाला में प्रोजेक्ट के बारे में आए हुए लोगों को विस्तृत रूप से बताया और उनसे आग्रह किया कि आप लोग अपने राज्यों में भी नेत्रहीन लोगों के लिए इस तरह का कार्य करें। अरविंद सेंगर एवं श्री व्यास ने संस्था का उत्साह बर्धन करते हुए हर तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# लेखपाल की हत्या की घटना से नाराज लेखपालों ने सौंपा ज्ञापन



**कालपी, जालौन।** बरेली में लेखपाल मनोज कश्यप की निर्मम हत्या की घटना को लेकर कालपी के लेखपालों ने नाराजगी जताते हुए उक्त घटना के विरोध स्वरूप उप्र लेखपाल संघ के आव्हान पर कालपी तहसील के लेखपालों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग उठाई है। लेखपाल संघ के अध्यक्ष जयवीर सिंह, मंत्री अनुपम तिवारी, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, प्रशांत गौतम, दिनेश कुमार राहुल आदि लेखपालों ने एसडीएम सुशील कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की निर्मम हत्या अपहरण की घटना के अलावा प्रदेश के विभिन्न स्थानों में लेखपालों के साथ मारपीट, जानलेवा हमला, धमकी की घटनाएं लगातार हो रही है, लेकिन प्रशासन संवेदनहीन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि लेखपालों के साथ बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से हम लोग बहुत ही आहत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित लेखपाल के आश्रितों को शासकीय मदद करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

# जनपंचायत में सपाइयों ने साधा गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना

**शिवगढ़, रायबरेली।** नगर पंचायत के भवानीगढ़ नहर कोठी पर आयोजित पीडीए जनपंचायत में सपाइयों ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव ने अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहाकि देश के उच्च सदन राज्यसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने जिस तरह से संविधान निर्माता एवं देश की धड़कन, गरीबों, शोषितों, वंचितों के मसीहा बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के बारे में अमर्यादित,अपमानजनक टिप्पणी की है क्षम्य नहीं है। पीडीए इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि इन्हें देश के विकास से कोई वास्ता नहीं है इनको महिलाओं को, वृद्धाओं को पेंशन नहीं देना है। इनको किसानों को खाद नहीं देनी है, बिजली नहीं देनी है, इनको नहरों में पानी नहीं देना है, बच्चों की फीस माफनहीं करनी है, आपके बच्चों को अच्छे विद्यालय में दाखिला नहीं लेने देना है, इनको हिंदुस्तान को और बेरोजगार बनाना है, इनको आपके क्षेत्र का विकास नहीं करना है इनको सिर्फ आपका ध्यान भटकने के लिए अनर्गल बातें करनी हैं।

# प्राथमिक स्कूल हवेली के नये भवन के लोकार्पण का इंतजार, बच्चे परेशान

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन




**गुलौली** मुस्तकिल गांव के मजरा हवेली में प्राथमिक स्कूल बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन लोकार्पण न होने से छात्रों को दो किलोमीटर दूर मजरा बगिया प्राथमिक स्कूल जाना पड़ रहा हैं। व्यवस्था होने के बाद भी सुविधा न मिलने से अभिभावकों में नाराजगी है।

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के गुलौली मुस्तकिल में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था हुई, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में काफी कमजोर रहा। गांव के मजरा हवेली में प्राथमिक विद्यालय का निर्माण 2005 में हुआ था। कुछ सालों के बाद विद्यालय क्षतिग्रस्त हो गया।

लेकिन फिर भी इसी जर्जर भवन में कक्षाएं चलती रही साल 2021-22 में जब इस भवन का प्लास्टर टूट कर गिरने लगा तो भवन में कक्षाएं लगनी बंद हो गई और बच्चों को गांव से 2 किलोमीटर दूर मजरा बगिया स्थित प्राथमिक विद्यालय भेजा जाने लगा।

जर्जर भवन को तोड़कर निर्माण शुरू हुआ। छह माह पूर्व भवन बनकर तैयार हो गया,लेकिन अभी तक भवन शिक्षा विभाग को हस्तांतरित नहीं हो सका है। हस्तांतरण और लोकार्पण का इंतजार चल रहा है और दूसरी तरफ 52 नौनिहाल 2 किलोमीटर दूर स्थित स्कूल जाकर पढ़ने को मजबूर हैं। प्रधान नूर बेग ने कहा कि 10 लाख रूपये से अधिक की लागत से भवन तैयार हो चुका है।

कई बार शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत की लेकिन किसी ने कोई सुध नहीं ली, अधिक दूरी के कारण अभिभावक बच्चों को भेजने से कतराते है। बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं था, वह जल्द इसको दिखवाते है, बच्चों को पढ़ने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।

# लाइनमैन की दबंगई चलती लाइन से पोल सहित दो सौ मीटर केबिल ले गया

**कालपी, जालौन।** विद्युत सब स्टेशन महेवा से सम्बद्ध ग्राम मंगरौल में शनिवार शाम छै बजे लाइनमैन ने चलती हुई लाइन से बिजली का खम्बा उखड़वाया दो सौ मीटर केबिल समेट कर ले आया जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

कोतवाली कालपी में जगपाल पुत्र रतीराम श्रीवास निवासी ग्राम मंगरौल थाना कालपी जालौन ने बताया कि 21 दिसंबर 2024 को सायं 6 बजे महेवा विद्युत उपखण्ड में तैनात लाइनमैन मिस्टर पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम महेवा शराब के नशे में धुत अपने तीन अन्य साथियों के साथ मेरे घर के पास चलती हुई बिजली की लाइन का खम्बा उखाड़ रहा था। किसान द्वारा उक्त कार्य का बिरोध करने पर उक्त लाइनमैन ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और कहा ठेकेदार के निजी ट्यूबैल में यह खम्बा लगाएगा। साथ ही उसने कहा वह सभी अधिकारियों को अपनी जेब में रखता है जिससे भी शिकायत करनी हो कर दो।

डर के मारे प्रार्थी चुप रहा। उक्त लाइनमैन व उसके साथियों ने न केवल बिजली का खम्बा उखाड़ा बल्कि लगभग 200 मीटर बिजली केबिल निकाल कर दयाराम पाल निवासी मंगरौल के ट्रेक्टर पर लाद कर ले गया। प्रार्थी ने लिखा कि यह घटना न केवल अवैध है बल्कि जनहित के खिलाफ है। यह बिजली आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करता है और ग्रामीणों की सुरक्षा के खतरा उत्पन्न करता है।

प्रार्थी ने दोषी लाइनमैन और साथियों के विरूद्ध विधिक व दंडात्मक कारवाई करने की मांग की। सम्पूर्ण प्रकृति के गवाह के रूप में दिए गये प्रार्थना पत्र में गवाह के रूप में आदित्य द्विवेदी ग्राम मंगरौल के हस्ताक्षर हैं। साथ ही शिकायत की प्रतिलिपि उप जिलाधिकारी दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. कार्यालय आगरा व अधिशासी अभियंता विद्युत केंद्र उरई को भेजने की बत कही है।

# समाजसेवी संस्था की बैठक में नगर की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई

**संवाददाता।** कालपी, जालौन



**रविवार** को समाजसेवी संस्था ऑपरेशन विजय (बुराइयों के खिलाफ जंग ) के तत्वावधान में सामाजिक समस्याओं के निस्तारण हेतु विधायक प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी की मौजूदगी में साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न नगर के कई मामलों को उठाकर उठाया गया।

डाकघर के सामने मैदान में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे मनोज चतुर्वेदी ने कहा कि संस्था के सदस्यों ने उत्पाती बंदरों मिलावटखोरी तथा बिजली समस्या का मामला उठाया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के स्तर पर समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुये संगठन के जिलाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह सेंगर ने बताया कि नगर कालपी में सामाजिक समस्याओं का तत्काल प्रभाव से सामाजिक तौर पर तथा प्रशासनिक तौर पर निदान कराने हेतु ऑपरेशन विजय (बुराइयों के खिलाफजंग) की हर माह के पखवाड़ा में प्रतिष्ठित समाजसेवियों एवं योद्धाओं को तथा जनमानस को एकत्रित कर अलग अलग मोहल्लों-मोहल्लों में बैठक का आयोजन किया जाता है। ताकि नगर की समस्याओं का समाधान करने की पहल शुरू हो। वरिष्ठ सदस्य अमर सिंह चंदेल के द्वारा उत्पाती बंदरों, मिलावटखोरी तथा बिजली समस्या के कई मुद्दों को उठाया गया। वीरेंद्र सिंह चौहान,नगर अध्यक्ष प्रदीप गांधी, वंदना यादव,नीलम मिश्रा ने अपने अपने सम्बोधन में कहा कि संगठन निर्बल, कमजोर वर्गों की निस्वार्थ भाव से जुड़कर समस्याओं का निस्तारण कर रहा है। बैठक का संचालन रमेश पाल के द्वारा किया गया है। इस दौरान प्रदीप कुमार जैन नगर अध्यक्ष ,रविंद्र प्रताप सिंह बब्बन ठाकुर जिला उपाध्यक्ष, अमर सिंह चंदेल जिला संरक्षक, बालकिशन प्रणामी जिला कोषाध्यक्ष, अशोक ख्वाजा, बीरेंद्र सिंह चौहान, आशुतोष यादव स लखन पुरवार, नीलू गुप्ता, राजेश यादव, वरुण मिश्रा, विशाल मिश्रा, निशांत गुप्ता, ज्ञान वती तिवारी, गणेश प्रसाद, रेनू मिश्रा, दीपिका शुक्ला, मंजू सेन, प्रीति आदि लोग सम्मिलित हुये।

# आतंकी संगठन का संदिग्ध बंगाल के दक्षिण 24 परगना से हुआ गिरफ्तार

- तहरीके मुजाहिदीन का संदस्य होने का संदेह
- बांग्लादेश होते हुए पाकिस्तान जाने की थी योजना

**भाषा।** कोलकाता

**कश्मीर** घाटी में सक्रिय आतंकी संगठन के एक संदिग्ध सदस्य को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित तहरीक-ए-मुजाहिदीन संगठन के सदस्य होने के संदेह में जावेद मुंशी को जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कैनिंग अस्पताल के पास से पकड़ा। उन्होंने बताया कि जावेद ने दावा किया कि वह निजी कारणों से कैनिंग कस्बे में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। जावेद घाटी में कथित तौर पर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है और जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी।

अधिकारी ने बताया कि तहरीक-ए-मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है और घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संपर्क हैं। उन्होंने बताया कि जावेद के पास से जिहादी साहित्य भी बरामद किया गया, जिसे स्थानीय लोगों को तहरीक-ए-मुजाहिदीन जैसे संगठनों की विचारधारा से परिचित कराने और मुस्लिम युवकों को संगठन में भर्ती कराने का काम सौंपा गया था।

अधिकारी ने बताया, हम जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं कि क्या वह दक्षिण 24 परगना जिले में स्लीपर सेल गिरोह बना रहा था। हम यह भी पता लगा रहे हैं कि क्या वह आईईडी विशेषज्ञ है और उसके संपर्क में कौन-कौन थे।

अधिकारी ने बताया कि जावेद हाल ही में नेपाल गया था और वह बांग्लादेश होते हुए पाकिस्तान जाने की योजना बना रहा था। जावेद गुलशन हाउस नामक इमारत में रहता था। इसके मालिक ने दावा किया कि उन्हें पता था कि वह शॉल बेचता था और श्रीनगर का निवासी है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता था कि वह किसी आतंकवादी संगठन या अन्य गतिविधियों में संलिप्त है।

उन्होंने बताया कि जावेद को अलीपुर अदालत में पेश करने के बाद 31 दिसंबर तक रिमांड पर भेज दिया गया है। यह गिरफ्तारी हाल में आतंकवादी संगठन अंसार-अल-इस्लाम बांग्लादेश के आठ संदिग्ध सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद हुई है, जो पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले चिकन नेक को निशाना बनाने की साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से दो मुर्शिदाबाद जिले के थे और बंगाल, केरल व असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे।

गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में से दो मुर्शिदाबाद जिले के थे तथा वे पश्चिम बंगाल, केरल और असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे।

# ठाणे के शाहपुर में आभूषण दुकान के कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले के शाहपुर में दो अज्ञात व्यक्तियों ने आभूषण की दुकान के 25 वर्षीय कर्मचारी और उसके नियोक्ता पर गोली चला दी जिससे कर्मचारी की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 10:30 बजे हुई जब दिनेशकुमार मानाराम चौधरी, उनके नियोक्ता और एक अन्य व्यक्ति काम खत्म करने के बाद गोठेघर इलाके में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के बाहर इंतजार कर रहे थे।

शाहपुर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने कई गोलियां चलाईं जो चौधरी को लगीं और रविवार तड़के ठाणे के एक अस्पताल में उसकी मौत हो गई। बदमाशों ने चौधरी के पास मौजूद एक थैला लूट लिया। वरिष्ठ निरीक्षक जितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि चौधरी (25) महालक्ष्मी ज्वैलर्स में कर्मचारी था। घटना का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है।

अधिकारी ने बताया, "पुलिस उपाधीक्षक मिलिंद शिंदे की देखरेख में जांच शुरू की गई है। हमलावरों को पकड़ने के लिए जिले में कई जगहों पर नाकेबंदी की गई है। हमलावरों के भागने के रास्ते का पता लगाने के लिए इलाके के साथ-साथ मुंबई-नासिक राजमार्ग के हिस्सों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है"।

पुलिस के अनुसार, चौधरी की मदद करने पहुंची एक महिला सब्जी विक्रेता को हमलावरों ने धमकाया। गोलीबारी की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में व्यापक असंतोष फैल गया है तथा शाहपुर व्यापार संघ ने पुलिस से अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

दिन में इलाके की दुकानें बंद रहीं और व्यापारियों ने शाहपुर पुलिस थाने तक मौन मार्च निकाला। विरोध मार्च में हिस्सा लेते हुए पूर्व विधायक पांडुरंग बरोरा ने कहा, अगर दोषियों को 48 घंटे में नहीं पकड़ा गया तो विरोध प्रदर्शन तेज होगा। इस तरह की अराजकता जारी नहीं रहने दी जा सकती।

# द्रमुक कार्यकारी समिति ने बयान को लेकर अमित शाह की निंदा की

- भाजपा पर लगाया विषय से ध्यान भटकाने का आरोप

**भाषा।** चेन्नई

**द्रविड़** मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की अध्यक्षता में रविवार को यहां हुई पार्टी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में बाबासाहेब आंबेडकर की मानहानि करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कड़ी निंदा की गई।

द्रमुक ने पारित एक प्रस्ताव में आरोप लगाया कि शाह ने डॉ. आंबेडकर के बलिदान को कलंकित किया है, जो अस्वीकार्य है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के तहत संसदीय लोकतंत्र पर एक धब्बा है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि मंत्री की टिप्पणी से ध्यान हटाने के लिए संसद के अंदर और बाहर भाजपा द्वारा किया गया नाटक एक मजाक था। पार्टी ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं तथा संसद के दोनों सदनों में मंत्री का विरोध करने के लिए सांसदों की सराहना की।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कुछ दिन पहले इरोड दौरे के बाद कहा था कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों में 200 से अधिक सीटें जीतेगी। द्रमुक ने अपने कार्यकर्ताओं से कुल 234 विधानसभा क्षेत्रों में से 200 से अधिक सीट जीतने के लिए तुरंत तैयारी शुरू करने का आह्वान किया।

द्रमुक ने मांग की कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के मछुआरों और उनकी नावों को श्रीलंका से तुरंत छुड़ाने के लिए कदम उठाए। पार्टी ने केंद्र सरकार से मछुआरों के मुद्दे का स्थाई समाधान खोजने और श्रीलंका से कच्चातीवु द्वीप वापस लेने के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया गया।

द्रमुक ने चक्रवाती तूफान फेंगल के बाद राहत पर कहा कि केंद्र का आपदा राहत कोष भाजपा का पार्टी कोष नहीं है और उसे राज्य सरकार द्वारा मांगी गई धनराशि आवंटित करनी चाहिए। राज्य ने स्थाई मरम्मत और तत्काल आवश्यकताओं के लिए क्रमशः 6,675 करोड़ रुपए और 2,000 करोड़ रुपए मांगे थे। पार्टी ने कहा कि केंद्र ने केवल 944.80 करोड़ रुपए ही जारी किए, जो सामान्य रूप से लंबित राज्य आपदा राहत कोष था। पार्टी ने केंद्र से एक राष्ट्र एक चुनाव प्रस्ताव को छोड़ने का आह्वान किया और टंगस्टन खनन मुद्दे पर भी उसकी निंदा की।

साथ ही, पार्टी ने संसद में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन करने के लिए 2023 में एक विधेयक का समर्थन करने के लिए राज्य की मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पर निशाना साधा। इस संशोधन की वजह से केंद्र को टंगस्टन खनन अधिकार प्रदान करने की अनुमति मिली।

एक अन्य प्रस्ताव में समग्र शिक्षा योजना के तहत धनराशि जारी न करके तमिलनाडु के साथ पक्षपात और विश्वासघात करने के लिए केंद्र पर निशाना साधा गया।

# कांग्रेस ने पॉपकॉर्न पर अलग-अलग कर की दर निर्धारित करने के लिए सरकार की आलोचना की

- जिस व्यवस्था को सरल होना था उसकी जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं : जयराम रमेश

**भाषा।** नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि जीएसटी के तहत पॉपकॉर्न के लिए तीन अलग-अलग कर दर बेतुकी हैं और केवल प्रणाली की बढ़ती जटिलता को उजागर करती है। पार्टी ने सवाल किया कि क्या मोदी सरकार जीएसटी 2.0 को लागू करने के लिए पूर्ण बदलाव शुरू करने का साहस दिखाएगी।

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) चोरी काफी ज्यादा है, इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी आम बात है, और जीएसटी प्रणाली को धत्ता बताने के लिए स्थापित फर्जी कंपनियों की संख्या हजारों में है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, जीएसटी के तहत पॉपकॉर्न के लिए तीन अलग-अलग टैक्स स्लैब के बेतुके फैसले ने सोशल मीडिया पर मीम्स की सुनामी ला दी है।

यह एक गंभीर मुद्दे को सामने लाता है: एक ऐसा सिस्टम जिसे गुड और सिंपल होना था, लेकिन उसकी जटिलताएं बढ़ती ही जा रही हैं। रमेश ने कहा, जीएसटी की चोरी गंभीर मामला है, इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी आम है और जीएसटी सिस्टम में खेल करने के लिए स्थापित फर्जी कंपनियों की संख्या हजारों में है।

उन्होंने कहा, आपूर्ति श्रृंखलाओं की ट्रैकिंग कमज़ोर है, पंजीकरण प्रक्रिया खामियों से भरी हुई है, टर्नओवर में मिलने वाली छूट में व्याप्त खामियों का फ़ायदा उठाया जा रहा है, अनुपालन आवश्यकताएं अभी भी कष्टकारी हैं, और वस्तुओं का गलत वर्गीकरण अक्सर होता है। कांग्रेस नेता ने कहा, जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) द्वारा उजागर किए गए कर धोखाधड़ी के हालिया आंकड़ों से वित्त वर्ष 24 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चलता है।

उन्होंने कहा, केंद्रीय बजट अब से केवल 40 दिन दूर है, क्या प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इसमें पूरी तरह से बदलाव लाने और जीएसटी 2.0 शुरू करने की हिम्मत दिखाएंगे? जीएसटी परिषद ने शनिवार को पॉपकॉर्न पर कराधान के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति व्यक्त की और कहा कि पहले से पैक और लेबल लगे रेडी-टू-ईट स्नैक्स पर 12 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कारमेलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

पॉपकॉर्न की कर दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है और जीएसटी परिषद ने केवल इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पॉपकॉर्न की वर्तमान कराधान व्यवस्था को स्पष्ट करने वाला एक परिपत्र जारी करेगा। रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न में नमक और मसाले मिलाए जाते हैं। इसमें नमकीन के आवश्यक गुण होते हैं, पर वर्तमान में पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है बशर्ते यह पहले से पैक और लेबल नहीं किया गया हो। यदि इसे पूर्व-पैकेज्ड और लेबलयुक्त रूप में आपूर्ति किया जाता है, तो 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाता है। हालांकि, जब पॉपकॉर्न को चीनी (कारमेल पॉपकॉर्न) के साथ मिलाया जाता है, तो इसका मूल गुण चीनी कन्फेक्शनरी के समान हो जाता है, और इसलिए इसे एचएस 1704 90 90 के तहत वर्गीकृत किया जाएगा और स्पष्टीकरण के अनुसार इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

# आयकर विभाग ने पीडीपी विधायक पारा को नोटिस भेज खातों की जानकारी मांगी

**भाषा।** श्रीनगर

आयकर विभाग ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के विधायक वहीद पारा को अपने खातों की जानकारी मुहैया कराने के लिए नोटिस दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नोटिस के अनुसार, पारा को 20 दिसंबर को आयकर विभाग के अधिकारियों के सामने पेश होना था, लेकिन उन्हें उसी दिन सूचना मिली। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा से पीडीपी विधायक पारा की टिप्पणी नहीं मिल पाई लेकिन उनके करीबी सहयोगियों ने कहा कि उनका प्रतिनिधि सोमवार को आयकर विभाग के कार्यालय में उपस्थित होगा।

पारा को आयकर अधिनियम की धारा 131(1ए) के तहत नोटिस दिया गया, जो आयकर अधिकारी को करदाताओं से जानकारी मांगने का अधिकार देता है, भले ही कोई औपचारिक कार्यवाही लंबित न हो। इस प्रावधान के तहत आयकर विभाग के अधिकारियों को यह भी अनुमति है कि वे खाता बही और वित्तीय दस्तावेज मांग सकते हैं, जिन्हें नोटिस प्राप्तकर्ता स्वयं ला सकता है या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से भेज सकता है।

विधानसभा चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों के अनुसार, पारा ने कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार पर 14 लाख रुपए से थोड़ा अधिक खर्च किया था। इसमें से 12 लाख रुपए उन्हें व्यक्तियों, कंपनियों, फर्मों या एसोसिएशन से ऋण, उपहार और दान के रूप में मिले थे। अपने चुनावी हलफनामे में पारा ने बताया था कि उनकी चल-अचल संपत्ति का कुल मूल्य 2.5 करोड़ रुपए से अधिक है, जिसमें दो करोड़ रुपए की विरासत में मिली कृषि भूमि भी शामिल है।

पारा दो साल जेल में बिताने के बाद जमानत पर बाहर हैं। पुलवामा से जिला विकास परिषद चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के एक दिन बाद 25 नवंबर, 2020 को उन्हें राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया था।

जनवरी 2021 में एनआईए अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। जैसे ही पारा जेल से बाहर निकल रहे थे, जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (कश्मीर) विंग ने उन्हें उन्हीं आरोपों में गिरफ्तार कर लिया।

# उन्नाव बलात्कार मामले में अदालत ने कुलदीप सेंगर की अंतरिम जमानत एक महीने तक बढ़ाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत शुक्रवार को एक महीने के लिए बढ़ा दी।

अदालत ने भाजपा से निष्कासित नेता सेंगर पर कुछ शर्तें भी लगाईं, जैसे कि उपचार के लिए एम्स जाने के अलावा अपने आवास से बाहर नहीं निकलना और दिल्ली नहीं छोड़ना। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और बलात्कार पीड़िता दोनों ने अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की याचिका का विरोध किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि सेंगर 20 जनवरी को जेल अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। पीठ ने इससे पहले नेता को 20 दिसंबर तक अंतरिम जमानत दी थी।

पांच दिसंबर को, अदालत ने सेंगर की सजा को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया था और एम्स में उनकी चिकित्सकीय जांच का निर्देश दिया था। सेंगर के मोतियाबिंद सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित होने का दावा किया गया था। उसके बाद उसके वकील ने उचित देखभाल और आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम राहत को पांच महीने और बढ़ाने का अनुरोध किया।

पीठ ने 20 दिसंबर को पारित आदेश में निर्देश दिया, अपीलकर्ता (सेंगर) की समग्र चिकित्सा स्थिति पर विचार करते हुए, इस अदालत की राय है कि जिस अवधि के लिए निलंबन की मांग की जा रही है वह लंबी है। हालांकि अपीलकर्ता को उसकी आंख की सर्जरी, अंडकोष के दर्द और शौच के दौरान होने वाले रक्तस्राव की समस्या से उबरने में मदद के लिए, एक महीने की अवधि के लिए अंतरिम जमानत बढ़ाने का निर्देश दिया जाता है। आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

अदालत ने आदेश दिया कि सेंगर के यहां स्थित आवास पर दिल्ली पुलिस के एक कांस्टेबल द्वारा 24 घंटे पहरा दिया जाएगा, जो एक समय में दो से अधिक आगंतुकों को आने की अनुमति नहीं देगा। अदालत ने कहा कि सेंगर कुछ शर्तों का पालन करेगा, जैसे कि उपचार के लिए एम्स जाने के अलावा अपने आवास से बाहर नहीं जाना और दिल्ली नहीं छोड़ना।

खंडपीठ ने इससे पहले सेंगर की चिकित्सा स्थिति की व्यापक समीक्षा के लिए उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराने का आदेश दिया था। भाजपा के पूर्व नेता सेंगर उन्नाव बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की जेल की सजा काट रहा है और उसे एक अन्य पीठ ने 20 दिसंबर तक मामले में अंतरिम जमानत दी थी।

बलात्कार मामले में दिसंबर 2019 के एक निचली अदालत के फैसले के खिलाफ उनकी अपील उच्च न्यायालय में लंबित है। उन्होंने इसे रद्द करने का अनुरोध किया है। नाबालिग लड़की का कथित तौर पर 2017 में सेंगर ने अपहरण करके उसके साथ बलात्कार किया था।

तेरह मार्च, 2020 को हिरासत में मौत के मामले में सेंगर को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी और 10 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। अदालत ने सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य को भी 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी। बलात्कार पीड़िता के पिता को कथित तौर पर सेंगर के कहने पर हथियार कानून के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता के पिता की नौ अप्रैल, 2018 को हिरासत में मृत्यु हो गई। बलात्कार मामले और अन्य संबंधित मामले एक अगस्त, 2019 को उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर उत्तर प्रदेश की एक निचली अदालत से दिल्ली स्थानांतरित कर दिए गए थे।

## मोदी कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया के क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को यहां कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया (सीबीसीआई) द्वारा सीबीसीआई सेंटर में आयोजित क्रिसमस समारोह में शामिल होंगे। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी कार्डिनल, बिशप और चर्च के प्रमुख पदाधिकारियों सहित ईसाई समुदाय के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब कोई प्रधानमंत्री भारत में कैथोलिक चर्च के मुख्यालय में इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीबीसीआई की स्थापना 1944 में हुई थी और यह वह संस्था है, जो पूरे भारत में सभी कैथोलिक के साथ मिलकर काम करती है।

# बुलंदशहर में मिला बंद पड़ा पुराना मंदिर, विश्व हिन्दू परिषद ने किया जीर्णोद्धार का आग्रह

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा शहर में एक बंद पड़ा पुराना मंदिर मिलने पर हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और जाटव विकास मंच ने जिला प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया ताकि धार्मिक गतिविधियों को फिर से शुरू किया जा सके। विहिप के मेरठ प्रांत के पदाधिकारी सुनील सोलंकी ने बताया कि यह मंदिर वर्ष 1990 से बंद है क्योंकि इस क्षेत्र में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन कर गए थे। सोलंकी ने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन को एक ज्ञापन दिया गया है, जिसमें पूजा कराने के लिए मंदिर की सफाई और सौंदईकरण का अनुरोध किया गया है। जाटव विकास मंच के अध्यक्ष कैलाश भागमल गौतम ने बताया कि मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना है, जिसे मूल रूप से जाटव समुदाय के सदस्यों द्वारा बनाया गया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 के दंगों के बाद समुदाय ने पलायन कर दिया और तब से मंदिर बंद है। मंच ने विहिप के साथ समन्वय में मंदिर की पूजा गतिविधियों के पुनरुद्धार का औपचारिक रूप से अनुरोध किया है। खुर्जा के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) दुर्गेश सिंह ने सलमा हाकन मोहल्ले में मंदिर के होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जाटव समुदाय ने मंदिर का निर्माण किया था और वहां पूज भी की थी हालांकि समुदाय के पलायन करने के बाद मूर्तियों को जाटव समुदाय के एक परिवार के सदस्य द्वारा कथित तौर पर ले जाया गया।

# पेज 1 का शेष

## महिला...

क्योंकि केंद्र सरकार की नीतियों ने बहुत महंगाई कर दी है। कई महिलाएं के छोटे-छोटे शौक होते हैं। वह अपने लिए कभी-कभी अच्छा शूट या साड़ी भी ला सकती हैं। योजना के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार से शुरू होगा। महिलाओं को कहीं लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। आम आदमी पार्टी ने हर इलाके में हजारों टीम बनाई है। हमारी टीम आपके घर आएंगी और आपके घर में जितनी भी महिलाएं हैं, उन सभी का रजिस्ट्रेशन करके आपको एक रजिस्ट्रेशन कार्ड दिया जाएगा। उस कार्ड को संभालकर रखना है। केजरीवाल ने कहा कि दूसरी संजीवनी योजना का ऐलान किया था। इस योजना के तहत हमारे 60 साल के ऊपर जितने भी बुजुर्ग हैं, उन सभी बुजुर्गों के इलाज का खर्च दिल्ली सरकार वहन करेगी। चाहे सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो, चाहे अमीर हो या गरीब हो। आज तक किसी सरकार ने मिडिल क्लास के लिए कुछ नहीं किया। मिडिल क्लास का कोई ध्यान रखने वाला नहीं है। कितने ऐसे लोग हैं, जो पूरी जिंदगी मेहनत करते हैं, लाखों करोड़ों रुपए का इनकम टैक्स और जीएसटी देते हैं। देश के विकास और उन्नति में पूरी जिंदगी अपना सहयोग देते हैं। लेकिन जब वह 60 साल के बाद रिटायर हो जाते हैं, तो देखा है कि अच्छे-अच्छे परिवारों में भी उनकी संतान उनका ख्याल नहीं रखती है। बुढ़ापे में सबसे बड़ी चिंता यही होती है कि बीमार हो गया तो मेरा क्या होगा, मेरा इलाज कौन कराएगा। मैं उन सब लोगों को कहना चाहते हैं कि उनको चिंता करने की जरूरत नहीं है। अब आम आदमी पार्टी की सरकार आपका इलाज कराएगी। इसका रजिस्ट्रेशन भी सोमवार से शुरू होगा। सब लोग अपने घर में अपना वोटर कार्ड तैयार रखें। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें लगता है कि महिला सम्मान योजना में 35-40 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल सकता है। वहीं संजीवनी योजना के तहत 10-15 लाख बुजुर्गों को लाभ मिल सकता है।

**महिला सम्मान राशि के लिए पात्रता:** इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला लाभार्थी की उम्र 18 साल से ज्यादा होनी चाहिए। वह दिल्ली की निवासी और वोटर होनी चाहिए। वर्तमान या पूर्व में स्थायी सरकारी कर्मचारी (केंद्र या राज्य सरकार या एमसीडी) नहीं होनी चाहिए। अगर कोई महिला एमपी, एमएलए, काउंसलर है या रह चुकी हैं, वो भी पात्र नहीं होंगी। अगर किसी महिला ने पिछले वित्तीय सत्र में इनकम टैक्स भरा है, वो पात्र नहीं होंगी। जो महिलाएं दिल्ली सरकार की कोई पेंशन स्कीम, जैसे ओल्ड ऐज पेंशन, विडो पेंशन, डिसएबिलिटी पेंशन का लाभ ले रही है, वो पात्र नहीं होंगी। इसके अलावा, 18 साल से ज्यादा की उम्र की हर महिला मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत पत्र होगी।

## गणतंत्र..

रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति ने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रस्तावों का उनके विषय, अवधारणा, डिजाइन और दृश्य प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन किया था। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, समिति के पास प्राप्त कई प्रस्तावों में से सर्वश्रेष्ठ झांकी का चयन करने का कठिन काम था। चयनित झांकी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विरासत को प्रदर्शित करेगी। दिल्ली के प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने को शहर के लिए एक झटका माना जा रहा है, जिसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है और गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का एक लंबा इतिहास है। केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि इस साल एक बार फिर दिल्ली की झांकी को क्यों बाहर रखा गया है। दिल्ली के लोगों को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने से क्यों रोका जा रहा है। यह दावा करते हुए कि दिल्ली की झांकी पिछले कई सालों से छूट रही है, केजरीवाल ने कहा, यह किस तरह की राजनीति है। दिल्ली और उसके लोगों के प्रति इतनी नफरत क्यों है। अगर इन नेताओं में इतनी दुश्मनी है, तो दिल्ली के लोग उन्हें वोट क्यों दें।

## वसुंधरा...

कार में सात पुलिसकर्मी सवार थे। इनमें से कुछ को मामूली चोटें आई हैं। राजे सड़क मार्ग से पाली जिले के मुंडारा गांव जा रही थी। इस दौरान बाली और कोट बालियान के बीच उनके काफिले में शामिल एक कार एक बाइक को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गई। भाजपा के एक नेता ने बताया कि उनकी कार पुलिस वाहन के पीछे थी। पुलिस वाहन एक बाइक को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके बाद वह तुरंत अपनी गाड़ी से नीचे उतरे और घायल पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। उन्होंने बताया कि तीन पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं।

## अंधेरे....

जारी रखने पर जोर दिया। शाम करीब 5 बजे बसों ने फिर से नेपाल की ओर जाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें एक बार फिर आगे बढ़ने से रोक दिया गया। इसके बाद प्रबंधकों ने घने जंगल के बीच स्थित बिछिया रेलवे स्टेशन पर बच्चों को खुले में बैठाने का फैसला किया। तापमान गिरने के साथ, बच्चे ठंड से खुद को बचाने के लिए एक साथ इकट्ठे हो गए। छात्रों के फंसे होने की सूचना मिलने के बाद, जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी ने कार्रवाई के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) संजय कुमार, पुलिस और वन विभाग के अधिकारी भोजन उपलब्ध कराने, अलाव जलाने और बच्चों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौके पर पहुंचे। एसडीएम संजय कुमार ने पुष्टि की कि सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए थे। बच्चों और कर्मचारियों को आधी रात के आसपास सुरक्षित रूप से गोंडा वापस ले जाया गया, जिससे उनकी परेशानी खत्म हो गई।

## भारतीय...

साथ गफलत का शिकार होकर रन आउट हो गई। रिचा और जेमिमा ने तेजी से रन बनाना जारी रखा। जेमिमा ने तीन चौके और छक्का तो वहीं रिचा ने चार चौके और एक छक्का के साथ अपने आक्रामक तेवर दिखाए। वेस्टइंडीज के लिए जायदा जेम्स सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं। बाएं हाथ की इस स्पिनर आठ ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट लिए। भारतीय टीम आखिरी ओवरों में जल्दी-जल्दी से विकेट गंवाने के कारण तेजी से रन नहीं बना सकी। टीम ने आखिरी तीन ओवर में केवल 20 रन बनाए और चार विकेट गवांए जिसमें से तीन विकेट जेम्स के नाम रहे।

## लोन....

उसे ढूंढने में सफल रही और जामा मस्जिद के पास से उसे पकड़ लिया। शुरू में, उसने विरोध किया और एक तमाशा बनाने की कोशिश की, लेकिन उसे जिला मजिस्ट्रेट, अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर द्वारा उसके खिलाफ जारी किए गए ऑपरेशन और हिरासत आदेश के बारे में समझाया गया। फिर, उसने स्वीकार किया कि वह पहले से ही जम्मू और कश्मीर प्राधिकरण द्वारा शुरू की जा रही कार्यवाही के बारे में जानता था और इसलिए, वह जानबूझकर फरार हो रहा था और खुद को छिपा रहा था। तदनुसार, उपरोक्त आरोपी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 35 (1) (बी) (जे) के प्रावधान के तहत गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि बिलाल अहमद लोन कोई साधारण ठग नहीं है, उसने जम्मू-कश्मीर में बड़ी संख्या में लोगों को वाहन खरीदने के लिए लोन दिलाने के नाम पर ठगा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, वह जम्मू और आस-पास के इलाकों में तैनात अर्धसैनिक बलों के जवानों को अपना निशाना बनाता था।

# पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक जनवरी से नई दर्शन व्यवस्था

**भुवनेश्वर (भाषा)।** ओडिशा सरकार श्रद्धालुओं को देवताओं के दर्शन के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए पुरी के जगन्नाथ मंदिर में एक नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए हरिचंदन ने कहा कि सरकार एक जनवरी से जगन्नाथ मंदिर में लोगों के दर्शन के लिए नई व्यवस्था शुरू करने के लिए कदम उठा रही है। उन्होंने कहाकि आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। 27 या 28 दिसंबर तक आवश्यक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रायोगिक आधार पर 30 और 31 दिसंबर को दो दिनों के लिए नई व्यवस्था शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से नई दर्शन व्यवस्था पूरी तरह लागू हो जाएगी। मंत्री ने कहा कि इस कदम के तहत मंदिर में आने वाली महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग व्यक्तियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की जा रही है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 23 दिसम्बर, 2024



# त्रिपुरा में भाजपा का 10 साल माकपा के 30 साल के कामकाज पर भारी : शाह

भाषा। अगरतला



**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने रविवार को कहा कि वह 2028 के विधानसभा चुनावों में त्रिपुरा में भाजपा और माकपा दोनों शासन का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। उन्होंने कहा कि तब तक भाजपा का प्रदर्शन पूर्ववर्ती वामपंथी शासन की उपलब्धियों से अधिक होगा। शाह ने यहां रवींद्र भवन में राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि वाम मोर्चा शासन के दौरान त्रिपुरा 35 वर्षों तक पिछड़ा रहा क्योंकि सरकार केवल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं के लिए काम करती थी। शाह ने कहा, त्रिपुरा ने भाजपा को दो बार जनादेश दिया है। तीसरी बार (2028 विधानसभा चुनाव) मैं अपने 10 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड लेकर आऊंगा और इसकी तुलना माकपा के 35 साल के शासन से करूंगा। मुझे उम्मीद है कि हमारा रिपोर्ट कार्ड वामपंथियों से बेहतर होगा। मिजोरम से विस्थापित होने के बाद त्रिपुरा में पुनर्वासित किए गए ब्रू आदिवासियों के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, मैं उन ब्रू लोगों को देखकर खुश हूं, जो 23 वर्षों से (आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों के रूप में) दयनीय जीवन जी रहे थे, अब वे त्रिपुरा में पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बिजली और एलपीजी कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ एक सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। वामपंथी सरकार ने ब्रू लोगों के बारे में नहीं सोचा, जबकि वे भी भारतीय हैं और एक सम्मानजनक जीवन जीने के हकदार हैं। शाह ने कहा कि राज्य में पाइप से जलापूर्ति का दायरा 2018 में 2.86 प्रतिशत (जब भाजपा सत्ता में आई) से बढ़कर 2024 में 87 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा, इसे ही सुशासन कहते हैं। उन्होंने कहा, त्रिपुरा अपने कुल कृषि उत्पादन का 70 प्रतिशत जैविक तरीके से उत्पादित करता है, लेकिन प्रमाणीकरण की समस्या रही है। मैं किसानों से इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय जैविक सहकारी लिमिटेड से जुड़ने का आग्रह करता हूं।

## गृहमंत्री ने त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान की आधारशिला रखी

**अंबासा (त्रिपुरा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को त्रिपुरा में केंद्रीय गुप्तचर प्रशिक्षण संस्थान (सीडीटीआई) समेत 668 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। धलाई जिले के अंबासा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा त्रिपुरा में सीडीटीआई की स्थापना का उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने विद्रोही समूहों के साथ तीन समझौतों और ब्रू रियांग समुदाय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करके त्रिपुरा में शांति बहाल की है। त्रिपुरा अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिलांग में आयोजित पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 69वें पूर्ण सत्र के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र की अनूठी सुरक्षा चुनौतियों का अध्ययन करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से एक अकादमिक शोध केंद्र स्थापित करने की सिफारिश की गई थी। त्रिपुरा ने संस्थान के लिए पश्चिम त्रिपुरा जिले के जिरानिया सब डिविजन में 9.57 एकड़ भूमि आवंटित की है। गृह मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। आवंटित भूखंड का डिजिटल सर्वेक्षण पहले ही किया जा चुका है। विज्ञप्ति में कहा गया है, त्रिपुरा में सीडीटीआई प्रतिवर्ष पूर्वोत्तर राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 6,000 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित करेगा। संस्थान अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे उन्नत कक्षाओं, सिमुलेशन (अभ्यास) प्रयोगशालाओं, आईटी डेटा केंद्रों और व्यावहारिक प्रशिक्षण क्षेत्रों से लैस होगा, जो पुलिस कर्मियों को आधुनिक कौशल प्रदान करेगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि संस्थान पूर्वोत्तर में आंतरिक और राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करेगा। संस्थान में एक अलग शैक्षणिक अनुसंधान केंद्र भी होगा।

## नीतीश के नेतृत्व में बिहार विधानसभा का अगला चुनाव लड़ेगा राजगः सम्राट चौधरी

नई दिल्ली। बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अगले साल बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगा। भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्या राजग कुमार को अपने नेता के तौर पर पेश करने पर पुनर्विचार कर सकता है, तो इसपर उन्होंने कहा, कोई भ्रम नहीं है।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में यह पूछे जाने पर कि क्या राजग मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना बिहार में चुनाव में जा सकता है, जैसा कि हाल ही में उसने महाराष्ट्र में किया था, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने था, हम एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। निर्णय लेने के बाद हम आपको बताएंगे।उनकी इस प्रतिक्रिया से ए अटकलें तेज हो गई थीं कि भाजपा 2025 के चुनावों में कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में पेश नहीं करने पर जोर दे सकती है।चौधरी ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा, बिहार में राजग नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहा है और हम दोनों नेताओं के नेतृत्व में चुनाव लड़ते रहेंगे।

## राहुल गांधी हिंसा प्रभावित परभणी का दौरा करेंगे, भाजपा ने इसे नौटंकी बताया

**मुंबई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे और इस महीने की शुरुआत में वहां हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मिलेंगे। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई ने गांधी के दौरे को नौटंकी करार दिया है। मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित परभणी शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति को 10 दिसंबर की शाम को क्षतिग्रस्त किए जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा साझा किए गए कार्यक्रम के अनुसार, गांधी आंबेडकरवादी सोमनाथ सूर्यवंशी और विजय वाकोडे के परिवार वालों से मुलाकात करेंगे। सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में मृत्यु हो गई थी और वाकोडे की विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के दौरान मृत्यु हो गई थी। आरोप लगाए गए हैं कि सूर्यवंशी की पुलिस हिरासत में हत्या की गई। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने हाल में राज्य विधानसभा में कहा कि सूर्यवंशी ने मजिस्ट्रेट को बताया था कि उन्हें प्रताड़ित नहीं किया गया और सीसीटीवी फुटेज में भी क्रूरता का कोई सबूत नहीं दिखा। फडणवीस पहले ही परभणी हिंसा की न्यायिक जांच की घोषणा कर चुके हैं।

## शाह के खिलाफ प्रदर्शन के लिए एआईएमआईएम नेता, 49 अन्य पर मामला दर्ज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बिना अनुमति के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता इम्तियाज जलील और 49 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एआईएमआईएम नेता जलील ने शनिवार को पैठण गेट पर आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि कर्फ्यू के दौरान बिना अनुमति के यह प्रदर्शन किया गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## क्रिसमस समारोह को लेकर शिक्षकों को धमकाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

पलक्कड़ (केरल)। केरल के पलक्कड़ में क्रिसमस समारोह को लेकर एक सरकारी स्कूल के शिक्षकों को धमकाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप)के तीन कथित कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पलक्कड़ के नल्लेपिल्ली सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को हुई घटना के सिलसिले में चित्तूर पुलिस ने के. अनिल कुमार, वी. सुसासनन और के. वेलायुधन को गिरफ्तार किया। स्कूल के अधिकारियो द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार तीनो ने कथित तौर पर स्कूल के क्रिसमस समारोह मे व्यवधान डाला, शिक्षक और छात्रो से क्रिसमस कैरोल के लिए उनकी पोशाक के बारे मे सवाल किए और छात्रो के सामने शिक्षको के साथ गाली-गलौज की। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, तीनो को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उन पर सरकारी कर्मचारियो के काम मे बाधा डालने और धमकी देने का आरोप लगाया गया है।

## सोलर एनर्जी को बढ़ावा देंगे

**झांसी।** जैक्सन की सहयोगी कंपनी जैक्सन सोलर मॉड्यूल व सेल्स ने राम राजा सोलर पॉवर ग्रीन एनर्जी के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश के झांसी में एक मीट का आयोजन किया। यह एक अहम कार्यक्रम संबंधों को प्रागढ़ता प्रदान करने और नई साझेदारी बनाने के लिए आयोजित किया गया। इसकी मदद से जैक्सन ग्रीन को इस क्षेत्र में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में 80 डीलर, इंडस्ट्रीज एक्सपर्ट और संभावित ग्राहकों की बड़ी मौजूदगी रही। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में सोलर एनर्जी समाधान का महत्व बढ़ता जा रहा है। खासतौर पर कोल्ड स्टोरेजए आटा चक्की और अस्पताल जैसे व्यावसायिक और औद्योगिक क्षेत्र में। इस अवसर पर जैक्सन सोलर मॉड्यूल के सीईओ अनुराग गर्ग ने अपने प्रमुख भाषण में कहा कि मीट में हिस्सा लेने वालों का सोलर एनर्जी के प्रति उत्साह बढ़ता जा रहा है। यह बात हमारे टिकाऊ विकास के लक्ष्य का हिस्सा है। हम इस उत्साह को बरकरार रखते हुए आगे भी इस तरह की मीट का आयोजन करेंगे। यह नवीनीकृत एनर्जी के क्षेत्र में हमारी लीडरशिप का पुख्ता प्रमाण है।

## युवती ने प्रेमी पर हमला कर उसे घायल किया

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र मे रविवार को एक युवती ने अपने प्रेमी के गुप्तांग पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया। चरथावल थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी गांव के रहने वाले एक युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग था मगर युवक के परिजन ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी तथा युवक इससे नाराज अपनी प्रेमिका को कथित रूप से मनाने के लिए उसे एक होटल मे ले गया था।

## बिहार पंचायत पुस्तकालयों में नौकरशाह के पिता की किताबें

### अधिकारियों का अनियमितता से इनकार

भाषा। पटना

**बिहार में** यह बात सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है कि राज्य भर में पंचायत पुस्तकालयों के लिए कथित तौर पर अनुशंसित 20 से अधिक किताबें उस नौकरशाह के पिता द्वारा लिखी गई थीं जो उस समय विभाग के प्रमुख थे। इस बीच, पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वह इस मामले को देखेंगे और कार्रवाई तभी की जाएगी जब कोई अनियमितता पाई जाएगी। जब 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पंचायत पुस्तकालयों के लिए लगभग 1600 पुस्तकों की सूची को मंजूरी दी गई थी तब आईएएस अधिकारी मिहिर कुमार सिंह पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव थे। सिंह ने विवाद उठने पर नाराजगी जताई। उन्होंने पीटीआई-भाषा से रविवार को कहा, पुस्तकों की पूरी सूची को इस उद्देश्य के लिए गठित समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। लेकिन मेरे पिता जगदीश प्रसाद सिंह को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है, जिनके नाम 40 से अधिक उपाधियां हैं और उन्हें 2013 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। मीडिया के एक तबके की खबरों के अनुसार, जब सिंह विभाग के प्रमुख थे तब उन्होंने कथित तौर पर राज्य भर के पंचायत पुस्तकालयों के लिए अपने पिता द्वारा लिखी गई 20 से अधिक पुस्तकों की सिफारिश की थी। वह वर्तमान में सड़क निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में तैनात हैं। गया कॉलेज में अंग्रेजी के प्रोफेसर के पद से सेवानिवृत्त हुए जगदीश प्रसाद सिंह का इस साल की शुरुआत में निधन हो गया था। अधिकारियों के अनुसार, समिति ने उस सूची को मंजूरी दे दी थी जिसमें राज्य भर में 8,053 पंचायतों में पुस्तकालयों के लिए कुल 303 पुस्तकों की सिफारिश की गई थी और संबंधित विभाग किताबें खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा, किताबों का चयन विभिन्न हितधारक विभागों के अधिकारियों और शिक्षाविदों की एक समिति द्वारा किया गया था। उनकी सिफारिशों को पंचायती राज विभाग ने स्वीकार कर लिया था। सूची में तीन श्रेणियां शामिल थीं – साहित्य, सामान्य ज्ञान, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की किताबें। उन्होंने कहा, बाकी सूची पर कोई विवाद नहीं है।

## अजित पवार ने मंत्रियों को विभाग आवंटन पर कहा : जाहिर है, कुछ लोग नाखुश हैं

भाषा। बारामती (महाराष्ट्र)



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की अधिक संख्या और उनमें से प्रत्एक को विभाग आवंटित करने की सीमा को स्वीकार करते हुए रविवार को कहा कि कुछ सदस्य स्वाभाविक रूप से खुश नहीं हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा विभागों का आवंटन किए जाने के एक दिन बाद अजित पवार ने कहा कि लंबित परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में एक रोड शो का नेतृत्व किया और अभिनंदन कार्यक्रमों में भाग लिया। चूंकि मंत्रियों की संख्या अधिक है, इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रत्एक मंत्री को एक विभाग देना ही था। जाहिर है, कुछ लोग खुश हैं और कुछ नहीं। राज्य मंत्रिमंडल में केवल छह राज्य मंत्री शामिल हैं, जबकि बाकी 36 कैबिनेट मंत्री हैं।

## हैदराबाद में अल्लू अर्जुन के घर पर तोड़फोड़

**हैदराबाद।** उस्मानिया विश्वविद्यालय ज्वांइट एक्शन कमेटी के सदस्य होने का दावा करने वाले लोगों के एक समूह ने रविवार को यहां स्थित अल्लू अर्जुन के आवास में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के खिलाफ नारे लगाए और उस महिला को न्याय दिलाने की मांग की, जिसकी इस महीने संध्या सिनेमाघर में भगदड़ के दौरान मौत हो गई थी।इस महीने की शुरुआत में अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान यहां सिनेमाघर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बच्चा बेहोश हो गया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों के पास मौजूद एक तख्ती पर लिखा था, फिल्में बनाकर करोड़ों रुपए कमाए जा रहे है।

## अल्लू ने प्रशंसकों से जिम्मेदारी से भावनाएं व्यक्त करने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अपने खिलाफ लगे नए आरोपों के बीच रविवार को प्रशंसकों से अपील की कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी तरह की अपमानजनक टिप्पणी ना करें। हैदराबाद में चार दिसंबर को सिनेमा हॉल में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान एक महिला की मौत हो गई और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पुलिस की अनुमति न मिलने के बावजूद अर्जुन फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान थिएटर गए, हालांकि अभिनेता ने इस आरोप से इनकार किया। रविवार को, अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के लिए सावधानी बरतने की बात कही। मैं अपने सभी प्रशंसकों से हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी तरह की अपमानजनक भाषा या टिप्पणी ना करने की अपील करता हूं।

## सीतारमण ने भारत-पाक सीमा से सटे प्रसिद्ध तनोट राय माता मंदिर के किए दर्शन



भाषा। जैसलमेर

**केन्द्रीय वित्त एवं** कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे प्रसिद्ध तनोट राय माता मंदिर के दर्शन किए।सीमा सुरक्षा बल (राजस्थान) के महानिरीक्षक एम. एल. गर्ग और अन्य अधिकारियों ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया।वित्त मंत्री ने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित करके शहीदों को श्रद्धांजलि दी।सीमा सुरक्षा बल ने वित्त मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।वित्त मंत्री ने विषम परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के बहादुर जवानों से बातचीत कर हौसला अफजाई की।उन्होंने कहा की जवानों से मुलाकात करके उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है।

## नेशनल कांफ्रेस का भाजपा नीत राजग में शामिल होने की संभावना से इनकार

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में शामिल होने से इनकार किया और इस संबंध में मीडिया में प्रकाशित खबरों को निराधार बताया।नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि कुछ तथाकथित पत्रकारों द्वारा जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह करने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से यह खबर फैलाई गई जो एक सफेद झूठ के अलावा और कुछ नहीं है।वह एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। खबर में दावा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर की सत्तारूढ़ पार्टी केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा देने के बदले में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में वापसी की तैयारी कर रही है।सादिक ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में कहा, किसी के लिए भी इस तरह की निराधार अफवाहें फैलाना अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना है... मैं इस मनगढ़ंत कहानी के पीछे के व्यक्ति को चुनौती देता हूं: वह तथाकथित भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का नाम बताएं, जिनसे उमर अब्दुल्ला ने कथित तौर पर मुलाकात की थी, या फिर तुरंत अपने दावे को वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अब्दुल्ला की बैठक पूरी तरह सार्वजनिक रूप से हुई।सादिक ने कहा, रिकॉर्ड के लिए बता दूं कि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री के साथ उनकी मुलाकात मीडिया के समक्ष हुई थी।

## मैत्री बस सेवा ने कम की दिल्ली-काठमांडू के बीच की दूरी, एक वर्ष में 17,603 यात्रियों ने की यात्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की दिल्ली-काठमांडू अंतरराष्ट्रीय बस सेवा के माध्यम से अगस्त 2023 से अगस्त 2024 के बीच कुल 17,603 यात्रियों ने यात्रा की। आरटीआई आवेदन के जवाब में यह जानकारी मिली है। दिल्ली-काठमांडू मैत्री बस सेवा के नाम से जानी जाने वाली यह सेवा भारत और नेपाल के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है और यात्रियों के बीच काफी लोकप्रिय हुई है। पीटीआई के संवाददाता ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन दायर किया था, जिसके जवाब में मिली मिली जानकारी के अनुसार कुल यात्रियों में 4,782 भारतीय, 12,471 नेपाली और 350 दूसरे देशों के नागरिक थे। हर महीने औसतन 1,000 से अधिक लोग इस बस सेवा का उपयोग करते हैं, जो इसके महत्व को दर्शाता है। नवंबर 2023 में सबसे अधिक 1,611 जबकि अगस्त 2023 में सबसे कम 1,078 यात्रियों ने यात्रा की। बस सेवा के तहत।,167 किलोमीटर की दूरी तय की जाती है, जिसका किराया 2,300 रुपए है। सेवा के तहत सप्ताह में छह दिन बसें चलती है। डीटीसी बसें सोमवार, बुधवार और शुक्रवार जबकि नेपाल की मंजुश्री यातायात बसें मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को चलती हैं। डीटीसी इस मार्ग पर वॉल्वो बसों का और मंजुश्री यातायात मार्को पोलो की बसों का उपयोग करती है। डीटीसी की वेबसाइट के अनुसार, यात्रा के दौरान सीमा शुल्क जांच के लिए फिरोजाबाद, फैजाबाद, मुगलिंग और सोनौली (भारत-नेपाल सीमा) में निर्धारित स्थान हैं।

## अंतरिक्ष में फसलें कैसे उगती हैं, इसरो पीएसएलवी-सी60 मिशन के माध्यम से करेगा अध्ययन

नई दिल्ली। बाहरी अंतरिक्ष में बीज के अंकुरण का प्रदर्शन, वहां मौजूद मलबे को पकड़ने के लिए एक रोबोटिक हाथ और हरित प्रणोदन प्रणाली का परीक्षण इसरो के पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण पीओईएम-4 से संबंधित नियोजित कुछ प्रयोग हैं। साल के अंत में प्रक्षेपित होने वाला पीएसएलवी-सी60 मिशन भारत के अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने के लिए दो उपग्रहों चेज़र और टारगेट को स्थापित करेगा। पीएसएलवी कक्षीय प्रयोग मॉड्यूल (पीओईएम) अंतरिक्ष में विभिन्न प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए 24 प्रयोग करेगा। इनमें 14 प्रयोग भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की विभिन्न प्रयोगशालाओं से और प्रयोग 10 निजी विश्वविद्यालयों तथा स्टार्ट-अप से संबंधित हैं। इसरो ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा विकसित कक्षीय पादप अध्ययन के लिए कॉम्पैक्ट अनुसंधान मॉड्यूल (क्रॉप्स) के हिस्से के रूप में सक्रिय ताप नियंत्रण के साथ बंद बॉक्स जैसे वातावरण में बीज के अंकुरण और पौधे के पोषण से लेकर दो पत्ती वाले चरण तक लोबिया के आठ बीज उगाने की योजना बनाई है।

## एक साथ चुनाव संबंधी विधेयक संसद में पारित होने की संभावना नहीं: दिग्विजय

आगर मालवा (मध्य प्रदेश)। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा है कि उन्हें संसद में एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक पारित हो पाने को लेकर संशय है। सिंह ने संसद परिसर में बृहस्पतिवार को भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की किए जाने के संबंध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों को भी खारिज किया। एक राष्ट्र, एक चुनाव (ओएनओई) संबंधी दो विधेयक एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था प्रदान करते हैं और इन्हें मंगलवार को लोकसभा में तीखी बहस के बाद पेश किया गया। इनमें से एक विधेयक के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। लोकसभा ने शुक्रवार को एक साथ चुनाव संबंधी दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया। सिंह ने यहां संवाददाताओं द्वारा ओएनओई विधेयक पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, जेपीसी गठित की गई है और मुझे नहीं लगता कि यह पारित हो पाएगा। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू

**कानपुर।** कानपुर पुलिस और पिरामल फाइनेंस ने मिलकर एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते खतरे से बचाना है। जैसे-जैसे डिजिटल लेन-देन बढ़ रहे हैं, धोखाधड़ी की रणनीति भी जटिल होती जा रही है। डिजिटल लेन-देन को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति के साथए धोखेबाज भी एडवांस किस्म की रणनीति अपना रहे ह, जिससे कानपुर और उसके बाहर के लोगों के लिए सतर्क और सूचित रहना ज़रूरी हो गया है। यह जागरूकता अभियान 20 से कानपुर के विभिन्न स्थानों पर 15 दिनों तक चलेगा। इसमें जागरूकता संबंधी संदेश फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया अभियान,वीडियो, बैनर, पोस्टर और अन्य आकर्षक गतिविधियाँ शामिल होंगी। ताकि लोगों को साइबर धोखाधड़ी से खुद को बचाने के बारे में शिक्षित किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआती रवींद्र कुमार आईपीएस डीसीपी ट्रैफिक, कानपुर ने की। इस अवसर पर अखिल कुमार आईपीएस एडीजी एवं पुलिस कमिश्नर तथा अरविंद अय्यरमार्केटिंग प्रमुखए पिरामल फाइनेंस भी उपस्थित रहे। इस पहल का उद्देश्य आम साइबर खतरों के बारे में नागरिकों को शिक्षित करना, उन्हें जोखिमों को पहचाननेए निवारक उपाय अपनाने और धोखाधड़ी की प्रभावी ढंग से रिपोर्ट करने में मदद करना है। इसका उद्देश्य व्यक्तियों और परिवारों को आज की डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए आवश्यक ज्ञान से सशक्त बनाना है।

## जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को बढ़ावा देने के लिए उमर ने दक्षिण सिनेमा के महत्व पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की व्यापक रणनीति के तहत जम्मू कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के उपयोग के महत्व पर बल दिया है। मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय फिल्म निर्माताओं के साथ अधिक से अधिक जुड़ने की इच्छा भी व्यक्त की, जिनके बारे में उनका मानना है कि अब तक उनकी उपेक्षा की गई है। अब्दुल्ला ने हाल ही में पीटीआई भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमें जिन स्थानों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां पैसा है, बड़े बजट हैं, वे वास्तव में दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग हैं। अहंकार या अज्ञानता के कारण हमने अब तक जानबूझकर उनकी उपेक्षा की है। इसलिए ए वे उद्योग हैं जिनकी फिल्मों का बजट 300-400 करोड़ रुपए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि फिल्मों में जम्मू कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाया जाए तो इससे पर्यटन क्षेत्र को बहुत लाभ होगा।

## नए साल में विदेशी पर्यटकों को रिझाने के लिए तैयार आतिथ्य क्षेत्र

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय आतिथ्य** उद्योग विदेशी पर्यटकों के लिए लाल कालीन बिछाने के साथ 2025 के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। अनुमान है कि विदेशी पर्यटकों की संख्या नए साल में कोविड-19 महामारी से पहले के स्तर को पार कर जाएगी, और देश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेगी। यह क्षेत्र 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था में।,000 अरब डॉलर का योगदान करने के लिए तैयार है। क्षेत्र को हालांकि सरकार से एकीकृत लाइसेंसिंग, कार्यबल का कौशल विकास और लक्षित बुनियादी ढांचा निवेश जैसे नीतिगत हस्तक्षेप की उम्मीद भी है। भारत के दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में पैदा होने वाली मांग को पूरा करने के लिए यह जरूरी है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने पीटीआई-भाषा से कहा, भारत का लक्ष्य 2047 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है और आतिथ्य क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अर्थव्यवस्था पर इस क्षेत्र का विनिर्माण और कृषि से कहीं अधिक गुणक प्रभाव है। उन्होंने आतिथ्य उद्योग के भविष्य को आशाजनक बताते हुए कहा कि होटल के कमरे अधिक भरे रहने और प्रति कमरा अधिक आय की उम्मीद है। इसी तरह की उम्मीद जताते हुए इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने कहा कि आतिथ्य क्षेत्र में मांग में उछाल जारी रहेगी। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि 2025 में भारत के आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्रों के लिए संभावनाएं बहुत आशाजनक हैं। उन्होंने कहा, देखो अपना देश जैसी पहलों और स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत बुनियादी ढांचे में सुधार से घरेलू पर्यटन में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा, देश में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या 1.7 करोड़ को पार कर सकती है, जिससे 36 अरब डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा मिलेगी।

### बदल रहे हैं शादियों के ट्रेंड्स

नई दिल्ली। भारत में शादी करने के तौर-तरीकों में बदलाव देखा जा रहा है। विंधम होटल्स एंड रिसॉर्ट्सद्वारा जारी एक नई रिपोर्ट में भारतीय शादी की योजनाओं में हो रहे दिलचस्प बदलावों का खुलासा किया गया है। बदलावसंबंधी यह रिपोर्ट हाल ही में सगाई या शादी कर चुके 1,000 लोगों के सर्वेक्षण पर आधारित हैए जिसमें बताया गया है कि गोवा, उदयपुर और जयपुर जैसी जगहें अब भी शादी के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्य स्थान बनी हुई हैं। दूसरी तरफ, दार्जिलिंग, अमृतसर, मसूरी और देहरादून जैसे सुंदर और शांत स्थान भी तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। ये जगहें अपनी प्राकृतिक खूबसूरती और अनोखेपन के कारण कपल्स युगलों, को आकर्षित कर रही हैं। यह बदलाव इस बात को दर्शाता है कि आज के युगल अपने खास दिन को पारंपरिक तरीकों से अलग हटकर और भी ज्यादा निजीए यादगार और खास बनाना चाहते हैं। इस रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि आज की शादियों में परिवार और दोस्तों के साथ स्थायी यादें बनाने पर खास ध्यान दिया जा रहा है। बड़ी और कई दिनों तक चलने वाली शादियों का चलन फिर से लौटता हुआ दिख रहा है। युवा पीढ़ीए खासकर नई पीढ़ी ;ज़ेन ज़ीद्धए अपनी शादी में बजट का ध्यान रखते हुए भी भव्यता का एक अच्छा संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। वे शादी की योजना बनाते समय व्यावहारिक दृष्टिकोण अपना रहे हैं। यह बदलाव दिखाता है कि लोग अब प्रामाणिक और अपनी जरूरतों के अनुसार अनोखे समारोहों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ये समारोह न केवल परंपराओं का सम्मान करते हैं, बल्कि स्थिरता और नई तकनीकों जैसे आधुनिक पहलुओं को भी अपना रहे हैं। देश भर में लगभग 60 होटलों और कई खूबसूरत जगहों पर मौजूदगी के साथए विंधम होटल्स एंड रिसॉर्ट्स हर शादी के लिए उपयुक्त स्थान, उसकी भव्यता,व्यापकता और बजट के अनुसार शानदार व्यवस्था प्रदान करता है। पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुएए विंधम शादी के बदलते रुझानों को समझने और उन्हें बेहतर बनाने के लिए तत्पर है। यह जोड़ों को उनके खास दिन को यादगार बनाने के लिए हर संभव सुविधा और सेवा प्रदान करता है।

# कुवैत में पीएम मोदी से मिले प्रभावशाली लोग

भाषा। कुवैत सिटी



**कुवैत में पहले** लाइसेंस प्राप्त योग स्टूडियो दारात्मा की संस्थापक और योग की शौकीन शेखा एजे अल-सबा और खाड़ी देश के अन्य प्रभावशाली लोगों ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। कुवैत हेरिटेज सोसायटी के अध्यक्षफहद गाजी अलअब्दुलजलील ने भी मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने दुर्लभ पांडुलिपियों और कलाकृतियों के संरक्षण में उनके काम की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, कुवैत में शेखा एजे अल-सबा से मुलाकात हुई। उन्होंने योग और फिटनेस के प्रति अपने जुनून के लिए पहचान बनाई है। उन्होंने अपना योग और वेलनेस स्टूडियो स्थापित किया है, जो कुवैत में काफी लोकप्रिय है। हमने युवाओं के बीच योग को और अधिक लोकप्रिय बनाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि शेखा एजे अल-सबा एक उत्साही योग साधक हैं और कुवैत में पहले लाइसेंस प्राप्त योग स्टूडियो दारात्मा की संस्थापक हैं। जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री और शेखा एजे ने ध्यान और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और भारत-कुवैत के लोगों के बीच आपसी संपर्क को गहरा करने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। कुवैत हेरिटेज सोसाइटी के अध्यक्ष अलअब्दुलजलील ने भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कुवैत और भारत से संबंधित दुर्लभ पांडुलिपियों और कलाकृतियों को संरक्षित करने और भारत-कुवैत ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने में उनके काम की सराहना की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुवैत में फहद गाजी अलअब्दुलजलील से मुलाकात हुई, जो संस्कृति और इतिहास के प्रति अपने जुनून के लिए प्रख्यात हैं। उनका भारत से भी संबंध है, उनके पूर्वजों का सूरत, मुंबई और कोझिकोड से संबंध रहा है। प्रधानमंत्री मोदी कुवैत की अपनी दो दिवसीय सफल यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को स्वदेश रवाना हो गए।

## प्रधानमंत्री को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया

कुवैत सिटी। कुवैत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से रविवार को सम्मानित किया। भारत और कुवैत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मोदी को इस सम्मान से नवाजा गया है।कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्रधानमंत्री मोदी को इस सम्मान से नवाजा।मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा द्वारा मुबारक अल-कबीर ऑर्डर से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। मैं यह सम्मान भारत की जनता तथा भारत और कुवैत के बीच मजबूत दोस्ती को समर्पित करता हूं। द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर कुवैत का एक नाइटहुड ऑर्डर है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मुबारक अल-कबीर सम्मान प्रदान किया जाना सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सम्मान खाड़ी क्षेत्र के साथ संबंधों को मजबूत करने में प्रधानमंत्री की दृढ़ प्रतिबद्धता और नेतृत्व की मान्यता देता है। यह भारत-कुवैत के ऐतिहासिक संबंधों और लोगों के बीच संबंधों की गहराई को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच दीर्घकालिक मैत्री, कुवैत में भारतीय समुदाय और भारत के 1.4 अरब लोगों को समर्पित किया है। इसने कहा गया, 43 वर्षों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की कुवैत की इस ऐतिहासिक यात्रा पर यह सम्मान प्रदान किया जाना इस अवसर के विशेष महत्व प्रदान करता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में इसे भारत-कुवैत की दीर्घकालिक मित्रता का प्रमाण बताया।

# यूक्रेन ने ड्रोन से रूसी ईंधन डिपो को दूसरी बार बनाया निशाना

भाषा। कीव

**यूक्रेन** ने रविवार को ड्रोन के जरिए रूस के एक प्रमुख ईंधन डिपो को निशाना बनाया। रूस के एक वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। यूक्रेन द्वारा ड्रोन के जरिए रूसी ईंधन डिपो को निशाना बनाए जाने की यह घटना एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में दूसरी बार हुई।अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमला ईंधन और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों पर सीमा पार से किए जाने वाले हमलों का हिस्सा था, जिसके बारे में कीव का कहना है कि ए ठिकाने मॉस्को की सेना को आपूर्ति करते हैं। रूस ने यूक्रेन के पहले से ही क्षतिग्रस्त ऊर्जा ग्रिड पर व्यापक हमले किए थे, जिसके कुछ दिनों बाद यूक्रेन ने यह ड्रोन हमला किया। यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर हमले के कारण हजारों घरों के



अंधेरे में डूबने का खतरा पैदा हो गया क्योंकि सर्दी धीरे-धीरे बढ़ रही है और रूस का अपने पड़ोसी देश पर पूर्ण आक्रमण करीब तीन वर्ष पूरे करने के करीब है।स्थानीय गवर्नर एंड्री क्लिचकोव ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में बताया कि रूस के दक्षिणी ओरयोल क्षेत्र में स्टालनोय कोन तेल टर्मिनल में आग लग गई।उन्होंने बताया कि रूसी सेना ने प्रांत में ईंधन और ऊर्जा सुविधा केंद्रों को निशाना बनाकर हमला करने वाले 20 ड्रोन को मार गिराया। रूस की स्वतंत्र समाचार एजेंसी एस्ट्रा ने विस्फोट का वीडियो साझा किया, जिसमें रात के समय आसमान में आग की लपटें दिखाई दे रही थी।उक्त वीडियो को सत्यापित नहीं किया जा सका लेकिन बाद में इसे यूक्रेन के एक सुरक्षा अधिकारी ने साझा किया।यूक्रेन के अधिकारी ने इसे ओरयोल का वीडियो फुटेज बताया।स्थानीय गवर्नर क्लिचकोव ने बताया कि आग पर कुछ घंटों बाद काबू पा लिया गया और इससे कोई हताहत या महत्वपूर्ण क्षति नहीं हुई। यूक्रेन की सेना ने पहले दावा किया था कि 14 दिसंबर को स्टालनोय कोन टर्मिनल पर ड्रोन से हमला किया गया था, जिससे भीषण आग लग गई थी।

## तुर्किए में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त चार की मौत

मुगला (तुर्की)। दक्षिण-पूर्वी तुर्किए में रविवार सुबह एक एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हादसे के वक्त हेलीकॉप्टर में दो पायलट, एक चिकित्सक और एक स्वास्थ्यकर्मी सवार थे। उन्होंने बताया कि ए सभी मुगला शहर से पड़ोसी प्रांत अंताल्या में एक मरीज को ले जाने के लिए उड़ान भर रहे थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर जिस अस्पताल से उड़ान भर रहा था उसकी इमारत से टकराकर पास के एक खेत में जा गिरा। मुगला के गवर्नर इदरीस अक्बीईक ने बताया कि उड़ान के समय घना कोहरा था और अधिकारी घटना की जांच कर रहे है।

## नाइजीरिया में भगदड़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हुई

अबुजा। नाइजीरिया में क्रिसमस के दो कार्यक्रमों में दान एवं खाद्य सामग्री वितरण के दौरान भगदड़ मे मरने वालो की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि खाद्य सामग्री लेने के लिए अचानक भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ मचने से कई लोग गिर गए, जिससे कई लोगों की मौत हो गई। पुलिस के प्रवक्ता तोचुकु इकेंगा ने बताया कि पहली घटना दक्षिण-पूर्वी अनम्ब्रा राज्य के ओकिजा शहर में हुई, जहां 22 लोगों की मौत हो गई। क्रिसमस के अवसर पर ओकिजा मे एक परोपकारी व्यक्ति ने भोजन वितरण का आयोजन किया था, इसी दौरान भीड़ में भगदड़ मच गई। इसके अलावा, राजधानी अबुजा मे एक गिरजाघर ने भोजन और कपड़ो के वितरण के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इस दौरान भगदड़ मचने से हुए हादसे मे दस लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

## ब्राजील : बस और ट्रक की टक्कर में 38 लोगों की मौत

साओ पाउलो। दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य मे एक राजमार्ग पर बस और ट्रक की टक्कर मे 38 लोगो की मौत हो गई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। मिनास गेरैस अग्निशमन विभाग ने बताया कि शनिवार सुबह हुए इस हादसे मे घायल 13 अन्य लोगो को टियोफिलो ओटोनी शहर के पास के अस्पतालो मे ले जाया गया। बताया जा रहा है कि बस साओ पाउलो से चली थी और उसमे 45 यात्री सवार थे। अधिकारियो ने कहा कि जांच के बाद ही दुर्घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा। प्रत्यक्षदर्शियो ने बचाव दल को बताया कि बस का टायर फटने से बस अनियंत्रित हो गई और एक ट्रक से टकरा गई। हादसे के दौरान एक कार भी उस बस से टकरा गई, कार मे तीन यात्री सवार थे और तीनो की जान बच गई। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने घटना पर शोक व्यक्त किया। उन्होने शनिवार को एक बयान जारी करके कहा , मुझे बेहद अफसोस है और मै दुर्घटना मे मारे गए लोगो के परिजनो के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

## ब्रिटेन में हत्या के आरोपी लांबा के परिवार ने अच्छा लड़का करार दिया : रिपोर्ट

लंदन। ब्रिटेन मे अपनी 24 वर्षीय पत्नी हर्षिता ब्रेला की हत्या के लिए वांछित पंकज लांबा के भारत मे रहने वाले परिवार ने घटना पर दुख व्यक्त किया है, क्योकि दंपति साथ मे खुश दिखते थे। दिल्ली के पास धरौली गांव मे द संडे टाइम्स को दिए एक साक्षात्कार मे लांबा की मां सुनील ने अपने बेटे को एक अच्छा लड़का और ब्रेला को एक आदर्श बहू बताया। लांबा (23) ब्रिटेन मे वांछित है। आरोप है कि लांबा ने नॉर्थम्पटनशायर के कॉर्बी स्थित अपने घर मे पत्नी की हत्या की और फिर शव कार मे रखकर लंदन मे ठिकाने लगाया। पिछले महीने ब्रेला का शव लंदन मे एक कार की डिग्गी से बरामद हुआ था। ऐसा माना जाता है कि वह भारत भाग गया है।

## लेबनान के प्रमुख राजनेता सीरिया पहुंचे, असद के बाद बिगड़े संबंधों में सुधार की उम्मीद

भाषा। बेरूत

**लेबनान के** एक प्रमुख राजनेता ने रविवार को विद्रोहियों से बातचीत की और दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों के एक नए युग की उम्मीद जताई। सीरिया में विद्रोहियों द्वारा तख्तापलट कर राष्ट्रपति बशर असद को सरकार से बाहर करने के बाद लेबनान के किसी प्रमुख राजनेता का यह पहला दौरा है। द्रूज नेता वालिद जम्ब्लैट लेबनान में सीरिया की भागीदारी के लंबे समय से आलोचक रहे थे और उन्होंने दशकों पहले अपने पिता की हत्या के लिए असद के पिता व पूर्व राष्ट्रपति हाफिज असद को दोषी ठहराया था। असद परिवार के 54 वर्ष के शासन के खत्म होने के बाद से सीरिया का दौरा करने वाले जम्ब्लैट प्रमुख लेबनानी राजनेता हैं। उन्होंने अहमद अल-शरा के साथ बातचीत की। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-गोलानी के नाम से जाना जाता था और जिसने सुन्नी इस्लामिक विद्रोहियों का नेतृत्व किया था। इस विद्रोही गुट ने इस महीने की शुरुआत में दमिश्क में प्रवेश किया और असद को सत्ता से बाहर कर दिया।

# गाजा में इजराइली हमलों में 22 लोगों की मौत



भाषा। दीर अल-बला (गाजा पट्टी)

**गाजा पट्टी में** रविवार को इजराइली हमलों में पांच बच्चों समेत कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। फलस्तीनी चिकित्सा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, इजराइली अधिकारियों ने कैथोलिक चर्च के पादरी कार्डिनल पियरबटिस्टा पिज्जाबल्ला को गाजा में प्रवेश करने और क्षेत्र के ईसाई समुदाय के सदस्यों के साथ क्रिसमस पूर्व प्रार्थना सभा आयोजित करने की अनुमति दे दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा शहर में विस्थापितों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने वहां शरण लिए हमास आतंकवादियों को निशाना बनाया। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, शनिवार देर रात दीर अल-बला में एक घर पर हुए हमले में तीन महिलाओं और दो बच्चों समेत आठ लोग मारे गए। अलग-अलग हमलों में छह और लोगों की मौत हो गई। हमास के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल गाजा में रोजाना हमले कर रहा है। इजराइल का कहना है कि वह सिर्फ आतंकियों को निशाना बनाता है लेकिन बमबारी में अक्सर महिलाएं और बच्चे मारे जाते हैं। वेटिकन के दूत ने गाजा के ईसाइयों के साथ सामूहिक प्रार्थना की। गाजा शहर के होली फैमिली चर्च में कई श्रद्धालु एकत्रित हुए जब पिज्जाबल्ला और अन्य पादरी प्रार्थना कर रहे थे। क्रिसमस ट्री को रोशनी से सजाया गया। युद्ध के दौरान गाजा में सर्वत्र सुनाई देने वाली ध्वनि, ऊपर से चक्कर लगाते इजराइली ड्रोन की गूंज पूरे प्रार्थना सभा के दौरान सुनी जा सकती थी। पिज्जाबल्ला की गाजा की यह दुर्लभ यात्रा पोप फ्रांसिस द्वारा गाजा में इजराइल की कार्वाई की फिर से आलोचना करने के एक दिन बाद हुई है। फ्रांसिस ने शनिवार को कहा था कि इजराइली बमबारी के कारण उनके दूत गाजा में प्रवेश करने में असमर्थ हैं। पोप ने हाल में यह निर्धारित करने के लिए जांच का आह्वान किया कि क्या गाजा में इजराइल की कार्वाई नरसंहार है। एमनेस्टी इंटरनेशनल और ह्यूमन राइट्स वॉच ने इजराइल की कार्वाई की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ लगाए गए नरसंहार के आरोपों की जांच कर रहा है।

## गाजा में सर्दी का कहर, कई फलस्तीनियों के पास ठंड से बचने के लिए बहुत कम साधन

खान यूनिस (गाजा पट्टी)। गाजा मे इन दिनों सर्दी पड़ रही है और इजराइल से 14 महीने से जारी युद्ध के कारण विस्थापित हुए लगभग 20 लाख लोगो मे से कई लोग खुद को हवा, ठंड और बारिश से बचाने के लिए संघर्ष कर रहे है। सहायता कर्मियो और निवासियो के अनुसार, कंबलों और गर्म कपड़ो की कमी है, अलाव के लिए लकड़ी बहुत कम है और जिन तंबुओं व तिरपालों मे परिवार रह रहे है, वे महीनां से जारी उपयोग के कारण बहुत ही खस्ताहाल हो गए है। दक्षिणी शहर रफह से विस्थापित हुईं शादिया अयादा के पास अपने आठ बच्चों को खस्ताहाल तंबू के अंदर ठंड से बचाने के लिए केवल एक कंबल और एक गर्म पानी की बोतल है। उन्होंने कहा, जब भी हमें पता चलता है कि बारिश और तेज हवा का पूर्वानुमान है, तो हम डर जाते हैं क्योंकि हमारे तंबू हवा से उड़ जाते है। रात के समय तापमान आम तौर पर पांच से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, इसलिए अयादा को डर है कि उनके बच्चे गर्म कपड़ो के बिना बीमार पड़ जाएंगे। अयादा ने कहा कि जब वे अपना घर छोड़कर आए थे, तो उनके बच्चो के पास केवल गर्मियो के कपड़े थे। उन्होने कहा कि उन्हें रिश्तेदारों और दोस्तों से कुछ गर्म कपड़े उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उत्तरी गाजा से अपने परिवार के साथ विस्थापित हुईं 50 वर्षीय रिदा अबू जरादा ने बताया कि लोग तंबू के अंदर बच्चो को गोद मे लेकर सोते है ताकि उन्हें गर्म रखा जा सके।

# कांगो में बुसिरा नदी में नौका पलटने से 38 लोगों की मौत, 100 से अधिक लापता

भाषा। किंशासा

**कांगो में क्रिसमस** मनाने के लिए घर लौट रहे लोगों से भरी एक नौका के शुक्रवार देर रात बुसिरा नदी में पलट जाने से 38 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। नौका पलटने की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब करीब चार दिन पहले ही देश के उत्तर-पूर्व में एक अन्य नाव के डूबने से 25 लोग मारे गए थे। नौका पलटने की हालिया घटना में अब तक 20 लोगों को बचाए जाने की पुष्टि हुई



है। दुर्घटनास्थल के पास स्थित इंगेंडे शहर के मेयर जोसफ जोसफ कांगोलिंगोली ने बताया कि नौका कांगो के उत्तर-पूर्व में जलक्षेत्र में थी और इसमें अधिकतर वे व्यापारी सवार थे जो क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे थे। इंगेंडे के निवासी एनडोलो कैडी ने बताया कि नौका में 400 से अधिक लोग सवार थे और यह नौका बोएंडे के रास्ते में पड़ने वाले दो बंदरगाहों इंगेंडे और लूलो से होकर गुजरी थी, इसलिए ऐसा लगता है कि मृतक संख्या अधिक होगी। कांगो के अधिकारी नौकाओं में क्षमता से अधिक लोगों को ले जाने के खिलाफ अक्सर चेतावनी जारी करते हैं और जल परिवहन संबंधी सुरक्षा उपायों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करते हैं लेकिन दूरदराज के इलाकों से आने वाले अधिकतर यात्री सड़क मार्ग से यात्रा करने का खर्च वहन नहीं कर सकते। अक्टूबर में देश के पूर्वी भाग में क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जा रही एक नाव के डूब जाने से कम से कम 78 लोग मारे गए थे ।

# अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत ने लड़ाकू विमान को गलती से मार गिराया, दोनों पायलट सुरक्षित

भाषा। दुबई

**अमेरिकी नौसेना** के एक युद्धपोत ने गलती से एफए-18 लड़ाकू विमान को मार गिराया जिसमें दो पायलट सवार थे। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि ए दोनों पायलट जीवित हैं और उनमें से एक पायलट को मामूली चोटें आई हैं लेकिन यह घटना इस बात को रेखांकित करती है कि इस क्षेत्र में अमेरिकी और यूरोपीय सैन्य गठबंधन की गश्त के बावजूद हूती विद्रोहियों की ओर से पोतों पर लगातार हमलों के कारण लाल सागर गलियारा कितना खतरनाक हो गया है। लड़ाकू विमान को मार गिराने की यह घटना उस समय हुई जब अमेरिकी सेना ने यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए थे। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने यह नहीं बताया कि यह घटना किस मिशन के दौरान हुई। मध्य कमान ने एक बयान में कहा, निर्दिष्ट मिसाइल युद्धपोत यूएसएस गेटीसबर्ग यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इस युद्धपोत ने एफए-18 पर गलती से गोलाबारी की और उसे मार गिराया।

# अमेरिका आग से खेल रहा है : ताइवान को नवीनतम सैन्य मदद पर चीन ने कहा

**बीजिंग।** चीन सरकार ने अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य बिक्री और सहयोग देने की नई घोषणाएं किए जाने के बाद रविवार को विरोध जताया और अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह आग से खेल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को रक्षा से जुड़े साजो सामान और सेवाओं तथा ताइवान के लिए सैन्य शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए 57 करोड़ 10 लाख डॉलर तक के प्रावधान को मंजूरी दी। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सैन्य बिक्री के लिए 29 करोड़ 50 लाख अमरेकी डॉलर की मंजूरी दी गई है। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान में अमेरिका से ताइवान को हथियार देना बंद करने और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता को कमजोर करने वाले खतरनाक कदम को रोकने का आग्रह किया गया। ताइवान एक लोकतांत्रिक द्वीप है जिस पर चीन सरकार अपना दावा करती है।

## अल्बानिया ने टिकटॉक को एक साल के लिए बंद किया

**तिराना ( अल्बानिया )।** अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने वीडियो सेवा टिकटॉक पर खासकर बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए उसे एक साल के लिए बंद किए जाने की शनिवार को घोषणा की। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ ।,300 बैठक कीं। प्रधानमंत्री एडी रामा ने शिक्षकों और अभिभावकों के साथ एक बैठक में कहा कि टिकटॉक सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा... अल्बानिया गणराज्य में टिकटॉक उपलब्ध नहीं होगा। रामा ने कहा कि यह फैसला अगले साल से लागू होगा। वहीं टिकटॉक ने चाकू घोंपने वाले किशोर के मामले पर अल्बानिया सरकार से तत्काल स्पष्ट जानकारी मुहैया कराने को कहा है। कंपनी ने कहा कि उसे इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि अपराधी या पीड़ित का टिकटॉक अकाउंट था और कई रिपोर्ट ने वास्तव में पुष्टि की है कि इस घटना से जुड़े वीडियो टिकटॉक पर नहीं बल्कि किसी अन्य मंच पर साझा किए गए थे। स्थानीय शोधकर्ताओं के अनुसार देश में टिकटॉक इस्तेमाल करने वालों में बच्चों की संख्या सबसे अधिक है।

# बलगम का रंग बता देगा रोग प्रतिरोधक क्षमता

भाषा। यॉर्क (ब्रिटेन)

**क्या आपने** कभी सोचा है कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके बलगम का रंग अलग क्यों होता है? शायद आप यह सवाल पूछने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं। वास्तव में कई कारण हैं कि जब आप बीमार होते हैं तो आपके नाक के बलगम का रंग बदल जाता है। नाक के बलगम का रंग और गाढ़ापन आपकी रोग प्रतिरोध प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दे सकता है, और यह भी बता सकता है कि आपका शरीर बीमारियों के प्रति कैसे प्रतिक्रिया करता है। बलगम हमारे नाक के मार्ग में स्थित ऊतकों द्वारा निर्मित होता है। अक्सर इसे केवल एक दिक्कत के रूप में देखा जाता है, लेकिन बलगम एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। असल में यह एक सुरक्षात्मक अवरोधक के रूप में कार्य करता है, जो धूल, किटाणु, वायरस और अन्य कणों को श्वसन प्रणाली के गहरे भागों तक पहुंचने से रोकता है। हमारे नाक के बलगम में मौजूद लाइसोजाइम और लैक्टोफेरिन जैसे एंजाइम में रोगाणुरोधी गुण भी होते हैं। वे किटाणु की कोशिका को तोड़ते हैं और किटाणु



के विकास को सीमित करने में मदद करते हैं। यह सुरक्षात्मक भूमिका बलगम को प्रतिरोधक की एक महत्वपूर्ण रेखा बनाती है, ऐसे समय में भी जब हम अस्वस्थ न हों। हमारे नाक के मार्ग के ऊतकों द्वारा बलगम उत्पादन की निरंतर प्रक्रिया शरीर की प्राकृतिक रक्षा तंत्र की क्रियाशीलता का उदाहरण है। यहां बताया गया है कि आपके बलगम के कई रंग आपके स्वास्थ्य के बारे में क्या कहते हैं : साफ बलगम : यह स्वस्थ नाक के लिए आधार रेखा है। यह ज्यादातर पानी है, प्रोटीन, लवण और कोशिकाओं के साथ मिलकर नाक के मार्ग को नम रखता है और कणों के लिए अवरोध बनता है। एलर्जी और वायरल संक्रमण के शुरुआती दिनों में साफ बलगम का अत्यधिक उत्पादन हो सकता है। यह तब भी हो सकता है जब आपका शरीर रोगजनकों के प्रति प्रतिक्रिया करता है। सफेद बलगम : ए अक्सर श्वास नली के अवरुद्ध होने का संकेत होता है। नाक के ऊतकों में सूजन बलगम के प्रवाह को धीमा कर देती है, जिससे यह गाढ़ा हो जाता है। यह आमतौर पर सर्दी जैसे संक्रमण की शुरुआत का संकेत देता है, क्योंकि आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली सक्रिय होना शुरू कर देती है। पीला बलगम : ए दर्शाता है कि आपका रोग प्रतिरक्षा तंत्र सक्रिय रूप से संक्रमण से लड़ रहा है। संक्रमण पर हमला करने के लिए भेजी गई श्वेत रक्त कोशिकाएं मर जाती हैं और ऐसे एंजाइम छोड़ती हैं जो बलगम को पीला रंग देते हैं। हरा बलगम : ए तीव्र प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप होता है। हरा रंग मायलोपेरोक्सीडेज नामक एंजाइम से आता है, जो न्यूट्रोफिल (एक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिका) द्वारा निर्मित होता है। यह एंजाइम एक विशिष्ट अणु उत्पन्न करता है जो रोगजनकों को नष्ट करता है। लाल या गुलाबी रंग : बलगम का गुलाबी या लाल रंग का होने का मतलब है कि उसमें खून मौजूद है। ऐसा अक्सर तब होता है जब नाक के ऊतक सूख जाते हैं या क्षतिग्रस्त होते हैं। काला बलगम : यह दुर्लभ है और यह गंभीर समस्याओं का संकेत हो सकता है।

## चीनी सेना ने पेंटागन रिपोर्ट की निंदा की

**बीजिंग।** चीनी सेना ने पेंटागन की हाल की उस रिपोर्ट की निंदा की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि भ्रष्टाचार के कारण पीएलए का आधुनिकीकरण बाधित हो रहा है। रिपोर्ट में चीनी सेना की निंदा की गई है तथा चीन द्वारा उत्पन्न सैन्य खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। हाल ही में जारी की गई अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चीनी रक्षा मंत्रालय ने वाशिंगटन पर पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के खिलाफ झूठा विमर्श गढ़ने का आरोप लगाया। रक्षा प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने शनिवार को कहा कि रिपोर्ट में चीन की रक्षा नीतियों की गलत ढंग से व्याख्या की गई है, चीन की सैन्य क्षमता विकास के बारे में अटकलें लगाई गई हैं, चीन के घरेलू मामलों में खुलेआम हस्तक्षेप किया गया है, चीनी सेना की निंदा की गई है और चीन द्वारा उत्पन्न तथाकथित सैन्य खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने झांग के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन इन सभी बयानों की कड़ी निंदा करता है और इनका दृढ़ता से विरोध करता है। झांग ने कहा कि 20 वर्षों से अधिक समय से अमेरिका साल-दर-साल ऐसी भ्रामक रिपोर्टें प्रकाशित करता रहा है। उन्होंने कहा, हम अमेरिका से आग्रह करते हैं कि वह झूठा विमर्श गढ़ना बंद करे, चीन के बारे में गलत धारणा रखना बंद करे तथा द्विपक्षीय और सैन्य संबंधों को स्थिर बनाने के लिए प्रयास करे। चीन के परमाणु हथियारों को लेकर झांग ने कहा कि इसका उद्देश्य देश की सुरक्षा करना है। लेकिन अमेरिका, जिसके पास दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत परमाणु शस्त्रागार है, परमाणु हथियारों के पहले इस्तेमाल की नीति पर अड़ा हुआ है, जिससे अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई की कि अमेरिका चीन और चीनी सेना के प्रति अधिक सकारात्मक और तर्कसंगत रवैया अपनाएगा तथा चीनी और अमेरिकी सेनाओं के बीच ऐसे संबंध बनाएगा, जिसमें संघर्ष या टकराव शामिल न हो, बल्कि खुलेपन, व्यावहारिकता और सहयोग को बढ़ावा मिले। पेंटागन की 165 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट में चीनी सैन्य आधुनिकीकरण समेत कई मुद्दों का जिक्र किया गया है तथा कहा गया है कि भ्रष्टाचार चीन के आधुनिकीकरण को प्रभावित कर रहा है।

## ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने देशों की सूची में चीन को ऊपर रखा जाना चाहिए:प्रीति पटेल

**लंदन।** ब्रिटेन की छाया विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने रविवार को कहा कि चीन को उन देशों की सूची में ऊपर रखा जाना चाहिए जो ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। केमी बेडेनोच के नेतृत्व वाली विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी की भारतीय मूल की अग्रणी सदस्य पटेल (52) ने उस हाल के स्कैंडल का भी उल्लेख किया, जो एक कथित चीनी जासूस को महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू के माध्यम से बकिंघम पैलेस के हलकों तक पहुंच प्राप्त होने से संबंधित है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा पर चीन के साथ व्यापार संबंधों को प्राथमिकता देने के लिए लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और उनके मंत्रिमंडल पर निशाना साधा। प्रीति पटेल ने द संडे टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह स्पष्ट रूप से जटिल विधान है, लेकिन चीन हमेशा इसमें ऊपर रहना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन को प्रस्तावित विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना में रखा जाना चाहिए। यह सूची इस तरह से प्रस्तावित की गई है कि विदेशी शक्तियों के लिए काम करने वाले सभी लोगों को किसी भी सुरक्षा जोखिम से बचने के लिए इसका खुलासा करना चाहिए कि वे किसके लिए लॉबिंग करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा मुकाबला एक असाधारण शासन से है, जिसने एक दशक से अधिक समय से, काफी स्पष्ट रूप से, राष्ट्रीय सुरक्षा, बौद्धिक संपदा, साइबर गतिविधि और गलत सूचना के माध्यम से हमारे देश में सभी प्रकार की घुसपैठ की है। कोविड अवधि के दौरान, गलत सूचना, दुष्प्रचार, उल्लेखनीय थे। और फिर, निश्चित रूप से जासूस हैं। पूर्व गृह मंत्री पटेल ने कहा कि वह चीनी वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म टिकटॉक को लेकर संशय में हैं और ब्रिटेन में इस पर प्रतिबंध लगाने में अमेरिका के साथ शामिल होने पर विचार करना चाहेंगी।

## जर्मन अधिकारियों को पिछले वर्ष मिली थी क्रिसमस बाजार पर हमले की गुप्त जानकारी

**मैगडेबर्ग।** जर्मन अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पिछले वर्ष ही मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में संदिग्ध द्वारा कार हमले के बारे में सूचना मिल गई थी।शुक्रवार शाम को हुए हमले में पांच लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद अधिकारी रविवार को मामले के बारे में अधिक जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं।अधिकारियों ने संदिग्ध की पहचान एक सऊदी चिकित्सक के रूप में की है, जो वर्ष 2006 में जर्मनी आया था और उसे स्थाई निवास की अनुमति मिली थी।पुलिस ने गोपनीयता नियमों का हवाला देते हुए संदिग्ध का नाम सार्वजनिक नहीं किया लेकिन कुछ जर्मन समाचार मंचों ने उसकी पहचान तालेब ए के रूप में की और बताया है कि वह मनोरोग और मनोचिकित्सा का विशेषज्ञ है।संघीय आपराधिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख होल्गर मंच ने शनिवार को जर्मन प्रसारक जेडडीएफ को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि उनके कार्यालय को नवंबर 2023 में सऊदी अरब से गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने मामले में उचित जांच शुरू की थी।मंच ने बताया, उस व्यक्ति (संदिग्ध) ने इंटरनेट पर भी बड़ी संख्या में पोस्ट प्रकाशित किए थे। उसने विभिन्न अधिकारियों से संपर्क भी किया, उनका अपमान किया और यहां तक कि धमकियां भी दीं। हालांकि, उसे हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने के लिए नहीं जाना जाता था। उन्होंने बताया कि धमकियां हालांकि अस्पष्ट साबित हुईं थी।प्रवासन और शरणार्थियों के संघीय कार्यालय ने भी रविवार को एक्स पर बताया कि उसे पिछले वर्ष गर्मियों के अंत में संदिग्ध के बारे में एक सूचना मिली थी। कार्यालय ने बताया, इसे गंभीरता से लिया गया। लेकिन हमने पाया कि जांच का जिम्मा हमारा नहीं है इसलिए जानकारी को संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया। सैक्सोनी-एनहाल्ट राज्य की राजधानी मैगडेबर्ग में पुलिस ने रविवार को बताया कि मरने वालों में 45, 52, 67 और 75 वर्ष की चार महिलाएं तथा नौ वर्षीय एक लड़का शामिल हैं।अधिकारियों ने बताया कि हमले में 200 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 41 व्यक्तियों की हालत गंभीर है।

